आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

दावोस से यूपी के लिए ऐतिहासिक निवेश, ग्रेटर नोएडा में बनेगा 1...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 21 जनवरी, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 101

www.janexpresslive.com/epaper

वडोदरा में आप का बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन... 12

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 की पाबंदियों को हटाया गया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए लागू किया गया ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा चरण हटा दिया गया है। यह निर्णय वायु गुणवत्ता में छोड़ा सुधार और प्रदूषण के स्तर के कम होने के बाद लिया गया है। ग्रेप चार को हटाने का मतलब है कि निर्माण गतिविधियों, ट्रकों के प्रवेश और अन्य संबंधित प्रतिबंधों में ढील दी जाएगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।



### निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर क्या रोक लगी है?

- ग्रेप-3 के तहत कई गैर-जरूरी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।
- गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे।
- स्टोन क्रशिंग और खनन गतिविधियों पर भी रोक रहेगी।

### वाहनों पर कौन-सी पाबंदियां लागू होंगी?

- दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में पुराने वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।
- BS-III पेट्रोल और BS-IV डीजल चारपहिया वाहनों पर रोक।
- यह पाबंदी दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में भी लागू होगी।
- पुराने डीजल मालवाहक वाहनों की दिल्ली में एंट्री भी प्रतिबंधित कर दी गई है।

### नवंबर 2025 में ग्रैप नियमों में क्या बदलाव किए गए थे?

- नवंबर 2025 में CAQM ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रैप नियमों को और सख्त किया था।
- अब कई प्रतिबंध पहले की तुलना में पहले ही स्टेज पर लागू हो जाते हैं।
- जो उपाय पहले स्टेज II (AQI 201-300) में लागू होते थे, वे अब स्टेज I में ही लागू हो रहे हैं।
- स्टेज III (AQI 301-400) के कुछ उपायों को स्टेज II में शिफ्ट किया गया।
- वहीं, जो पाबंदियां पहले सिर्फ स्टेज IV (गंभीर+) में थीं, वे अब स्टेज III में लागू की जा रही हैं।
- यह बदलाव दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अधिक आक्रामक रणनीति को दर्शाता है।

### ग्रैप क्या है और इसे कब लागू किया गया था?

ग्रैप को पहली बार 2017 में पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था। यह योजना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत गठित एनवायरनमेंट पॉल्यूशन (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल) अथॉरिटी के माध्यम से लागू की जाती है।

**संभावित प्रभाव और आगे की राह**

ग्रेप चार हटने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, खासकर निर्माण क्षेत्र में। हालांकि, अधिकारी अभी भी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। यदि वायु गुणवत्ता फिर से बिगड़ती है, तो ग्रेप के विभिन्न चरणों को फिर से लागू किया जा सकता है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रदूषण को नियंत्रित करने में अपना योगदान देना जारी रखें, जैसे कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना और कचरा न जलाना। यह कदम दिल्ली-एनसीआर में जीवन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

**वायु गुणवत्ता में ग्रैप का स्तर**

*दिल्ली में प्रदूषण गंभीर स्तर (एक्यूआई 401-450) के बीच दर्ज किया गया, जिसके बाद पूरे एनसीआर में स्टेज तीन लागू हो गया।*

- स्टेज 1 : खराब (एक्यूआई 201-300)
- स्टेज 2 : बहुत खराब (एक्यूआई 301-400)
- स्टेज 3 : गंभीर (एक्यूआई 401-450)
- स्टेज 4 : गंभीर प्लस (450 से ऊपर)
- स्टेज 3 हटने के साथ ही सख्त उपायों में ढील दी गई है।

# नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## मोदी बोले, मैं कार्यकर्ता, वे मेरे बॉस, नितिन ने कहा, साधारण कार्यकर्ता को असाधारण सम्मान मिला



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए उनका इकलौता नामांकन आया था, इसके बाद वे निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष बन गए। नए अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई। मोदी ने 55 मिनट के भाषण में कहा, 'भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां लोगों को लगता होगा कि मोदीजी इतनी छोटी उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। हेड ऑफ द गवर्नमेंट बन गए हैं। इन सबसे बड़ी चीज है कि मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं, मैं कार्यकर्ता हूं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।' बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन का पहला भाषण करीब 20 मिनट का रहा। उन्होंने कहा, 'हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।' मोदी और नितिन नबीन से पहले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा 10 मिनट बोले। उन्होंने कहा, ' 'नबीन की लीडरशिप में पार्टी नई राज्यों में अपनी पहुंच बढ़ाएगी। उन क्षेत्रों में भी कमल खिलेगा जहां अब तक भाजपा को सफलता नहीं मिली है, जैसे बंगाल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, असम और केरल।'

### नितिन पार्टी को आगे ले जाएंगे : जेपी नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा, 'मैं नितिन जी को शुभकामनाएं देता हूं। अटल जी, कुशाभाऊ की परंपरा को आगे बढ़ाने उन्हें 12वां अध्यक्ष बनाया गया है। नितिन जी बहुत ही छोटी उम्र में 5 बार विधायक रह चुके हैं। आपने सारे देश को समझा है। ऐसे नौजवान अध्यक्ष के रूप में आपने कार्यभार संभाला है। आपको बधाई। आप पार्टी को तेज गति से आगे ले जाएंगे। इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं सभी को धन्यवाद देता हूं क्योंकि आप सभी ने पार्टी को चलाने के लिए मेरे साथ मिलकर काम किया। मुझे ताकत दी। जमीनी स्तर पर जो सहयोग उसका धन्यवाद।'

### केंद्र सरकार ने नितिन नबीन को जेड-कैटेगरी की सुरक्षा दी

बीजेपी के प्रेसिडेंट नितिन नबीन को केंद्र सरकार ने जेड-कैटेगरी की सुरक्षा दे दी है। यह ऐलान मंगलवार सुबह उनके कार्यभार संभालने के पहले किया गया। जेपी नड्डा को भी सरकार से इसी तरह का सुरक्षा कवर मिला था, जिसमें सीआरपीएफ वीआईपी सुरक्षा विंग व्यवस्था संभाल रही थी। केंद्रीय सुरक्षा सूची के तहत वीआईपी सुरक्षा कवर सबसे ऊंचे जेड-प्लस से लेकर जेड-प्लस, जेड, वाई, वाई-प्लस और एक्स कैटेगरी तक होता है।

**मोदी की स्पीच की 5 बड़ी बातें...**

### कांग्रेस अपने पतन की जिम्मेदार

'आज देश को याद भी नहीं होगा कि 1984 में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं और देश ने कांग्रेस को करीब-करीब 50% वोट दिया था, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों के लिए तरस गई है। कांग्रेस अपने इस घनघोर पतन की कभी समीक्षा नहीं करती, क्योंकि अगर समीक्षा करेंगे और पतन के कारणों पर जाएंगे तो उसी परिवार पर सवाल उठेंगे, जिस परिवार ने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। और इसलिए बहाने ढूंढते रहते हैं। पतन का सही कारण ढूंढने की हिम्मत तक खो चुके हैं।'

### घुसपैठियों को देश लूटने नहीं देगा

'आज देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश भी अपने देश में घुसपैठियों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और उनको पकड़-पकड़ कर निकाल रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता, भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, युवाओं के हक लूटने नहीं दे सकता। घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, उनकी पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजना बहुत जरूरी है। इसके अलावा ऐसे राजनीतिक दल जो वोट बैंक की राजनीति में घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें हमें पूरी शक्ति से जनता के सामने बेनकाब करना होगा।'

### महाराष्ट्र नतीजों ने बताया भाजपा पहली पसंद

'भाजपा सिर्फ संसद और विधानसभा की ही नहीं, बल्कि नगरपालिकाओं और नगर निगमों में भी पहली पसंद है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र है। भाजपा, महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में नंबर वन पार्टी बनी है। कुल 29 में से 25 बड़े शहरों की जनता ने भाजपा-एनडीए को चुना है। कुल जितने पार्षद जीते हैं, उनमें से 50% भाजपा के हैं। ऐसे ही केरल में भाजपा के करीब 100 पार्षद हैं। ऐसे ही तिरुवनंतपुरम की जनता ने मेयर चुनाव में 45 साल बाद लेफ्ट से सत्ता छीनी और भाजपा पर भरोसा किया।'

### पिछले डेढ़ साल में जीते 4 राज्यों में चुनाव

'बीते डेढ़-दो वर्षों में भाजपा पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है। विधानसभा हो या स्थानीय निकाय, भाजपा की स्ट्राइक रेट अभूतपूर्व रही है। इस दौरान देश में 6 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, इनमें से 4 चुनाव भाजपा-एनडीए ने जीते हैं।'

### भाजपा की परंपरा मेंबरशिप से ज्यादा रिलेशनशिप अहम

'भाजपा एक संस्कार है। भाजपा एक परिवार है। हमारे यहां 'मेंबरशिप' से भी ज्यादा 'रिलेशनशिप' होती है। भाजपा एक ऐसी परंपरा है, जो पद से नहीं प्रक्रिया से चलती है। हमारे यहां पदभार एक व्यवस्था है और कार्यभार जीवन भर की जिम्मेदारी है। हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं बदलते। नेतृत्व बदलता है लेकिन दिशा नहीं बदलती।'

## इंजीनियर युवराज की मौत मामले की जांच में जुटी एसआईटी

# पुलिस ने बिल्डर को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

नोएडा मॉल के बेसमेंट के लिए नोएडा में खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत पर बढ़ते आक्रोश के बीच राज्य सरकार ने नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम को हटा दिया। इस घटना की निष्पक्ष और गहन जांच के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी ने अपना काम शुरू कर दिया है और नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर जांच में जुट गई है। करीब 2 घंटे नोएडा प्राधिकरण दफ्तर में रहने के बाद, एसआईटी घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसआईटी से पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब की गई है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एमजेड विजटाउन के मालिक बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है।

### एडीजी जोन मेरठ करेंगे एसआईटी का नेतृत्व

एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल

सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे।

### ये जांच भी करेगी एसआईटी

एसआईटी क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की मौजूदगी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की भी जांच करेगी।

### युवराज की पोस्टमार्टम रिपोर्ट

ग्रेटर नोएडा सेक्टर-150 में सड़क हादसे के बाद दलदल में डूबे सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि युवराज की मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार उनके फेफड़ों में करीब साढ़े तीन लीटर पानी भरा हुआ पाया गया, जिससे यह साबित होता है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे।

### फेफड़ों में पानी भरा, हार्ट फेलियर भी हुआ

डॉक्टरों की रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक पानी में रहने से उनके फेफड़ों में भारी मात्रा में पानी चला गया, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और दम घुटने की स्थिति पैदा हुई। इसी दौरान शरीर पर अत्यधिक दबाव पड़ने से हार्ट फेलियर भी हुआ, जो मौत का तत्काल कारण बना।

### एडीजी ने कही ये बात

मेरठ जोन एडीजी भानु भास्कर ने कहा, 'हमारी एसआईटी ने इसमें काम शुरू कर दिया है, शासन के निर्देश पर पांच दिन में इसकी रिपोर्ट दे देंगे। सभी लोगों से बातचीत की जाएगी और सभी से बातचीत करने के बाद ये देखना होगा कि ये किन कारणों से और परिस्थितियों में यह घटना घटी है। हम घटना की जांच कर रहे हैं जांच के बाद हम प्रशासन को अवगत कराएंगे '

# अयोध्या में पहली बार अश्वमेघ यज्ञ आठ फरवरी से

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में पहली बार मातेश्वरी परिवार की ओर से अश्वमेघ यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बालू घाट पर आठ से 16 फरवरी तक यह यज्ञ चलेगा। इसकी तैयारियां बालू घाट पर शुरू कर दी गई हैं। यज्ञ के तहत आठ फरवरी को बालू घाट से कलश यात्रा निकाली जाएगी। नया घाट से कलश में जल भरकर यात्रा लता चौक, छोटी छावनी होती हुई यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य धर्मानंद पांडेय ने बताया कि नौ फरवरी से सुबह ध्यान योग शिविर, हवन-पूजन तथा शाम को सत्संग का आयोजन होगा। मातेश्वरी शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर का प्रवचन होगा। यज्ञ के लिए एक मुख्य कुंड के साथ ब्रह्मा-विष्णु-महेश के लिए तीन कुंड होंगे। इसके साथ ही अन्य कुंड भी होंगे जिनमें श्रद्धालु हवन करेंगे। 15 फरवरी को सरयू की महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में बैकांक, थाईलैंड, दिल्ली, मुंबई के साथ ही देश के अन्य हिस्से से भी श्रद्धालुओं की भागीदारी होगी।

# केजीएमयू धर्मांतरण मामला : पुलिस के हाथ लगे डॉ. रमीज के लैपटॉप और मोबाइल, खुल सकती हैं अहम

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

केजीएमयू की महिला रेजिडेंट के यौन शोषण और धर्मांतरण के प्रयास के आरोपी डॉ. रमीज का पुलिस ने मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद कर लिया है। आरोपी 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर है। पुलिस ने पूरे मामले में पूछताछ की है। आरोपी से उसके गिरोह के बारे में भी जानकारी ली गई है। एसपी चौक राजकुमार सिंह का कहना है कि डॉ. रमीज से कई बिंदुओं पर पूछताछ की गई है। साक्ष्य जुटाए गए हैं। फोन और लैपटॉप बरामद करने में सफलता मिली है। प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि आरोपी ने मोबाइल फोन से सारे चैट और बहुत से लोगों के नंबर डिलीट किए हैं। फोरेंसिक टीम की मदद से डिलीट किए गए डाटा को रिकवर कराने का प्रयास चल रहा है। इसके बाद ही गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पता चल सकेगा।सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस गोपनीय स्थान पर रमीज से पूछताछ कर रही है। पुलिस रमीज को उसके कुछ ठिकानों पर भी लेकर गई। आरोपी से एसटीएफ ने भी पूछताछ की है।

### कई सवालों पर साधी चुप्पी

पुलिस ने आरोपी से महिला रेजिडेंट पर धर्मांतरण का दबाव डालने के बारे में जब सवाल किए तो आरोपी ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। वह चुप्पी साधे रहा। आगरा में डॉ. परवेज से संबंधों पर भी आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी किन-किन शहरों में गया, इस संबंध में भी पूछताछ की गई है। इसके अलावा नेपाल सीमा तक आरोपी किन लोगों की मदद से पहुंचा था, इसकी जानकारी भी ली गई है।

# धामी से मुलाकात के बाद दिल्ली में डटे नेता, उत्तराखंड की सियासत में क्यों बढ़ीं धड़कनें

## नितिन नबीन की भाजपा अध्यक्ष पद पर ताजपोशी और मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों ने फिर गर्माया राजनीतिक माहौल

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात के बाद भाजपा के कई बड़े नेताओं का दिल्ली में डेरा डालना राज्य के सियासी गलियारों में चर्चाओं का केंद्र बन गया है। इस घटनाक्रम से जहां एक ओर भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की ताजपोशी को लेकर गतिविधियां तेज हुई हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में लंबे समय से अटके मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं को भी नई हवा मिल गई है। भाजपा भले ही इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बता रही हो, लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह का संयोग विरले ही होता है। खासतौर पर तब, जब राज्य मंत्रिमंडल में पांच पद लंबे समय से खाली हों और पार्टी संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव की प्रक्रिया चल रही हो।



### सीएम धामी से मुलाकात और बढ़ती सियासी सरगर्मी

सोमवार को रायपुर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ', सल्ट विधायक महेश जीना और पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने अलग-अलग समय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इन मुलाकातों को लेकर जैसे ही मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया पेज पर तस्वीरें साझा की गईं, उत्तराखंड की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई। इन तस्वीरों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया कि आखिर अचानक एक के बाद एक विधायकों की मुख्यमंत्री से मुलाकात के मायने क्या हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर बताया गया कि इन मुलाकातों में क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है।

### क्या संगठनात्मक बदलाव का असर सरकार पर पड़ेगा?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा में संगठनात्मक बदलाव का सीधा असर सरकार पर भी पड़ता है। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के बाद कई राज्यों में मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल की परंपरा रही है। ऐसे में उत्तराखंड में भी मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर संभावनाएं मजबूत मानी जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, शीर्ष नेतृत्व उत्तराखंड के राजनीतिक समीकरणों, क्षेत्रीय संतुलन और आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए फैसला ले सकता है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती।

### अगस्त से लटका है मंत्रिमंडल विस्तार

उत्तराखंड में मंत्रिमंडल विस्तार का मुद्दा बीते अगस्त से चर्चा में है। स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उस समय संकेत दिए थे कि जल्द ही मंत्रिमंडल में रिक्त पदों को भरा जा सकता है। इसके बाद कई बार यह मामला आगे बढ़ा, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से टलता रहा। वर्तमान समय में धामी मंत्रिमंडल में कुल पांच मंत्री पद रिक्त हैं। वर्ष 2022 से ही तीन पद खाली चल रहे थे, जबकि हाल के महीनों में चंदनराम दास के निधन और प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद रिक्त पदों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्य में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 12 सदस्यीय मंत्रिमंडल हो सकता है, ऐसे में विस्तार की पूरी गुंजाइश बनी हुई है।

### क्षेत्रीय और जातीय संतुलन की चुनौती

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर एक बड़ी चुनौती क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन को साधने की है। पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के बीच संतुलन, साथ ही विभिन्न सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देना भाजपा के लिए अहम मुद्दा है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नए मंत्रियों के चयन से संगठन मजबूत हो और किसी भी क्षेत्र या वर्ग में असंतोष न पनपे। इसी वजह से मंत्रिमंडल विस्तार का फैसला सोच-समझकर लिया जा रहा है।

### भाजपा की आधिकारिक सफाई

इन तमाम अटकलों के बीच भाजपा ने आधिकारिक तौर पर किसी भी राजनीतिक संकेत से इनकार किया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और राजपुर विधायक खजानदास ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश इकाई के तमाम बड़े नेता दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए गए हैं। उन्होंने कहा, 'सोमवार को सभी नेताओं का फोकस उसी कार्यक्रम पर रहा। मुख्यमंत्री से विधायकों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट के रूप में देखा जाना चाहिए।'

### 'मंत्रिमंडल विस्तार सीएम का विशेषाधिकार'

खजानदास ने मंत्रिमंडल विस्तार पर बोलते हुए कहा कि यह पूरी तरह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री को उचित लगेगा और शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त होंगे, तब मंत्रिमंडल विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार पूरी तरह जनसेवा के कार्यों में जुटी हुई है और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जा रही है।

### विपक्ष की नजर और सियासी रणनीति

भाजपा के भीतर चल रही इन गतिविधियों पर विपक्ष भी पैनी नजर बनाए हुए है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल मंत्रिमंडल विस्तार में देरी को सरकार की अंदरूनी खींचतान से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि भाजपा इस तरह के आरोपों को सिरे से खारिज करती रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि मंत्रिमंडल विस्तार जल्द होता है, तो इससे सरकार को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन में भी उत्साह बढ़ेगा।

### चुनाव की तैयारी की झलक

दिल्ली में चल रही इन गतिविधियों को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है। भाजपा राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर इतिहास रचने की योजना बना रही है। खजानदास ने भी दावा किया कि पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा उत्तराखंड में विजय की हैट्रिक लगाएगी।

# प्रकृति के श्रृंगार पर वन माफियों का वार
# खतरे में है वन संपदा




एक तरफ जहाँ राज्य सरकार 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जनता को जोड़कर पौधरोपण पर जितना ज्यादा जोर दिया है। और हरियाली के लिए पौधरोपण कार्यक्रमों में रोपे गए पौधों को पेड़ बनाने का भी संकल्प दिलाया गया। वहीं राज्य सरकार हर वर्ष वनों को हराभरा बनाने व पर्यावरण संरक्षण को लेकर लाखों, करोड़ों रूपये पानी की तरह बहा रही है। लेकिन अफ़सोस की बात तो यह है कि जिनके कंधो में वानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वही लोग वानों का विनाश कराने में आमादा हैं।

जन एक्सप्रेस । सचिन वंदन

**चित्रकूट।** सरकार एक तरफ जहां पौधरोपण कार्यक्रम चला धरती पर हरियाली लाने व शुद्धा वायु के लिए पहल कर रही, वहीं दूसरी ओर वनों की रक्षा करने वाला विभाग ही हरे पेड़-पौधों की कटाई कर रहा। अब ऐसे में जिम्मेदारों पर सवाल उठना तो लाजिमी है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व के मरकुण्डी वन परिक्षेत्र भाग-1 के कोर जोन में हो रही पेड़ो की आधाधुंध कटाई से हरियाली पर संकट के बदल मंडरा रहे हैं।

व्यापक रूप से हो रहे अवैध कटान के चलते घना जंगल धीरे-धीरे ठूँठ में तब्दील हो रहा है। स्थिति यह है की बेसकीमती पेड़ो को बेधड़क काटा जा रहा। डोंडा माफ़ी के जंगल में हरे बांसो का कटान भी जोरों पर है। मारकुण्डी वन रेंज 1 के डोंडामाफ़ी, कुसमी, छेरिहा, जारोमाफी, करौहा आदि जंगलो में खड़े ठूँठ अवैध कटान गवाही दे रहे हैं। अगर जिम्मेदारों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया और और यही स्थिति रही तो जंगल का अस्तित्व मिटने में जरा भी समय नहीं लगेगा। इस सम्बन्ध में जब क्षेत्रीय वनाधिकारी मरकुण्डी भाग- 1 से बात करने कि कोशिश कि गई तो उनसे सम्पर्क ही नहीं हो पाया।

### एक दशक से तैनात वन कार्मियों का एक छत्रराज

जंगल उजड़ने की जो वजह सामने आ रही वह यह है कि तक़रीबन एक दशक से तैनात वन कार्मियों का न हटना है। जहाँ शासनादेश है की तीन वर्ष में स्थानांतरण हो जाना चाहिए वहीं वन कर्मी एक दशक से कुंडली मारकर बैठा है। वन परिक्षेत्र मरकुण्डी भाग-1 में तैनात वन दरोगा रामभवन तक़रीबन पिछले 10 वर्षो से कुंडली मारकर बैठा है। मरकुण्डी वन रेंज में रामभवन की तैनाती फारेस्ट गार्ड के रूप में हुई थी, उसके बाद इनका वन दरोगा में प्रमोशन भी हो गया, लेकिन इनका स्थानांतरण नहीं हुआ। फारेस्ट गॉर्ड में रहते इन्होने व्यापक पैमाने पर जंगल को नुकसान पहुंचाया, वही आदत आज भी बनी हुई है। इसी तरह से उमेश शुक्ला भी काफ़ी दिनों से एक जगह पर जमे हुए हैं। सरकार की तबादला नीति यहाँ दम तोड़ रही है। इससे यही प्रतीत हो रहा कि उच्चाधिकारियों द्वारा ही ऐसे वन कर्मियों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है।

### जिम्मेदार अफसर बेफिक्र, कौन देगा ध्यान ?

रानीपुर टाइगर रिजर्व का जंगल इन दिनों वन माफियायों की राडार पर है। यहाँ बेधड़क हरे बांस, खैर, सागौन, धावा, तेन्दु, महुआ, आदि पेड़ो को काटा जा रहा है। वन विभाग के उच्चाधिकारियों तक खबरें भी पहुंच रही हैं। मगर अफसरों ने यह पता लगाने की यह कोशिश नहीं की कि जंगल को उजाड़ने वाले ये दुस्साहसी कौन हैं। इन सभी के बीच वन विभाग की कार्यप्रणाली भी काटघरे में है। सवाल यह है कि जंगल से पेड़ कटान के इतने मामले सामने आ गए। लेकिन वन विभाग अपनी भूमिका किस तरह से निभा रहा है, इसका सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है।

### तस्कर हरे बांसो का तेजी से कर रहे क़त्ल

मरकुण्डी वन रेंज 1 में हरे बांसो का आधाधुंध कटान जारी है। वन विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जंगल विभाग से जुड़े लोगों कि सह पर ही कटान किया जा रहा है। यूपी क्षेत्र के जंगल से मध्य प्रदेश ले जाया जा रहा है। लगातार कई वर्षों से कर्मचारियों के एक जगह पर ही जमे रहने से तस्कर अधिक हावी हैं,वहीं पुराना गठजोड़ और मजबूती के साथ काम कर रहा है। सूत्रों ने बताया यह कटान रातदिन बराबर हो अनवरत जारी है। वहीं कुसमी और मध्य प्रदेश के सरभंगा जंगल सीमा में भी वन तस्कर तेजी से सक्रिय हैं, जो हरेभरे लम्बे,चौड़े पेड़ो का क़त्ल कर रहे हैं। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर सरकार ने इतने कर्मचारियों की फ़ौज किस लिए तैनात किया है? जो मुट्ठी भर वन माफिया इनपर हावी है।

## सभी निर्माण कार्यों के लिए नामित करें नोडल जांच अधिकारी- डीएम



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जनपद में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का मूल्यांकन किया गया।

बैठक में डीएम ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, जल निगम (नगरीय), पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं विकास सहकारी संघ (कानपुर), यूपी सिडको सहित अन्य संस्थाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन निर्माण कार्यों के लिए अभी तक नोडल जांच अधिकारी नामित नहीं किए गए हैं, वहां तत्काल नामित कराएं। बहिलपुरवा मार्ग के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग और वन विभाग को आपसी समन्वय के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि जहाँ भी एनओसी की आवश्यकता है, वहां तत्काल ऑनलाइन आवेदन कर निस्तारण कराए। सीडीओ से कहा कि आगामी 'किसान दिवस' पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य करें ताकि कृषकों को विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, उन्हें अविलंब संबंधित विभाग को हैंडओवर (हस्तांतरण) करें। उन्होंने जोर दिया कि समस्त निर्माण कार्य शासन की मंशानुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध सीमा में पूर्ण होने चाहिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गुसयारी में हुआ क्रिकेट मैच का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



मौदहा के गुसियारी के एपीजे अब्दुल कलाम खेल मैदान में जीपीएल कप सीजन 19 में पांचवां मैच सहारा मौदहा वा हाशमी क्लब पनवाड़ी के बीच मैच खेला गया जिसमें सहारा मौदहा ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करने का फैसला लिया द्यजिसमें निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 127 रन बनाए सहारा मौदहा की तरफ से जैद ने 31 बोलो में 54 रनों की पारी खेली जवाब में उतरी हाशमी क्लब पनवाड़ी की टीम ने 12.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 101 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरीके से सहारा मौदहा ने 26 रनों से ये मैच जीत लिया हाशमी क्लब पनवाड़ी की तरफ से सबसे ज्यादा 14 बोलो में 26 रन बनाए द्य आज के मैच के मैंन ऑफ द मैच ज़ैद रहे मैंन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते मिथुन यादव मैच के अंपायर सहगल खान व अमीर अहमद रहे स्कोरर जावेद अहमद व तौसीफ खान रहे कुश सिंह यादव तौसीफ रहे कॉमेंटेटर सरदार खान व इनाम खान रहे लाइव मैच आमिर जमाल ने दिखाया इस मौके पर कमेटी के कुलदीप यादव कुश यादव जैम मालिक शेख हसन इदरीश फैय्याज समस्त लोग मौजूद रहे।

## मनरेगा बचाओ चौपाल के तहत कांग्रेसी पहुंचे चिल्लीमल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला कांग्रेस समिति द्वारा मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र की विलास और चिल्लीमल ग्राम पंचायत में मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को मनरेगा के प्रावधानों और अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

चैपाल में पार्टी जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने ग्रामीण मजदूरों के बीच पर्चे वितरण करते हुए कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की आजीविका की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में समय पर काम न मिलना, मजदूरी भुगतान में देरी, जॉब कार्ड निरस्त किए जाने और बजट में कटौती जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। चौपाल के माध्यम से इन मुद्दों को सीधे जनता के बीच रखा जा रहा है और उनसे सुझाव भी लिए जा रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अभियान गांव-गांव में जन चैपाल लगाकर आम जनता के बीच इस बात को पहुंचना है कि किस तरह से भाजपा सरकार गरीब मजदूर के अधिकारों का हनन कर रही है।

भाजपा सरकार ने मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर उनका अपमान किया है, जिसका कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक विरोध करेगी। कहा कि **मनरेगा बचाओ चौपाल** केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गरीब और मेहनतकश लोगों की आवाज को बुलंद करने का माध्यम है। यह अभियान तब तक चलता रहेगा, जब तक इस बिल को वापस नहीं लिया जाएगा। इस मौके पर राजू सैनी, रामजीत यादव, सौरभ दीक्षित, सोनू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## डीएम की सुनवाई के दौरान आईं 90 शिकायतों में ज्यादातर का हुआ मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आम लोगों की शिकायतों को सुनकर जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायतों का बेहतर तरीके से वख्त पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान करीब 90 शिकायते मिली, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी ने फौरन मौके पर निस्तारण कर दिया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के जरिये से बैठक कर उनके फौरन निस्तारण के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ सहित अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का बेहतर तरीके से निस्तारण किया जाये, वही किसी भी तरह किसी उदासीनता न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित सभी जरियों से होने वाले मामलों का सभी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जाकर बेहतर तरीके से निस्तारण कर वख्त पर रिपोर्ट दी जाये।

## चौकी प्रभारी सिविल ने सोने की चेन को बरामद कर स्वामी को सौंपी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में चौकी प्रभारी सिविल लाइन द्वारा व्यक्ति के खोए हुए करीब 02 लाख रुपए के अनुमानित कीमत के सोने की चेन को 24 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छोटी बाजार निवासी अजय गुप्ता पुत्र सुधीर गुप्ता ने चौकी सिविल लाइन पर सूचना दी कि कल उनके गले में पड़ी सोने की चैन जिसकी अनुमानित कीमत करीब 02 लाख रुपए थी, बस स्टैण्ड स्थित उनके दुकान कृष्णा स्वीट हाउस के सामने कहीं गिर गई, काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला।सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी सिविल लाइन आनन्द साहू द्वारा टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी साक्ष्यों आदि का प्रयोग करते हुए गुम हुए सोने की चैन को 24 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया।खोए हुए सोने की चेन को वापस पाकर व्यक्ति ने पुलिस टीम को ह्रदय से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

### आज मनाया जाएगा बलिदान दिवस

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष राजीव लखानी ने बताया कि 21 जनवरी बुधवार को अमर शहीद हेमू कालाणी का बलिदान दिवस के अवसर पर सभा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुधवार की सुबह 10 बजे एल.आई.सी. तिराहा स्थित शहीद पार्क में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के लोग शामिल होंगे।

## पुरानी रंजिश के चलते की गई थी युवक की हत्या

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में नरैनी पुलिस द्वारा नरैनी क्षेत्रानंतर्गत ग्राम जमवारा में बरामद व्यक्ति के शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि 17 जनवरी 26 को थाना नरैनी पर ग्राम जमवारा में एक अज्ञात शव बरामद होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त एवं पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था । इसी क्रम में मृतक द्वारा पहने गये पैंट के लोगो के माध्यम से छानबीन करते हुए शव की पहचान तौहीद हसन पुत्र मकसूद हसन निवासी मोहल्ला कटरा जनपद पन्ना म0प्र0 के रुप में की गई। जिसके सम्बन्ध में मृतक के चाचा महमूद हसन की तहरीर पर थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत करते घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था।जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा पुरानी रंजिश के चलते चापड़ से युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया गया था। पुलिस द्वारा आज को हत्या की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को पन्ना-म0प्र0 बार्डर करतल से गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्तों की निशादेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त एक चापड़, मृतक का मोबाइल फोन व घटना के समय अभियुक्त राशिद का पहना हुआ खूनालूद शर्ट बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में राशिद खान पुत्र अब्दुल हमीद निवासी बेली सागर वार्ड नं0 14 मकान नं0 345 पन्ना बस स्टैण्ड मेन रोड थाना पन्ना कोतवाली जनपद पन्ना (म0प्र0) व आनन्द कुमार पटेल पुत्र परमानन्द पटेल निवासी नाइस ट्रेडर्स के पास नजीराबाद मैहर रोड जनपद सतना (म0प्र0) शामिल हैं।

## डीएम ने लांच किया पॉलिटेक्निक चलो अभियान का पोस्टर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पॉलिटेक्निक चलो अभियान 2026 का शुभारंभ मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पोस्टर लॉन्च कर किया। यह अभियान तकनीकी शिक्षा में उन्नयन के लिए शुरु किया गया है। राजकीय पॉलीटेक्निक बरगढ़ के प्रभारी प्राचार्य अनंत प्रकाश ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के उन्नयन के लिए उत्तर प्रदेश में स्थित राजकीय, अनुदानित तथा प्राइवेट पॉलिटेक्निक कॉलिजों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए वर्तमान में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। बताया कि राजकीय पॉलीटेक्निक बरगढ़ में सिविल इंजीनियरिंग व यांत्रिक अभियंत्रण तथा राजकीय पॉलीटेक्निक मानिकपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। जिसके तहत आगामी मई माह में प्रदेश के 75 जिलों में कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। बताया कि प्रवेश परीक्षा के बाद प्राप्त अंकों के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग से प्रदेश के सभी पॉलिटेक्निको में प्रवेश होगा। प्रदेश के किसी भी राजकीय, सहायता प्राप्त अथवा प्राइवेट पॉलिटेक्निक कॉलिज में बिना प्रवेश परीक्षा 2026 में सम्मिलित हुए, प्रवेश नहीं होगा। प्रवेश के लिए परीक्षा प्रवेश परीक्षा देना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित है। पॉलीटेक्निक संस्थानों में छात्राओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण के साथ अलग से छात्रावास उपलब्ध हैं। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को राज्य सरकार व केंद्र सरकार से छात्रवृत्ति भी उपलब्ध होती है। कहा कि तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि रखने वाले विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा देकर पॉलिटेक्निक कॉजिल में प्रवेश ले सकते है।

### समीक्षा बैठक आज

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 में अब तक की गयी कार्यवाही से सम्बन्धित समीक्षा बैठक बुधवार को चित्रकूटधाम मण्डल के रोल प्रेक्षक आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

## प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार पर जेडीयू नेत्री ने जताई कड़ी निंदा

जन एक्सप्रेस । /बांदा



प्रयागराज माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के साथ प्रयागराज पुलिस एवं मेला प्रशासन द्वारा किए गए व्यवहार की जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कड़ी निंदा की है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि संगम क्षेत्र में प्रवेश के दौरान शिष्यों के साथ हुई बदतमीजी, धक्का-मुक्की और कथित मारपीट अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपने अनुयायियों के साथ संगम स्नान के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस ने रोक दिया और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद बल प्रयोग किए जाने के आरोप सामने आए। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि यह केवल संत समाज के सम्मान पर आघात नहीं है, बल्कि मानवता, धर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ भी है।उनका स्पष्ट मत है कि वैचारिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं,लेकिन किसी भी परिस्थिति में संतों और श्रद्धालुओं के साथ अमर्यादित व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि घटना के बाद प्रशासनिक चूक छुपाने के लिए जिम्मेदार पदों पर बैठे कुछ लोगों द्वारा लगातार भ्रामक और विरोधाभासी बयान दिए जा रहे हैं,जिससे जनता में आक्रोश और अविश्वास बढ़ रहा है। माघ मेला जैसे पवित्र और विश्व-प्रसिद्ध आयोजन में प्रशासन से संयम, संवेदनशीलता और सम्मान की अपेक्षा की जाती है,न कि शक्ति प्रदर्शन की। शालिनी सिंह पटेल ने सवाल उठाया कि क्या शंकराचार्य हिंदू नहीं हैं और क्या सत्ता से सवाल करना अब अपराध या देशद्रोह बन गया है।उन्होंने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से अपेक्षा की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि संत समाज और आम जनता न्याय की प्रतीक्षा कर रही है और इस गंभीर मामले में न्याय सुनिश्चित होना चाहिए।

### एसपी ने ली परेड़ की तैयारियों की बैठक

**चित्रकूट।** आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड व शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राधव प्रेक्षागार में बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, अनुशासित एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रैतिक परेड की तैयारियों, परेड की ड्रिल, अनुशासन, वर्दी की एकरूपता, समयबद्धता तथा समन्वय पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा सुरक्षा में चूक न हो, इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन व्यवस्थाओं तथा पेट्रोलिंग को भी सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

## ब्लाक स्तर पर श्रमिक परिवारों के बच्चों के कराएं प्रवेश आवेदन: रतन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी ने मजदूर परिवारों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए सभी ब्लाकों में अधिक से अधिक आवेदन पत्र भरवाने के निर्देश दिए हैं।

अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ बांदा में उत्तर-प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्र्तगत पूर्व में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चों एवं बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में कुल 160 व कक्षा 9 में कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं। इसके सापेक्ष प्रवेश के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल द्वारा की गई। जिसमें उन्होने निर्देश दिया कि प्रत्येक विकास खण्डों से पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों से अधिक से अधिक आवेदन पत्र भरवाए जाएं।

सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि निःशुल्क आवेदन आगामी 31 जनवरी तक ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। साथ ही सभी अभिलेखों के साथ संबंधित ब्लाकों के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जिला मुख्यालय स्थित श्रम विभाग कार्यालय में ऑफलाइन कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं। जिसकी प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी रविवार को होनी है। जिसके प्रवेश पत्र 7 फरवरी से ऑनलाइन-आफलाइन माध्यम से प्राप्त किए जा सकेगें।

## पांच दिवसीय हनुमंत कथा के अंतिम दिन उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

जन एक्सप्रेस । बांदा

मवई बाईपास चौराहा पर आयोजित पांच दिवसीय हनुमंत कथा आस्था के महाकुंभ के रूप में उभरकर सामने आई। आयोजन के दौरान करीब 20 से 30 लाख श्रद्धालुओं ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण किया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा नजर आया। भावविभोर श्रद्धालु जय श्रीराम और जय हनुमान के उद्घोष करते दिखाई दिए।

इस भव्य आयोजन में प्रदेश की राजनीति और संत समाज की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उनके नेतृत्व और कुशल व्यवस्थापन की सभी संतों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने जमकर सराहना की। बागेश्वर धाम सरकार ने भी मंच से आयोजन की भव्यता,अनुशासन और व्यवस्थाओं की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए आयोजक मंडल को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि पांचों दिनों तक लगातार महाप्रसाद का वितरण किया गया,जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और क्षेत्र राममय एवं हनुमानमय हो उठा।आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, अयोध्या हनुमानगढ़ी के संत राजू दास महाराज, सखी के हनुमान के संत अर्पित दास महाराज, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक ओम मणि वर्मा, विधायक अभय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक मुनीस, विभाग प्रचारक मनोज,जिला प्रचारक अनुराग, जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन एवं पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस पूरे धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक भाजपा के नये कर्मठ नेता प्रवीण सिंह रहे।



# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 21 जनवरी, 2026






### बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में...

पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है। भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने... पढ़ें पेज 12 पर...


# दावोस से यूपी के लिए ऐतिहासिक निवेश

## ग्रेटर नोएडा में बनेगा 1 गीगावॉट का मेगा एआई डेटा सेंटर

### विश्व आर्थिक मंच में यूपी सरकार और एएम ग्रीन ग्रुप के बीच 25 अरब डॉलर का एमओयू, उत्तर प्रदेश बनेगा देश का एआई और डेटा सेंटर हब

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार को निवेश के मोर्चे पर वैश्विक स्तर पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार और एएम ग्रीन ग्रुप के बीच एक ऐतिहासिक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत प्रदेश के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक गीगावॉट (1000 मेगावॉट) क्षमता का अत्याधुनिक कंप्यूट डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वर्कलोड्स को सेवाएं प्रदान करेगा। इस मेगा निवेश को उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख डेटा सेंटर और एआई हब बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, बल्कि भारत को वैश्विक डिजिटल और एआई इकोसिस्टम में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगी। इस मेगा डेटा सेंटर की सबसे बड़ी खासियत इसकी अत्याधुनिक तकनीकी क्षमता होगी। इसमें करीब 5 लाख हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स लगाए जाएंगे, जो हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सेवाओं को अभूतपूर्व गति देंगे। यह सुविधा वैश्विक हाइपरस्केलर्स, फ्रंटियर रिसर्च लैब्स, मल्टीनेशनल एंटरप्राइजेज और भारत की सॉवरेन एआई पहल को बड़े पैमाने पर सपोर्ट करेगी। इसके साथ ही भारतीय डेवलपर्स और स्टार्टअप्स को भी चिपसेट्स तक सीधी पहुंच मिलेगी, जिससे देश में एआई सॉल्यूशन स्टैक के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।



**दावोस में यूपी टीम की बड़ी कामयाबी**

विश्व आर्थिक मंच में उत्तर प्रदेश सरकार की टीम ने निवेशकों के साथ कई अहम बैठकें कीं, जिनमें से एएम ग्रीन ग्रुप के साथ हुआ यह समझौता सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आया है। यह एमओयू वैश्विक निवेशकों के बीच उत्तर प्रदेश की बढ़ती साख और भरोसे को दर्शाता है। प्रदेश सरकार के अधिकारियों के अनुसार, यह समझौता उत्तर प्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, मजबूत आधारभूत ढांचे और स्थिर शासन व्यवस्था का प्रत्यक्ष परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार टेक्नोलॉजी, आईटी और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बड़े निवेश आकर्षित करने पर जोर दे रही है।

**चरणबद्ध तरीके से होगा एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास**

एएम ग्रीन ग्रुप द्वारा स्थापित किया जाने वाला यह अत्याधुनिक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर हब चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। परियोजना की पहली चरण की क्षमता वर्ष 2028 तक शुरू हो जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे विस्तार करते हुए वर्ष 2030 तक इसे पूरी एक गीगावॉट क्षमता के साथ पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में लगभग 25 अरब अमेरिकी डॉलर, यानी करीब 2.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। यह निवेश न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में अब तक के सबसे बड़े डेटा सेंटर निवेशों में से एक होगा। यह परियोजना भारत सरकार के 'विकसित भारत 2047' विजन के अनुरूप मानी जा रही है, जिसमें देश को तकनीकी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### भारतीय डेवलपर्स और स्टार्ट अप्स को मिलेगा बड़ा लाभ

इस डेटा सेंटर के जरिए भारतीय एआई डेवलपर्स को अत्याधुनिक कंप्यूटिंग संसाधन उपलब्ध होंगे, जो अब तक सीमित थे या बेहद महंगे थे। इससे हेल्थकेयर, एग्रीटेक, फिनटेक, एजुकेशन, डिफेंस और स्मार्ट सिटी जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से भारत में एआई रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

### यूपी को क्यों चुना गया?

एएम ग्रीन ग्रुप ने इस परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश को चुनने के पीछे कई अहम कारण बताए हैं। प्रदेश की डेटा सेंटर पॉलिसी, मजबूत औद्योगिक कॉरिडोर, बेहतरीन सड़क, रेल और एयर कनेक्टिविटी, साथ ही निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल ने यूपी को इस निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्य बनाया। ग्रेटर नोएडा पहले से ही आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी कंपनियों का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। यहां उपलब्ध भूमि, बिजली आपूर्ति और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं ने इस निर्णय को और मजबूत किया। इस मेगा डेटा सेंटर की एक और बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरी तरह से 24×7 कार्बन-फ्री ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगा। इसमें पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पंप्ड स्टोरेज का उपयोग किया जाएगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि योगी सरकार की हरित ऊर्जा और सतत विकास की नीति को भी मजबूती मिलेगी। डेटा सेंटर उद्योग को आमतौर पर ऊर्जा-खपत वाला उद्योग माना जाता है, ऐसे में यह परियोजना ग्रीन टेक्नोलॉजी का एक वैश्विक उदाहरण पेश करेगी।

**एफडीआई और रोजगार के नए अवसर**

इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आने की संभावना है। साथ ही हजारों की संख्या में उच्च-कौशल रोजगार सृजित होंगे। आईटी इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट, एआई रिसर्चर, हार्डवेयर विशेषज्ञ और ग्रीन एनर्जी प्रोफेशनल्स के लिए यह परियोजना नए अवसर खोलेगी। इसके अलावा हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा सिक्योरिटी और विशेष कूलिंग टेक्नोलॉजी से जुड़ा एक मजबूत स्थानीय तकनीकी इकोसिस्टम विकसित होने की उम्मीद है।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन**

विशेषज्ञों के अनुसार, इस परियोजना का प्रभाव केवल आईटी सेक्टर तक सीमित नहीं रहेगा। रियल एस्टेट, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट सेक्टर को भी इससे बड़ा लाभ मिलेगा। ग्रेटर नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

**एएम ग्रीन ग्रुप का बयान**

एएम ग्रीन ग्रुप के चेयरमैन अनिल चालमलासेट्टी ने इस अवसर पर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा, 'यह निवेश एक सतत, कार्बन-न्यूट्रल डिजिटल इकोनॉमी की दिशा में बड़ा कदम है। हम उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर भारत को वैश्विक एआई मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

**योगी सरकार की नीति को मिली वैश्विक मान्यता**

राजनीतिक और आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि यह निवेश योगी सरकार की औद्योगिक, आईटी और ग्रीन एनर्जी नीतियों को मिली वैश्विक मान्यता का प्रमाण है। बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने निवेश, कानून-व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए हैं, जिसका असर अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साफ दिखाई दे रहा है।

**भारत के डिजिटल भविष्य की ओर बड़ा कदम**

दावोस में हुआ यह समझौता भारत के डिजिटल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बनने वाला यह मेगा एआई डेटा सेंटर न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश को टेक्नोलॉजी और नवाचार के नए युग में ले जाने की क्षमता रखता है। इस निवेश के साथ उत्तर प्रदेश ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि वह आने वाले वर्षों में भारत की डिजिटल ग्रोथ का इंजन बनने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# लालबाग सुपर मार्केट चौराहे पर नाला चोक, अवैध दुकान बनाकर चल रहा कार बाज़ार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



राजधानी लखनऊ के लालबाग सुपर मार्केट चौराहे पर पिछले करीब एक सप्ताह से नाला पूरी तरह चोक पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाले के ऊपर अवैध रूप से दुकान बनाकर कार बाज़ार चलाया जा रहा है, जिससे जल निकासी बाधित हो गई है और क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। बताया जा रहा है कि नाले के ऊपर कब्जा कर ’ हृश ‘ ष्ट्ठह्र ष्ठद्गष्टश्रह्म’ नाम से कार डेकोरेशन और कार बाज़ार का संचालन किया जा रहा है। नाले को ढककर उस पर निर्माण कर देने के कारण हल्की बारिश या पानी का बहाव होते ही सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों को शिकायत दी गई, लेकिन नगर निगम और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नाले का पानी सड़क पर फैलने से बदबू और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि व्यस्त लालबाग इलाके में नाले पर अवैध निर्माण कैसे हो गया, और किसकी शह पर खुलेआम नियमों की अनदेखी कर व्यापार चलाया जा रहा है। यदि समय रहते नाले से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब देखना यह है कि नगर निगम, एलडीए और जिला प्रशासन इस अवैध कब्जे पर कब तक कार्रवाई करता है, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# श्री गोपेश्वर गौशाला में विशाल स्वास्थ्य शिविर और कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**मलिहाबाद।** क्षेत्र के जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से श्री गोपेश्वर गौशाला राष्ट्र सेविका समिति आरएसएस और सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं निशुल्क वर्चुअल ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है।इस विशेष शिविर का मुख्य केंद्र कैंसर जागरूकता और रोकथाम है। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विशेषज्ञ परामर्श और प्रशिक्षण दिया जाएगा।आधुनिक तकनीक के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा परामर्श,ओरल कैंसर मुंह का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की पहचान व बचाव की जानकारी।स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक उपचार और बचाव के प्रति प्रशिक्षित करना।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि व वक्ता स्वांत रंजन अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख आरएसएस,विशिष्ट अतिथि के. सीता अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति चेन्नई,डॉ. एमएलबी भट्ट कैंसर विशेषज्ञ व निदेशक कल्याण सिंह कैंसर संस्थान, पद्मश्री डॉ. शादाब मोहम्मद विभागाध्यक्ष ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी केजीएमयू,डॉ. सुमित रुंगटा विभागाध्यक्ष गैस्ट्रो मेडिसिन, केजीएमयू, मुकेश मेश्राम प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग और प्रख्यात उद्योगपति शरद जैन।आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुँचकर निशुल्क चिकित्सा परामर्श और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता का लाभ उठाएं। यह कार्यक्रम पूरी तरह से जनसेवा के संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है।

# मलिहाबाद में पत्नी ने बेटों संग पति को मार डाला, लाठी-डंडों से पीटकर ली जान


जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन मलिहाबाद थाना क्षेत्र में 50 साल के व्यक्ति की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से करीब एक किलोमीटर दूर गड्ढे में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उसकी पत्नी और दो बेटों को हिरासत में लिया है। घटना मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खड़ता गांव की है। मृतक की पहचान 50 साल के अर्जुन पाल के रूप में हुई है। उसके भाई ने बताया- अर्जुन पाल की पत्नी शिवरानी और बेटों रूपलाल व राजेंद्र ने हत्या की है। हत्या को हादसा दिखाने के लिए शव न्को गलने में फेंका है।मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नबीनगर नहर पुलिया पास गड्ढे में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे स्थानीय लोगों ने शव देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो उसकी पहचान खड़ता गांव निवासी अर्जुन पाल के रूप में हुई। मृतक के भाई मुन्नू लाल ने बताया- सूचना पर मैं मौके पर पहुंचा। अर्जुन पाल के शव के ऊपर ई-रिक्शा पड़ा था। चेहरे पर चोट के निशान थे। पास में स्टील की टंकी पड़ी थी। घटना स्थल से कुछ दूर पर बिस्तर पड़ा था। वह खून से सना था। पुलिस ने उसे कब्जे में लिया। उसके बाद अर्जुन पाल के घर पहुंची। वहां कमरे में खून के निशान मिले। स्थानीय लोगों के मुताबिक अर्जुन पाल की पत्नी और दोनों बेटों ने चेहरा कूचकर उसकी हत्या की है। उसका चेहरा कूचा है। हत्या को हादसा दिखाने के लिए शव को घर से करीब एक किलोमीटर दूर गड्ढे में फेंक दिया। उसके ऊपर ई-रिक्शा गिरा दिया। भाई मुन्नू लाल ने बताया कि अर्जुन के दोनों बेटा शराब और जुआ के आदी हैं। सोमवार देर रात दोनों बेटों ने पिता अर्जुन पाल के साथ मारपीट की थी। ग्रामीणों के मुताबिक, मंगलवार रात करीब तीन बजे ई-रिक्शा गांव से निकलते देखा गया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसमें सवार लोगों की जानकारी नहीं हो पाई थी। वही इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि नामजद तहरीर के आधार पर पत्नी और दोनों बेटों को हिरासत में लिया गया है। प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को ई-रिक्शा से ले जाकर फेंकने और हादसे का रूप देने की बात सामने आ रही है। कमरे और ई-रिक्शा दोनों में खून के निशान मिले हैं। फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# खंतारी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर धारदार हथियार, लाठी डंडों से मारपीट, कई घायल

- दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर, पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा किया दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की रात लगभग आठ बजे महिंगवा थाना के ख़ंतारी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। वही जिसमें नारेंद्र कुमार पक्ष से तीन महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष बीरेंद्र की ओर से छह लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की माने तो लाठी डंडा धारदार हथियार से मारपीट में कई लोग घायल हो गए। जिनको पुलिस ने शौ शैय्या अस्पताल में भर्ती करवाया। वही खंतारी गांव निवासी नारेंद्र कुमार ने तहरीर दी है वहीं दूसरे पक्ष से वीरेंद्र कुमार ने दी है। वही एसीपी बीकेटी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि महिगवां थाना पर दोनों तरफ से तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# ई रिक्शा चालक का शव मिला पत्नी और बेटों पर हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मलिहाबाद लखनऊ खड़ता गांव में अर्जुन पाल 50 ई रिक्शा चालक है सुबह नवीनगर नहर पुलिया के पास शव कूचा हुआ पड़ा मिला वही पर ई रिक्शा भी पलटा हुआ पड़ा था ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी है। मौके पर पहुँची पुलिस छानबीन में जुटी है।मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के भाई मुन्नूलाल पाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए पत्नी और बेटों पर हत्या करने का आरोप लगाया है सगे भाई अर्जुन पाल की हत्या सोमवार रात इनकी पत्नी शिवरानी व उनके पुत्रों रूपलाल पाल और राजेन्द्र पाल द्वारा मिलकर धारदार हथियार और लाठी डन्डो से मार पीटकर घर में ही हत्या कर दी तथा घटना को छिपाने के लिए तीनो लोगो ने मिलकर मेरे भाई अर्जुनपाल का शव ई रिक्शा में रखकर नवीनगर रास्ते पर नहर पुलिया को आगे रोड के किनार खेत में फेक दिया। तीने ने मिलकर हत्या को घटना सड़क दुर्घटना दिखाने के उदेश्य से ई रिक्शे को पलट दिया था।सोमवार रात को मृतक का पत्नी और बेटों से आपस में पारिवारिक विवाद हो गया था।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु दिवाकर सिंह ने किया नामांकन, भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ में भूमि विकास बैंक बीकेटी लखनऊ के अध्यक्ष पद हेतु दिवाकर सिंह चौहान ने भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान दिवाकर सिंह चौहान ने कहा कि संगठन की विचारधारा किसान-हित और विकास के संकल्प को मजबूती देने की दिशा में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं, आशा है कि उनके नेतृत्व में भूमि विकास बैंक प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, दिनेश तिवारी,जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अतुल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# पूर्व विधायक ने चंद्रिका देवी परिसर में तहरी भोज का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र चंद्रिका देवी तीर्थ धाम पर मंगलवार को भाजपा पार्टी में हाल ही में शामिल हुए पूर्व विधायक विनोद चौधरी द्वारा तहरी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला सहित सदस्य विधान परिषद सीतापुर पवन सिंह चौहान सहित प्रमुख नेता शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने एकता का प्रतीक बताया। वही पूर्व विधायक विनोद चौधरी के साथ शशिकांत पांडेय उर्फ मुन्नू पांडेय ने आए हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता के साथ वह जमीन से जुड़कर कार्य करेंगे, उन्होंने बताया कि इस तहरी भोज के आयोजन से आपस में समन्वय बढ़ता है साथ ही भाईचारा बढ़ता है। कार्यक्रम का सफल आयोजन पूर्व प्रधान अतुल शुक्ला आदलमपुर द्वारा किया गया। जिसमें अशोक सिंह, राकेश लोधी अन्य लोग शामिल हुए।

## पुलिस की मनमानी से विवाद सुलझते कम उलझते ज्यादा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। पुलिस की मनमानी और उपेक्षा से विवाद सुलझने के बजाय उलझते जाते हैं। आला अफसरों की बात और दिशा निर्देश की तनिक भी फिक्र नहीं करते हैं, जिसकी वजह से आमजन में पुलिस के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है। कोतवाली टिकैत नगर पुलिस की मनमानी चरम सीमा पर है। एसडीएम रामसनेहीघाट को दिये गए प्रार्थना पत्र में ग्राम पानसरे के लोकेश कुमार ने शिकायत की है कि उनके नाम मकान वसीयत रजिस्टर्ड उनकी नानी ने किया था जिस पर विपक्षी जबरन अपना निर्माण करवा रहे है जिसकी शिकायत एसडीएम अनुराग सिंह साहब से की जिसपर उन्होंने कोतवाल टिकैतनगर को तत्काल आदेश किया और मोबाइल पर व्हाट्सएप करके मामले का निस्तारण करने को कहा लेकिन कोतवाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। फोन पर बात करने पर कौशल ने बताया, मीटिंग में हूं बाद में देखा जाएगा। स्थिति गंभीर बनी हुई है। विवाद बढ़ता जा रहा है।

# यह 37 सांसद 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दिलाएंगे: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा के सभी सांसदों की मीटिंग बुलाई। अखिलेश अपने सांसदों से आगामी चुनावी रणनीति और संगठन मजबूत करने की चर्चा की। हर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों की स्थिति पर चर्चा हुई। इस दौरान अखिलेश यादव ने अपने सांसदों में कहा कि यह 37 सांसद 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दिलाएंगे।

### हमने अहम बैठक की है..

समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क ने कहा, 'हमने अहम बैठक की है ताकि हम मजबूती के साथ चुनाव लड़ें और अपनी सरकार बनाए। हमारी पार्टी मजबूत है और एक है। जनता के भरोसे और उनकी मदद से सभी सांसद मिलकर प्रयास करेंगे कि हम अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाए। 'सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और एसआईआर संबंधी कामों पर निगरानी के लिए पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के पुत्र पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को लगाकर भविष्य की अपनी रणनीति का संकेत दे दिया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कैंट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से इस संबंध में महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी को पत्र भेजा गया है। पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए सिद्दीकी ने अमर उजाला को बताया कि कैंट में हम पूरी दमदारी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।



### विनय शंकर तिवारी को मिल सकती ये सीट

सपा नेतृत्व के इस पत्र में कहा गया है कि अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी व पूर्व मंत्री तेज नारायण उर्फ पवन पांडेय को लखनऊ महानगर की कैंट विधानसभा क्षेत्र में लगाया गया है। इन्हें संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने के साथ एसआईआर के तहत फार्म नंबर 6, 7 व 8 का काम पूर्ण कराने और आपत्तियों के निस्तारण के लिए प्रभारी भी बनाया गया है। लखनऊ की कैंट विधानसभा सीट ब्राह्मण बहुल मानी जाती है। इस विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर वर्ष 2022 में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक चुनाव जीते थे। पाठक और विनय शंकर तिवारी कभी बसपा में साथ-साथ थे। सपा द्वारा विनय शंकर तिवारी को कैट विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद इसे आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। सपा नेतृत्व ने बरेली जिला कार्यकारिणी को अध्यक्ष समेत भंग कर दिया है। सपा सूत्रों के मुताबिक, जल्दी ही वहां नई कमेटी का गठन होगा। इसके लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने होमवर्क पूरा कर लिया है। समाजवादी पृष्ठभूमि के पुराने कार्यकर्ता को नया जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा।

# नितिन नबीन के दूरदर्शी नेतृत्व में बीजेपी को प्राप्त होगी मजबूती: पंकज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को बधाई एवं शुभकामनायें दी।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नई दिल्ली में पार्टी के केन्द्रीय मुख्यालय पर संगठन पर्व कार्यक्रम में सहभागिता की। पंकज चौधरी ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंटकर पदभार संभालने पर शुभकामनायें देते हुए कहा कि आपके दूरदर्शी नेतृत्व, कुशल मार्गदर्शन, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव एवं कार्यकर्ताओं से निरन्तर संवाद के माध्यम से पार्टी को नई ऊर्जा, स्पष्ट दिशा और संगठनात्मक मजबूती प्राप्त होगी।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। आपका संगठनात्मक कौशल, अथक परिश्रम और पार्टी की विचारधारा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।

# घायल नीलगाय की तड़प-तड़प कर मौत वन विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



विकासखंड तिलोई की ग्राम सभा अगौना में घायल अवस्था में पड़ी नीलगाय की समय पर इलाज और रेस्क्यू न मिलने से मौत हो गई।इस घटना ने वनविभाग की कार्यप्रणाली और वन्यजीव संरक्षण के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की,जिससे नीलगाय को घंटों तड़पना पड़ा। और अंततः उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर खेतों के पास नीलगाय गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग के स्थानीय कर्मचारियों और डीएफओ कार्यालय को सूचना दी। फोन पर केवल **देखवा रहे हैं** कहकर जिम्मेदारी टाल दी गई। न तो कोई रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और न ही पशु चिकित्सक को भेजा गया।
घायल नीलगाय कई घंटों तक दर्द से तड़पती रही। मौके पर मौजूद ग्रामीण उसकी हालत देखते रहे और बार-बार प्रशासन से मदद की गुहार लगाते रहे,लेकिन सरकारी तंत्र की सुस्ती के कारण कोई सहायता नहीं मिल सकी। ग्रामीणों का कहना है, कि यदि समय रहते 1962 पशु एंबुलेंस,वन विभाग की रेस्क्यू टीम या पशु चिकित्सक को भेज दिया जाता, तो नीलगाय की जान बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों ने इस मौत को प्राकृतिक न मानते हुए इसे लापरवाही का परिणाम बताया है। घटना के बाद ग्राम सभा अगौना में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, जवाबदेही तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस व्यवस्था करने की मांग की है।वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण को लेकर किए जा रहे दावों के बीच यह घटना जमीनी हकीकत को उजागर करती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वन्यजीवों की सुरक्षा केवल कागजी दावों तक सीमित रह जाएगी।

## महाविद्यालयों में शुरू हुई प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का कुलपति ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर से सम्बद्ध एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर परीक्षा केंद्र पर मंगलवार से प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गईं। परीक्षा के पहले दिन परीक्षा केंद्र का मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रो0 रवि शंकर सिंह ने निरीक्षण कर परीक्षा केंद्र पर परीक्षा की शुचिता को परखा।
जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को एमएलके पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रातः 08:30 बजे से परीक्षा प्रारंभ हुई । मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रवि शंकर सिंह परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा के सकुशल संचालन एवं परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए किये गए आवश्यक व्यवस्था को जांचा व परखा। केंद्राध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर एमएलके पीजी कॉलेज के अतिरिक्त शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हिनपुर के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्र पर प्रथम पाली में सीड टेक्नोलॉजी की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 101 परीक्षार्थियों में से 100 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान कुलपति के साथ प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय, प्रो0 पी के सिंह, प्रो0 वीणा सिंह, प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रो0 एस पी मिश्र, प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, प्रो0 अशोक कुमार, परीक्षा प्रभारी डॉ लवकुश पाण्डेय, सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल व डॉ एस के त्रिपाठी मौजूद रहे।

# माघ मेले की घटना को लेकर जनपद के ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना को लेकर जिले में ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस घटना की जिले के कृषि वैज्ञानिक पंडित इंदु कुमार पाठक ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे संत समाज और सनातन परंपरा का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि माघ मेले के दौरान शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोके जाने और उनके शिष्यों के साथ कथित तौर पर मारपीट की खबरें बेहद निंदनीय हैं।उन्होंने इस पूरे प्रकरण के लिए मेला प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए और उत्तर प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मुद्दे को लेकर अमेठी के विभिन्न क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज के लोगों ने नाराजगी जताई है। जेहटा उसराहा गांव के ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा, जिला पंचायत प्रतिनिधि अखिलेश तिवारी सहित अन्य लोगों ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसी भी संत या धर्मगुरु के साथ इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है, कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए एवं दोषी अधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ कड़ीकार्रवाई सुनिश्चित की जाए।समाज के लोगों का कहना है,कि संत समाज का सम्मान बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। घटना के विरोध में मंगलवार को शंकराचार्य के शिष्यों और समर्थकों द्वारा सामूहिक राम नाम जप किया गया।इस दौरान प्रयागराज प्रशासन पर असंवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए शंकराचार्य से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# प्राथमिक विद्यालय कुटमरा,में तिलोई की संकुल बैठक सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । तिलोई-अमेठी**

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार मंगलवार को संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय कुटमरा तिलोई में प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।रविकांत मिश्र एवं सरला सिंह ने समस्त शिक्षक,शिजक्षिकाओं को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया।सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित नवनियुक्त ए आर पी अवनीश त्रिपाठी का स्वागत व अभिनन्दन करके बधाई दी गयी।बैठक का संचालन एआरपी अवनीश त्रिपाठी द्वारा किया गया।अवनीश त्रिपाठी ने बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया।उन्होंने बताया निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है,जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है,और समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। एवं कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा -परिचर्चा की गई।सहाना बानो,मीना सिंह,पल्लवी श्रीवास्तव,मनोज कुमार,सरला सिंह,प्रज्ञा तिवारी ने सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की।बैठक में सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा- परिचर्चा में जो सीखते हैं।और जो भी परियोजना के दिशा- निर्देश हैं,उनका अक्षरशः पालन करें। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा आप सब अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें।डायरी नियमित भरें,और पाठ योजना बनाकर ही शिक्षण कार्य करें।

## नगर विकास को मिली नई गति, मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष स्थानीय निकाय अध्यक्ष संघ बृजेश दत्त गौड़ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों के विषय में मंत्री को विस्तार से अवगत कराया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने डलमऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत आवासों के लिए धनराशि स्वीकृत किए जाने पर माननीय मंत्री का आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने जनपद रायबरेली में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को और तेज गति से प्रारंभ कर गरीब व जरूरतमंद परिवारों को शीघ्र लाभ दिलाए जाने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, संतोष त्रिवेदी, पिंटू तिवारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मंगलवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना एमएलके कालेज द्वारा प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकत्व मे सड़क सुरक्षा विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के झण्डेवाला पार्क मे किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना तथा वैदिक मंगलाचरण से हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय थे। विशिष्ट अतिथि आइ क्यू ए सी के समन्वयक प्रो श्री प्रकाश मिश्र, मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह, सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा तथा लेफ्टिनेंट कर्नल देवेन्द्र चौहान थे। कार्यक्रम के प्रारंभ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल ने सड़क सुरक्षा के महत्व के महत्व के विषय मे संक्षेप मे जानकारी दी। डॉ शुक्ल ने छात्र-छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा समिति के विषय मे जानकारी दी तथा इसके महत्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला। डॉ शुक्ल ने कहा कि सभी अभिभावक यह सुनिश्चित करे कि वे अपने बच्चों को किसी भी स्थिति मे विना लाइसेंस के वाहन चलाने न दे। डॉ शुक्ल ने छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं से कहा कि वे इस विषय मे जागरूकता को फैलाएं। प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने अपने सम्बोधन मे राहवीर के महत्व के विषय में बतलाया। प्राचार्य ने कहा कि समय पर इलाज से सड़क दुर्घटना मे घायल बहुत से मानव जीवन को बचाया जा सकता है। प्राचार्य ने हैलमेट तथा स्पीड लिमिट को निरंतर ध्यान मे रखने की बात कही। प्राचार्य ने कहा कि वे इस संबंध में जागरूकता का प्रचार करें।
सांस्कृतिक निदेशिका रेखा विश्वकर्मा ने नुक्कड नाटको के माध्यम से सडक सुरक्षा से संबंधित जानकारी के प्रति जागरूकता को समाज तक पहुंचाने मे स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं के योगदान की बात कही। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ए के दीक्षित, डॉ आशीष कुमार लाल, डॉ अभय नाथ ठाकुर व डॉ ओमप्रकाश उपस्थित थे।

# बाल कल्याण समिति का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए विभिन्न निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



मंगलवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा बाल कल्याण समिति (ष्ट्ङ्खष्ट), जिला बाल संरक्षण इकाई (ष्ठष्टक्क) एवं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित से कार्यों की प्रगति जानी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
बाल कल्याण समिति के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समिति के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि समिति में प्रस्तुत होने वाले प्रत्येक प्रकरण का विस्तृत विवरण प्रकरणवार दर्ज किया जाए तथा अगली पेशी/सुनवाई की तिथि का रिकॉर्ड भी अनिवार्य रूप से संधारित किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मामलों की समयबद्ध सुनवाई, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं बच्चों के हित में त्वरित निर्णय सुनिश्चित किया जाए।
बाल संरक्षण इकाई में समन्वय व प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी प्रकरणों में समन्वय बनाकर कार्य किया जाए तथा सभी योजनाओं/सेवाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समय से पहुंचाया जाए।
उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण सेवाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए शिकायत/सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को गति देने पर जोर
हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ, काउंसलिंग, सहायता/मार्गदर्शन एवं आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित सहायता प्रदान की जाए तथा जनजागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जाए।

## गांव के कुपोषित बच्चों को रोटरी क्लब ग्रेटर ने लिया गोद, वितरित की पुष्टाहार व दवाएं

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में जिलाधिकारी के निर्देश पर उतरौला तहसील के गरीबपुर गांव के अत्यंत ही कुपोषित बच्चों को रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर द्वारा गोद लेकर उनको पुष्टाहार और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई । रोटरी क्लब ग्रेटर के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने 20 जनवरी को बताया कि उतरौला तहसील के गरीबपुर गांव के अत्यंत ही कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया है । उन्होंने बताया कि गोद लिए बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला पर अधीक्षक डॉ0 चन्द्र प्रकाश सिंह की उपस्थिति में कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार तथा आवश्यक दवा प्रदान किया गया। यह सभी सामग्री बच्चों के स्वस्थ होने तक प्रदान किया जाएगा और हर माह आवश्यक जांच भी कराई जाएगी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डा0 जुबैर अहमद, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव, सचिव रोटेरियन डॉ सतीश सिंह,

# तिलोई के वार्ड नंबर15 में सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू, भूमि पूजन कर किया गया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



तिलोई नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में जिला पंचायत निधि से प्रस्तावित सीसी रोड निर्माणकार्य का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत निधि द्वारा तिलोई हनुमान गढ़ी से पूरे राजा होते हुए पूरे बोधी तक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में था,जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला पंचायत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं, जिससे न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में तिलोई क्षेत्र में और भी विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर जिला पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर जनप्रतिनिधियों और जिला पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# 132 स्मार्टफोन पुलिस ने किया बरामद, उनके स्वामियों को किया सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर पुलिस की साइबर सेल व CEIR टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से 132 गुमशुदा स्मार्टफोन (अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये) बरामद किया है। बरामद किए गए स्मार्टफोन को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया गया।
पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 20 जनवरी को बताया कि आम जनमानस द्वारा अपने मोबाइल खो जाने पर भारत सरकार के संचार मंत्रालय (Ministry of Communications) के दूरसंचार विभाग (Department of Telecommunications - DoT) द्वारा संचालित CEIR PORTAL (संचार साथी पोर्टल) Central Equipment Identity Register पर आमजन मानस द्वारा की गयी शिकायतों, UPCOP APP पर LOST ARTICLE REPORT व जनपद बलरामपुर के समस्त थानों से प्राप्त हो रहे मोबाइल फोन गायब व गुम हो जाने से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये गये अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी अपराध डॉ जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर सेल व समस्त थानों की CEIR टीम द्वारा कुल 132 अदद स्मार्ट फोन बरामद किये गये।
बरामदशुदा स्मार्ट फोन की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये। मोबाइल लौटाए जाने के दौरान, उपस्थित नागरिकों ने बलरामपुर पुलिस, विशेषकर साइबर टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य पुलिस की सतर्कता, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। इस पहल से न केवल जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ है कि जनपद बलरामपुर पुलिस हर पीड़ित की सहायता के लिए सदैव तत्पर है। बलरामपुर पुलिस का यह प्रयास न केवल गुमशुदा सम्पत्ति की बरामदगी का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आधुनिक तकनीक और टीम वर्क से किसी भी चुनौती को सफलता में बदला जा सकता है। जनपद बलरामपुर पुलिस आम जनमानस को विश्वास दिलाती है कि गुमशुदा मोबाइल बरामदगी की यह पक्रिया निरंतर जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल फोन बरामदगी करने वाली साइबर टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

## रायबरेली में राहुल गांधी का दमदार दौरा: क्रिकेट से लेकर सियासत तक, हर मोर्चे पर दिखा जोश

**रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे के दौरान युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। आईटीआई कॉलोनी स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स अकादमी रायबरेली द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग (RPL) T20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया।
इस अवसर पर राहुल गांधी ने टॉस उछालकर मैच की शुरुआत की, जिससे मैदान पर मौजूद युवा खिलाड़ियों और दर्शकों में जोश और उत्साह की लहर दौड़ गई। उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनका हौसला बढ़ाया और खेल के माध्यम से युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया।
यह टूर्नामेंट स्थानीय स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवाओं को मंच प्रदान करने का एक बड़ा प्रयास है, जिसमें कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के बाद राहुल गांधी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर के आवास पहुंचे।

# अपने संसदीय क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे राहुल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र के एक दिवसीय भ्रमण पर रायबरेली पहुंचे। इस एक दिवसीय भ्रमण के दौरान सांसद राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों से भेंट वार्ता की। तत्पश्चात नगर के आईटीआई परिसर स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में रायबरेली प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। आईटीआई ग्राउंड पर पहुँच कर राहुल गांधी ने सिक्का उछाल कर टॉस किया और सभी टीमों का उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत गांधी आनंद नगर स्थित नगर पालिका के अध्यक्ष के घर पहुंचे। यहाँ उन्होंने कुछ दिन पूर्व हुई नगर पालिका अध्यक्ष की बेटी की शादी के बाद परिजनों से भेंट कर नवदम्पत्ति को आशीर्वाद दिया। तदोपरांत गाँधी ने रोहनिया विकास खण्ड अंतर्गत उमरन में मनरेगा चौपाल को सम्बोधित किया। चौपाल को संबोधित करते हुए सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा का जो कांसेप्ट है उसके पीछे हमारी गवर्नमेंट थी, जो पंचायतें व लोकल गवर्नमेंट हैं उनको ज़िम्मेदारी दी जाये और उनको फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। उन्होंने कहा कि दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के जो गरीब लोग हैं उनके लिए मिनिमम वेज बने। जिससे कम कहीं वेज न हो यह हमारा लक्ष्य था। नरेंद्र मोदी जी यह नहीं चाहते। वह पावर को अपने हाथों में लेना चाहते हैं और ब्यूरोक्रेसी के पास डालना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मामला केवल नाम बदलने का नहीं है, मगर उन्होंने गांधी जी के नाम का अपमान जरूर किया है। उससे भी बड़ी बात जो हमारी गरीब जनता है उनका जो प्रोटेक्शन था वह हटा दिया गया है। जो हमारी मनरेगा स्कीम है उसे बचाने का आंदोलन कांग्रेस कर रही है ताकि जो मजदूरी करते हैं उन्हें प्रोटेक्शन मिले, इसके लिए हम लगे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं देश का पूरा का पूरा भाग गौतम अडानी और अंबानी के हाथ चला जाए। हम जनता की रक्षा कर रहे हैं। जनता का सपोर्ट कर रहे हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी जी देश का पूरा का पूरा हिस्सा अडानी और अंबानी को दे रहे हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जनपद-रायबरेली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनमानस को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें। साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें ''**बाल विवाह मुक्त भारत**'' अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

# पनकी में फैक्ट्री गोदाम से लाखो की हुई चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



पनकी में शातिर चोरों ने फैक्ट्री का गेट फांदकर अंदर दाखिल हुए और गोदाम से लाखों का माल पार कर दिया। सुबह ज़ब फैक्ट्री के कर्मचारी आये तो ताला टूटा देख सभी के होश उड़ गए। फैक्ट्री मैंनेजर ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। जाँच के दौरान पुलिस को सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद मिली। एक सप्ताह बाद पुलिस आयुक्त के आदेश पर पनकी पुलिस ने मुकदमा दर्जकर लिया। काकादेव थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी एसके जैन की पनकी थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में थर्मो डायनमाइक सर्विस के नाम से गोदाम है। गोदाम मैंनेजर दीपक दास ने बताया की बीते 12 जनवरी को रात करीब आठ बजे वह अपने कर्मचारियों के साथ फैक्ट्री के मेन गेट पर ताला लगाकर घर चले गए थे। देर रात चार शातिर चोर गेट के मेन से चढ़कर फैक्ट्री के अंदर दाखिल हुए एक चोर गाड़ी फैक्ट्री के मेन गेट पर लगाकर रखता है। बाकी चार शातिर अंदर चोर दाखिल होकर फैक्ट्री के अंदर से कॉपर वायर बंडल, स्टैंकेर मशीन चार्जर, इनवर्टर सेट बैटरी सहित, पीतल व ताम्बे के स्पयेर, व औजार सहित लगभग साढ़े तीन लाख रूपये का माल गाड़ी में लादकर फरार हो गए। अगले दिन सुबह ज़ब वह फैक्ट्री आये तो अंदर से लगा ताला टूटा मिला और ममेन गेट का छोटा दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान गायब था। जिसके बाद उन्होंने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स पहुंचा और घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। जाँच पड़ताल के दौरान पुलिस को सारी घटना सीसीटीवी में किड मिली।

### घटना के एक सप्ताह बाद पनकी पुलिस ने पुलिस आयुक्त के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा

फैक्ट्री के मैंनेजर दीपक दास ने पनकी पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया की घटना के बाद वह बीते 13 जनवरी को पनकी पुलिस के पास तहरीर लेकर पहुँचे तो पुलिस ने उन्हें जाँच कर कार्रवाई की बात कहकर टरका दिया। जिसके बाद वह पनकी इंडस्ट्रियल एरिया के चेयरमैन आरके अग्रवाल के पास पहुँचे और घटना से अवगतकराया जिसके बाद उन्होंने पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल से मिलकर घटना से अवगत कराया जिसके बाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सोमवार देर रात मुकदमा दर्जकर जाँच शुरू की।

### क्या बोले थाना प्रभारी

पनकी इंडस्ट्रियल एरिया में बने फैक्ट्री के गोदाम में चोरी की घटना हुई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है फुटेज़ कब्जे में लेकर शातिरों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# चौबेपुर–शिवराजपुर भूमि विकास बैंक चुनाव में बड़ा राजनीतिक बदलाव, भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



चौबेपुर। शिवराजपुर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य ग्राम विकास बैंक (भूमि विकास बैंक) के चुनाव के दौरान एक महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन देखने को मिला है। लंबे समय से समाजवादी पार्टी के प्रभाव वाले इस क्षेत्र में इस बार भारतीय जनता पार्टी को निर्णायक बढ़त मिली, जिसे स्थानीय राजनीति में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर-शिवराजपुर ब्लॉक से भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र दीक्षित का नामांकन निर्विरोध रूप से स्वीकृत होने के साथ ही उनका निर्वाचन तय हो गया। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और क्षेत्र में इसे संगठनात्मक मजबूती और जनसमर्थन की जीत के रूप में प्रचारित किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, प्रत्याशी के प्रस्तावक मोहित शुक्ला, अनुमोदक भार्गवी नारायण पांडेय, रवी बाजपेई सहित शिवराजपुर और चौबेपुर ब्लॉक के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधि का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह परिणाम पार्टी संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता के भरोसे का प्रतीक है। नेताओं ने उम्मीद जताई कि श्री सुरेन्द्र दीक्षित अपने कार्यकाल में किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और बैंक से जुड़े लाभार्थियों के हितों को प्राथमिकता देंगे तथा भूमि विकास बैंक की सेवाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएंगे।स्थानीय नागरिकों ने भी इस चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नए प्रतिनिधि के नेतृत्व में बैंक की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, ऋण प्रक्रिया सरल बनेगी और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को गति मिलेगी। किसानों और लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाने की अपेक्षा जताई गई।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह परिणाम आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति की दिशा और रणनीति को प्रभावित कर सकता है। माना जा रहा है कि इससे स्थानीय स्तर पर भाजपा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और अन्य राजनीतिक दलों की रणनीतियों में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। समग्र रूप से देखा जाए तो चौबेपुर-शिवराजपुर भूमि विकास बैंक चुनाव का यह परिणाम न केवल बैंक प्रशासन के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर शिवराजपुर ब्लॉक कार्यालय में बैठक

## मिशन 2027 को लेकर संगठनात्मक मजबूती पर जोर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शिवराजपुर ब्लॉक कार्यालय परिसर में मतदाता गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिल्हौर विधानसभा से सपा से दावेदारी कर रहे विनय कोरी ने की। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाकर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा। बैठक में अभियान प्रभारी नासिरुदीन, वरिष्ठ नेता श्याम सुन्दर यादव, जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बब्लू मिश्रा तथा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक स्तर के सभी स्ढ्क्र पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इस दौरान मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया किनए मतदाताओं, विशेषकर युवाओं के नाम तेजी से सूची में जोड़े जाएं, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को त्रुटिरहित बनाया जाए,प्रत्येक बूथ स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर पात्र मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति प्रेरित किया जाए।

अध्यक्षता करते हुए विनय कोरी ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का आधार होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अभियान को आगे बढ़ाएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए।उन्होंने ÷मिशन 2027÷ के तहत संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और बूथ स्तर तक सक्रियता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। उनका कहना था कि मजबूत संगठन और जागरूक मतदाता ही क्षेत्र के समग्र विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बना सकते हैं।बैठक के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में अभियान को और तेज करने,

घर-घर संपर्क अभियान चलाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी कहा कि प्रशासन और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अभियान को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाएगा, जिससे आने वाले चुनावों में अधिकतम मतदाता सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



■ अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर 10 लाख की रंगदारी मांगने का था आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पीड़िता की मां की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के अनुसार, उनकी 15 वर्षीय बेटी को बीते छह माह से कन्नौज जनपद के ठठिया थाना क्षेत्र के खुमानपुरवा गांव निवासी सुमित यादव स्कूल आते-जाते समय परेशान कर रहा था। आरोप है कि बीते माह एक दिन आरोपी ने अपने एक साथी की मदद से किशोरी को जबरन अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए।पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि आरोपी इन तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग कर रहा था।

साथ ही उसने किशोरी को एक कीपैड मोबाइल देकर संपर्क में बने रहने का दबाव भी बनाया। परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपी पहले भी इसी तरह के मामले में जेल जा चुका है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी को लालपुर हाईवे अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।

आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है और पीड़िता को हरसंभव कानूनी सहायता व सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

# निर्माणाधीन फार्म हाउस में करंट हादसा

## हाई टेंशन लाइन से छू गया लोहे का पाइप, मौत



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चौबेपुर। थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव स्थित दरियापुर बंगला में मंगलवार को निर्माणाधीन फार्म हाउस पर काम के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब मजदूर द्वारा ले जाया जा रहा लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन बिजली लाइन से संपर्क में आ गया। मृतक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोवा गार्डन निवासी 45 वर्षीय बउआ शर्मा पुत्र स्वर्गीय रामसनेही शर्मा के रूप में हुई है। वह पिछले लगभग 20 वर्षों से दरियापुर बंगला गांव स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहे थे। बउआ शर्मा अविवाहित थे और अपने दोनों भाइयों के साथ भट्टे के पास ही निवास करते थे।

परिजनों के अनुसार, बीते करीब दस दिनों से वह विशुनपुर गांव के पूर्व प्रधान राम बहादुर के दरियापुर बंगला स्थित फार्म हाउस में निर्माण कार्य में लगे हुए थे। मंगलवार को टीन शेड लगाने के लिए लगभग 20 फीट लंबा लोहे का पाइप एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय पाइप ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से छू गया। करंट की चपेट में आते ही वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही अन्य मजदूर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही चौबेपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खेरेश्वर धाम मंदिर परिसर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन, 70 मरीजों की जांच, 15 मोतियाबिंद पीड़ित ऑपरेशन के लिए रेफर



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शिवराजपुर। शिवराजपुर ब्लॉक के खेरेश्वर धाम शिवराजपुर मंदिर परिसर में आज निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में नेत्र परीक्षक डॉ. उपदेश सिंह द्वारा कुल 70 मरीजों की आंखों की जांच की गई।जांच के दौरान 15 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें आगे के उपचार और ऑपरेशन के लिए साईं हॉस्पिटल, कानपुर भेजा गया। आयोजकों ने बताया कि चयनित मरीजों का ऑपरेशन, दवाइयां और चश्मा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

शिविर के आयोजन में महंत वीरेंद्रपुरी रामबाबू यादव, गंगानारायण , प्रियांशु सविता, दुर्गेश कुमार, दिनेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### फसलों की नही बल्कि घरों की सिचांई करने लगे माइनर

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। किसानों सहित क्षेत्र की जनता पर माइनर कहर बनकर टूटा। वैसे तो सरकार ने माइनर को किसानों की फसल को सींचने के लिये निकाला था जो किसानों की भारी भरकम फसल कर सिंचाई कर फसल की अच्छी पैदावार के लिये सहायक होगा। लेकिन लापरवाही और खाऊ कमाऊ नीति का परिणाम रहा कि माइनर किसानों को घरों को सींचने लगा। माइनर ऐसा ओवर फ्लो हुआ कि पानी लोगो गांव में घुसकर लोगो के घरों में भर गया। जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई तो समस्या और समाधान के प्रबन्धों की बात करने लगे यह समस्या आई कैसे कहां पर कमी रही कोई भी अधिकारी नही बता रहा है। गौरतलब हो कि खीरी ब्रांच से निकली कठवा माइनर के शीतलपुर गांव के निकट ओवरफ्लो होने से गांव के किनारे बने करीब 20 घरों में पानी घुस गया। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात करीब दो बजे अचानक रोहित यादव, लाला मिस्त्री, दौलत, गुड्डू, रामस्वरूप, बाबू और देशराज के घरों में नहर का पानी घुसने से राशन, कपड़े समेत घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा।किसान राघवेंद्र का कहना है कि यह घटना कोई नई नहीं है। इससे पहले गत चार जनवरी को भी कठवा माइनर कट गई थी, जिससे किसानों की करीब 80 बीघा फसल को नुकसान हुआ था। पखवारे भर में दूसरी बार माइनर के पानी से नुकसान होने पर किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर विभाग द्वारा माइनर की मरम्मत और निगरानी नहीं किए जाने से ऐसा हो रहा है। एसडीओ तरुण त्रिवेदी ने बताया कि माइनर शीतलपुर गांव तक है अगर किसान अपनी जमीन देंगे तो माइनर को चिल्का चांदी झील में गिरा दिया जाएगा। तब यह समस्या नहीं होगी।

### टपक सिचाई पद्धति से होगी अच्छी पैदावार

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि( गन्ना, गेंहू, सरसों आदि)/औद्यानिक( शाकभाजी, आलू, मटर, आम आदि) फसलों में कृषकों को कम लागत में गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन, रोगरहित फसल, सिंचाई की लागत में कमी, खरपतवार पर नियंत्रण के साथ-साथ पानी में उर्वरकों को मिलाकर फसलों को पोषक तत्व देने में आसानी आदि के लिये ड्रिप /स्प्रिंकलर के जरिए फौव्वारा व टपक सिंचाई पद्धति के लिए जनपद में कुल 2012 हेक्टेयर में उद्यान विभाग सिंचाई के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन आदि सिंचाई उपकरणों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा। इसके जरिए सिंचाई करने पर भू गर्भ जल की बचत होगी। डिंऊप/स्प्रिंकलर सिस्टम के सेट पर लघु, सीमांत किसानो को 90 व सामान्य किसान को 80 फीसद अनुदान दिया जाएगा।

### आज होगा किसान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि शासनादेश दिनांक-15 नवम्बर 2019 के द्वारा किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु किसान दिवस जनपद स्तर पर मनाये जाने के निर्देश है।उक्त के क्रम में माह जनवरी 2026 के किसान दिवस का आयोजन दिनांक-21.01.2026 समय दोपहर 12.00 बजे से विकास भवन सभागार, सीतापुर में किया जायेगा।

### महिला आरिक्षत बोगियों को युवको का कब्जा

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। सीतापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन सांयकाल लगभग 6 बजे गोमतीनगर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 55089 की महिला आरक्षित बोगियों में नियमित यात्रा करने वाली महिला यात्रियों ने बेहतर व्यवस्था की अपेक्षा जताई है। यात्रियों का कहना है कि कुछ नियमित यात्री आरक्षित सीटों पर अनावश्यक रूप से कब्जा कर लेती हैं, जिससे गर्भवती महिलाओं, बच्चों के साथ सफर कर रहीं माताओं एवं छात्राओं को असुविधा होती है। महिला यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से विनम्र अपील की है कि महिला बोगियों में अनुशासन, समानता और सौहार्द बनाए रखने हेतु निगरानी बढ़ाई जाए।

# नैमिषारण्य में सप्तम श्री सतचण्डी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जनपद के पावन तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य अंतर्गत ग्राम व पोस्ट ततरोई स्थित बैरागी बाबा परिसर में आगामी 19 जनवरी 2026 (सोमवार) से 25 जनवरी 2026 (रविवार) तक सप्तम श्री सतचण्डी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक रंजीत रावत, प्रधान ग्राम पंचायत ततरोई ने बताया कि यह महायज्ञ प्रति वर्ष श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाता है। इस वर्ष भी विद्वान वैदिक आचार्यों एवं पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ माँ दुर्गा की उपासना हेतु श्री सतचण्डी महायज्ञ संपन्न कराया जाएगा। यज्ञ के माध्यम से विश्व शांति, लोक कल्याण, सुख-समृद्धि एवं राष्ट्र उन्नति की कामना की जाएगी। सप्तदिवसीय महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल से हवन-पूजन, यज्ञ आहुति, देवी पाठ, आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। साथ ही आयोजित विराट संत सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे संत-महात्मा, महंत एवं धर्माचार्य अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर व्यापक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। ग्रामवासियों के सहयोग से आवास, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

आयोजक मंडल का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को भी सुदृढ़ करेगा। नैमिषारण्य जैसे पावन तीर्थ क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह महायज्ञ एवं संत सम्मेलन क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। आयोजक एवं समस्त ग्रामवासी सभी श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की विनम्र अपील कर रहे हैं।

# डीएम के आदेश के बाद भी कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार नही

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

स्थानीय विकास खण्ड में जिलाधिकारी डॉ.राजा गणपति आर के सख्त निर्देशों के बावजूद कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। अहमदपुर जट क्लस्टर में तैनात ग्राम पंचायत सचिव राहुल सिंह की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार उनकी प्रभार वाली पंचायतों में विकास कार्यों, दवा छिड़काव, नल मरम्मत, स्टेशनरी एवं अन्य मदों में लगभग 28 लाख रुपये के भुगतान पर पारदर्शिता को लेकर संदेह जताया जा रहा है।बताया जा रहा है कि कुछ ऐसी फर्मों को भुगतान किए गए हैं जिनका धरातल पर कार्य स्पष्ट नहीं दिखता। यह भी आरोप है कि यह सब कुछ खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार के कार्यक्षेत्र में होने के बावजूद प्रभावी निगरानी का अभाव रहा। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को मुख्यालय पर निवास के निर्देश दिए गए हैं, पर उनके पालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अहमदपुर जट क्लस्टर में मनिकापुर, अहमदपुर जट, सरसौली एवं गढ़ीरावां आदि पंचायतें शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से दवा छिड़काव व सफाई कार्य नहीं हुए, जबकि संबंधित मदों में भुगतान दर्शाए गए हैं। नालियों की स्थिति व सामुदायिक शौचालयों के बंद रहने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इसके अतिरिक्त, मजदूरी भुगतान, केयरटेकर मानदेय और प्रमाण पत्रों से जुड़े कार्यों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे हैं।

### डीएम ने देखी पार्क की व्यवस्थाएं कार्यदायी संस्था को दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देंखी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने पार्क की लाइट व्यवस्था सही न होने पर कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने पार्क में लगी इंटरलाकिंग की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि पार्क की सुन्दरता बढ़ाने के लियें फूल वाले पौधें ज्यादा से ज्यादा लगाये जायें तथा पार्क में वाटर पॉन्ड को देखते हुये जल भरने की व्यवस्था एवं जल निकासी के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि बाउन्ड्रीवाल को सही कराते हुये वाल पेंटिंग अवश्य करायी जाये।

# एक सप्ताह के अन्दर संचालिस हो जायेगे सभी आरोग्य मंदिर

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यों में गम्भीरता लायें। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कोई भी प्रभारी चिकित्साधिकारी बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। सभी सी0एच0ओ0 अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित होकर कार्य करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले सी0एच0ओ0 के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभी अक्रियाशील आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एक सप्ताह के भीतर संचालित कराया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई कवच पोर्टल एवं आरसीएच पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य पूरी शुद्धता के साथ किया जाये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र एवं पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस व्यापक रूप से आयोजित किये जायें तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। पीएमएसएमए के अवसर पर एच0आर0पी0 महिलाओं का चिन्हीकरण सुनिश्चित करते हुये उनकी समस्त सूचनाएं मोबाइल नम्बर सहित एकत्रित की जायें तथा एच0आर0पी0 के कारण का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले सी0एच0ओ0 को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये। ?जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रूप से संचालित किया जाये।

### मनरेगा कार्यों में बड़ा घोटाला- एक ही श्रमिक की कई मास्टररोल पर हाजिरी दर्ज

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत अकबापुर एवं खालगांव में मनरेगा कार्यों के संचालन में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत स्तर पर जिम्मेदार कर्मियों द्वारा मनरेगा की मजदूर उपस्थिति (मास्टर रोल) में धांधली कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, एक ही श्रमिक का नाम कई मास्टररोलों पर दर्ज करके, तथा एक ही दिन में अलग-अलग कार्यों पर हाजिरी दिखाकर, लाखों रुपये की सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया गया है। आरोप यह भी है कि कई मजदूर ऐसे हैं जिन्हें वास्तविकता में कार्य स्थल पर कभी देखा ही नहीं गया, जबकि कागजों में उनकी उपस्थिति नियमित दिखाई जा रही है। बताते चले कि ग्राम पंचायत अकबापुर में शारदा नहर डामर रोड से छैलबिहारी पंडित के खेत तक: चकमार्ग निर्माण कार्य पर 48 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है,

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सीनियर और युवा नेताओं के बीच संतुलन स्थापित करना नितिन नबीन के लिए होगी बड़ी चुनौती

**वहीं सरकार और पार्टी के अहम नेता के तौर पर अमित शाह भी इन दोनों समितियों का हिस्सा रहेंगे। लेकिन युवा नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने के लक्ष्य और नई बीजेपी के गठन के लिए कई दिग्गज नेताओं को इससे बाहर जाना ही पड़ेगा। इन दोनों समितियों का पुनर्गठन करने के बाद पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन को अपनी राष्ट्रीय टीम - यानी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, राष्ट्रीय महासचिवों, राष्ट्रीय सचिवों और राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों , समितियों और विभागों के मुखियाओं की भी नियुक्ति करनी पड़ेगी।**

*भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीख जारी हो गई है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाए गए डॉ के.लक्ष्मण ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। संगठन पर्व -2024 के तहत जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पार्टी ने शुक्रवार को ही निर्वाचक मंडल सूची का प्रकाशन कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 19 जनवरी से शुरू हो जाएगी। 19 जनवरी को ही दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। इसी दिन शाम को 4 से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। शाम 5 से 6 बजे तक नाम वापस लिया जा सकता है। अगर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए एक से अधिक नेता नामांकन भरेंगे तो 20 जनवरी को चुनाव करवाया जाएगा। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए बीजेपी में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसलिए यह तय माना जा रहा है कि 20 जनवरी को सर्वसम्मति से पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन के चुने जाने का ऐलान कर दिया जाएगा। हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नबीन के पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के साथ ही पार्टी में नए और बड़े बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। नितिन नबीन बीजेपी के न केवल सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे बल्कि वह पार्टी के पहले ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे जिनका जन्म पार्टी की स्थापना के बाद हुआ है। बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी जबकि नितिन नबीन का जन्म इसके 47 दिन बाद 23 मई 1980 को हुआ था। ऐसे में अब बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह साबित करने की भी है कि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी सिर्फ प्रतीकात्मक बदलाव का पर्याय भर बन कर न रह जाए। वहीं नई बीजेपी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका दिया जाना बहुत जरूरी है। यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद बिहार से आने वाले इन युवा नेता के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी टीम का गठन करना होगा। पार्टी संविधान के मुताबिक, पार्टी में सर्वोच्च फैसला लेने वाली इकाई पार्टी का संसदीय बोर्ड है। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति का नंबर आता है जो चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन करता है। फिलहाल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जेपी नड्डा है लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाने के बाद नितिन नबीन ही पार्टी का फैसला लेने वाले इस सर्वोच्च इकाई के अध्यक्ष होंगे। वर्तमान में नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, बी एस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, के.लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव और सत्यनारायण जटिया संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष संसदीय बोर्ड के सचिव के तौर पर इसमें शामिल हैं। इनमें से बीएल संतोष को छोड़कर बाकी सभी नेता 60 से ज्यादा उम्र के हैं। संसदीय बोर्ड के ये सारे सदस्य पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। संसदीय बोर्ड में शामिल इन 11 नेताओं के अलावा भूपेन्द्र यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, और वनथी श्रीनिवासन केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल हैं। सरकार के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नितिन नबीन की अध्यक्षता वाले पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति दोनों में ही शामिल रहेंगे।*

## एक्सप्रेस आलेख

'धर्म' ही सृष्टि नियम है। कोई भी अपने स्वभावगत धर्म में सहज विरत नहीं हो सकता है। अपने को परिष्कृत करने के लिए सतत साधना, कठोर अभ्यास एवं निरंतरता चाहिए। वैसे भी जहां धर्म है वहां विजय है और जहां विजय है वहीं यश, कीर्ति, लक्ष्मी और वैभव है, जिसमें कि जहां भी ये सभी कुछ है, वहां फिर शांति-सुख के लिए सहज प्रयास भी बड़े परिणामकारी होते हैं। ऐसे में यदि भारत को परम वैभव चाहिए तो फिर उसके प्रत्येक नागरिक को धर्मयुक्त आचरण तो करना ही होगा, यहां विशेष रूप से सभी को समझना चाहिए कि 'धर्म' का अर्थ संकुचित अर्थ में रिलीजन, मत, पंथ, मजहब तो बिल्कुल नहीं है।

# धर्म ही है सृष्टि का संचालक और भारत के पुनरुत्थान का आधार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**अब यदि किसी को 'धर्म' के वास्तविक अर्थों को ओर गहराई से जानना है तो थोड़ा प्रयास करें, अध्ययन की गहराइयों में उतरें और 'धर्म' को जानते हुए अपने होने के सच्चे अर्थ को भी जानें। वस्तुतः यही भारतीय वांग्मय का चिंतन है और यही संघ के सर संघचालक डॉ. भागवत के मन का भाव भी होने के अर्थ में समझ आता है। अंत में इतना ही कि हम सभी धर्म को अपने आचरण विषय बनाएं।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'धर्म' को सृष्टि का संचालक बताया है। उनका कथन है, सृष्टि निर्माण के साथ उसके संचालन के लिए बने नियम ही धर्म हैं। ये नियम विश्वव्यापी हैं। कोई व्यक्ति या वस्तु पूर्णतः अधर्मी नहीं हो सकते। निश्चित ही ये प्राचीन ग्रंथों की गहन व्याख्या पर आधारित उनका धर्म के विषय में निष्कर्ष है। श्रीमद्भागवत, मनुस्मृति, पाराशर स्मृति, महाभारत जैसे ग्रंथ 'धर्म' को स्वाभाविक नियम के रूप में परिभाषित करते हैं और वर्तमान संदर्भों में भी डॉ. भागवत के विचारों को व्यावहारिक और भारत के लिए अनिवार्य सिद्ध करते हैं। डॉ. भागवत जी का मूल सूत्र यही है कि 'धर्म' ही पूरी सृष्टि का ड्राइवर है। यही श्रीमद्भागवत पुराण में कहा गया है 'धर्मः सनातनः सर्वस्य मूलं' अर्थात् धर्म सनातन है और समस्त सृष्टि का मूल। भगवान विष्णु स्वरूप में सृष्टि संचालित करते हैं। नियम 'धर्म' के रूप में निर्धारित हैं। यहां डॉ. भागवत जल को बहने और अग्नि को जलाने का 'धर्म' बताते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसा श्रीमद्भागवत पुराण 5.26.18 में वर्णित मिलता है। 'प्रत्येक तत्व का स्वभाव स्वधर्म सृष्टि संतुलन का आधार है।' भागवतजी इसे आध्यात्मिक एकता से जोड़ते हैं। भारत जैसे बहुलवादी समाज में यह दृष्टि आवश्यक भी है, क?योंकि आज देखने में भी यही आ रहा है, पश्चिमी व्यक्तिवाद सामूहिक कर्तव्य को कमजोर कर रहा है।

**मनु और पाराशर स्मृति में सामाजिक संरचना और कर्तव्यः** हम देखते हैं, प्राचीन न्याय ग्रंथ मनुस्मृति भी अपने श्लोक 7.35 के माध्यम से 'राजधर्म' को प्रजा रक्षा के रूप में वर्णित करती है। डॉ. भागवत कहते हैं राज्य सेक्युलर हो सकता है किंतु मनुष्य नहीं। प्रत्येक वर्ण-आश्रम का स्वधर्म अनिवार्य है। समीक्षात्मक रूप से भारत में सेक्युलरिज्म का दुरुपयोग धार्मिक पहचान को कुचल रहा है। मनुस्मृति के अनुसार धर्मरहित राज्य अराजकता को निमंत्रण है। वहीं, पाराशर स्मृति आज के संदर्भ में विशेष प्रासंगिक है। ऋषि पाराशर 4.12 कर्मयोग पर बल देते हैं। निष्काम भाव से कर्तव्य पालन करते रहना ही व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उन्नति का मार्ग है। समीक्षा में यह दर्शन युवाओं के लिए आदर्श होना चाहिए। पाराशर स्मृति लचीलापन भी प्रदान करती है। स्वभाविक है कि धर्मनिष्ठा से अहंकार मुक्त सेवा राष्ट्र को मजबूत बनाती है।

**महाभारत में धर्म रक्षाः** महाभारत इस 'धर्म' दर्शन का महाकाव्य रूप है। भीष्म पितामह युधिष्ठिर को उपदेश देते हैं अनुशासन पर्व 165.58 'धर्मो रक्षति रक्षितः' अर्थात् धर्म की रक्षा करने वाला स्वयं सुरक्षित रहता है। महाभारत शांति पर्व 109.10 में कृष्ण कहते हैं 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।' प्रत्येक का स्वधर्म पालन ही सृष्टि संचालन है। समीक्षात्मक विश्लेषण से महाभारत धर्म को व्यावहारिकता में सिद्ध करता है। कुरुक्षेत्र युद्ध अधर्म के विरुद्ध था। आज भारत को आंतरिक और बाहरी चुनौतियों से जूझना है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार हो या महाभारत काल में कुरुक्षेत्र में अधर्म के विरोध में युद्ध का अनिवार्य होना, निश्चित ही ये धर्मबल ही है जो हर हाल में विश्व गुरुत्व के लिए भारत के लिए अनिवार्य किया गया है, इसलिए प्रत्येक भारतवासी को धर्माचरण युक्त रहना चाहिए। इस बात को अन्य 'धर्म' ग्रंथ जैसे उपनिषद् और गीता भी समर्थन देते हुए दिखाई देते हैं। ईशावास्य उपनिषद् का प्रथम श्लोक कहता है- 'ईशावास्यमिदं सर्व यत्किञ्च जगत्यां जगत् तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम।' सृष्टि ईश्वरीय नियम धर्म से संचालित है। भगवद्गीता 3.35 स्वधर्म पर जोर देती है। यही बातें डॉ. भागवत ने अपने भाषण के दौरान अपने ढंग से कही हैं और इन सभी को व्यक्तिगत कर्तव्य से जोड़ा है। जैसे कि रामायण में राम का राजधर्म त्याग और अपने कर्तव्य का प्रतीक है। कहना होगा कि 'धर्म' भारत की रग-रग में बसा है। भारत में धर्मांतरण, गैर मुसलमानों के विरोध में जिहाद, नैतिक क्षय जैसी समस्याएं चहुंओर व्याप्त दिखती हैं। किंतु इन सभी संकटों का एक ही उपाय है, जिसे डॉ. मोहन भागवत ने स्पष्ट रूप से सभी को बताया है और वह विचार है ' सर्वस्व धर्म खड़ा होगा तो भारत विश्व गुरु बनेगा।' आज यह भी समझना होगा कि सेक्युलर राज्य का अर्थ धर्मविरोधी होना बिल्कुल नहीं है। भारत का संविधान भी धर्मनिरपेक्षता को सह-अस्तित्व मानता है। डॉ. भागवत का आह्वान अहंकार मुक्त सेवा के लिए 'स्व' का समर्पण कर देने के लिए भी है। कुल मिलाकर वर्तमान में राष्ट्रीय स?वयंसेवक संघ के सर संघचालक आज जो कह रहे हैं या परंपरा में हमारे प्राचीन ग्रंथ समय-समय पर 'धर्म' के अर्थ को समझाते हुए जो कहना चाहते रहे हैं, उन सभी का एक ही मूल है। 'धर्म' ही सृष्टि नियम है। कोई भी अपने स्वभावगत धर्म में सहज विरत नहीं हो सकता है। अपने को परिष्कृत करने के लिए सतत साधना, कठोर अभ्यास एवं निरंतरता चाहिए। वैसे भी जहां धर्म है वहां विजय है और जहां विजय है वहीं यश, कीर्ति, लक्ष्मी और वैभव है, जिसमें कि जहां भी ये सभी कुछ है, वहां फिर शांति-सुख के लिए सहज प्रयास भी बड़े परिणामकारी होते हैं। ऐसे में यदि भारत को परम वैभव चाहिए तो फिर उसके प्रत्येक नागरिक को धर्मयुक्त आचरण तो करना ही होगा, यहां विशेष रूप से सभी को समझना चाहिए कि 'धर्म' का अर्थ संकुचित अर्थ में रिलीजन, मत, पंथ, मजहब तो बिल्कुल नहीं है, अब यदि किसी को 'धर्म' के वास्तविक अर्थों को ओर गहराई से जानना है तो थोड़ा प्रयास करें, अध्ययन की गहराइयों में उतरें और 'धर्म' को जानते हुए अपने होने के सच्चे अर्थ को भी जानें। वस्तुतः यही भारतीय वांग्मय का चिंतन है और यही संघ के सर संघचालक डॉ. भागवत के मन का भाव भी होने के अर्थ में समझ आता है। अंत में इतना ही कि हम सभी धर्म को अपने आचरण विषय बनाएं क्योंकि इसी में भारत का हित है और इसी में भारत के प्रत्येक व्यक्ति की सच्चे अर्थों में सर्वांग उन्नति है।

**डॉ. भागवत कहते हैं राज्य सेक्युलर हो सकता है किंतु मनुष्य नहीं। प्रत्येक वर्ण-आश्रम का स्वधर्म अनिवार्य है। समीक्षात्मक रूप से भारत में सेक्युलरिज्म का दुरुपयोग धार्मिक पहचान को कुचल रहा है। मनुस्मृति के अनुसार धर्मरहित राज्य अराजकता को निमंत्रण है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 14:47 तक |
| नक्षत्रः | तृतीया 13:58 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | व्यतीपात, 18:58 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:51 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 12:33-13:52 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### जमा लिए हैं डेरा !

*हैं हमलावर सारे ।*
*जमा लिए हैं डेरा ।।*
*हो उनका बस अंधकार ।*
*अपना ही सबेरा ।।*
*जाल फेंकने के लिए ।*
*रहे हैं सारे भाग ।।*
*जीतने की ललक ।*
*और अंदर है आग ।।*
*जनमानस की लेकिन ।*
*है परिक्रमा काल ।।*
*करना उनको पाले में ।*
*अब तो है हर हाल ।।*
*दिए हैं पासा फेंक ।*
*है बस थोड़ा इंतजार ।।*
*झेलने को कुछ भी ।*
*हैं बैठे तैयार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# जिम में हैवी वेटलिफ्टिंग दिल पर डाल सकती है बुरा असर?

**अक्सर** लोग फिट रहने के लिए जिम जाते हैं और हैवी एक्सरसाइज करते हैं और कुछ लोग हैवी वेटलिफ्टिंग करते हैं, इससे शरीर को टोन करने, शरीर को एनर्जी देने और नींद की क्वालिटी में सुधार करने में मदद मिल सकती हैं, लेकिन क्या इसके कारण हार्ट पर बुरा असर होता है? या इसके कारण हार्ट से जुड़ी परेशानियों का खतरा बढ़ सकता है? डॉ. विकास गोयल के अनुसार, जब भारी वेटलिफ्टिंग गलत तरीके से या बिना सही मेडिकल गाइडेंस के की जाती है, तो यह हार्ट के लिए काफी खतरनाक हो सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें पहले से ही दिल की बीमारी है या जिसका पता नहीं चल पाता है डॉ. विकास गोयल बताते हैं कि एक कार्डियोलॉजिस्ट के नजरिए से समझे तो बहुत ज्यादा वजन उठाने में अक्सर सांस रोकना या वाल्साल्वा मैन्यूवर शामिल होता है, जिससे ब्लड प्रेशर में अचानक तेजी आती है और दिल पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है। अचानक होने वाले इस दबाव के कारण अचानक से सीने में दर्द होने, दिल की धड़कन के तेज होने, हार्ट बीट में गड़बड़ी होने, चक्कर आने, सांस फूलने जैसे परेशानियां पैदा कर सकता है और कुछ मामलों में कमजोर लोगों में हार्ट अटैक भी आ सकता है। डॉ. विकास गोयल के अनुसार, समय के साथ बहुत ज्यादा या गलत तरीके से भारी वजन उठाने से दिल की मांसपेशियां, खासकर बायां वेंट्रिकल मोटी हो सकती हैं, जिससे अगर एरोबिक एक्सरसाइज के साथ बैलेंस न किया जाए, तो दिल के सामान्य रूप से आराम करने की क्षमता कम हो सकती है।



**हार्ट को हेल्दी रखने के लिए क्या करें?:** डॉ. विकास गोयल बताते हैं कि रेजिस्टेंस ट्रेनिंग खुद हानिकारक नहीं है और सही तरीके से करने पर यह कार्डियोवस्कुलर हेल्थ के लिए फायदेमंद है। हल्के वजन का इस्तेमाल करना, कंट्रोल्ड मूवमेंट पर ध्यान देना, सही सांस लेना और धीरे-धीरे आगे बढ़ना मांसपेशियों की ताकत, इंसुलिन सेंसिटिविटी और दिल की ओवरऑल हेल्थ को बेहतर बना सकता है।

**किन लोगों को होता है हार्ट की समस्या का खतरा?:** डॉ. विकास गोयल कहते हैं कि जिन लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, दिल की बीमारी की फैमिली हिस्ट्री जैसे रिस्क फैक्टर हैं या जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है, उन्हें भारी वेटलिफ्टिंग शुरू करने से पहले बेसिक कार्डियक जांच करवानी चाहिए। एक बैलेंस्ड फिटनेस रूटीन जिसमें हल्के रेजिस्टेंस ट्रेनिंग को रेगुलर एरोबिक एक्सरसाइज के साथ मिलाया जाता है और अगर हो सके तो प्रोफेशनल की देखरेख में, शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ दिल की सुरक्षा का सबसे सुरक्षित और असरदार तरीका है। डॉ. विकास गोयल कहते हैं कि जिन लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, दिल की बीमारी की फैमिली हिस्ट्री जैसे रिस्क फैक्टर हैं या जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है, उन्हें भारी वेटलिफ्टिंग शुरू करने से पहले बेसिक कार्डियक जांच करवानी चाहिए। एक बैलेंस्ड फिटनेस रूटीन जिसमें हल्के रेजिस्टेंस ट्रेनिंग को रेगुलर एरोबिक एक्सरसाइज के साथ मिलाया जाता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# रूस-चीन की दिलचस्पी सैनिक कार्रवाई रही नहीं



उमेश चतुर्वेदी

**रूस के संसाधन, सेना, सैन्य उपकरण आदि यूक्रेन युद्ध में लगे हुए हैं। ऐसे में अगर वह वेनेजुएला का सैन्य सहयोग करता है तो एक तरह से वह अमेरिका के खिलाफ नया मोर्चा खोलना होगा। रूस इस वजह से बचना चाहता है।**

**साल** 2026 के तीसरे ही दिन अमेरिका ने जिस तरह वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की, उसके बाद से विशेषकर सैनिक रूप से कमजोर देशों में चिंता की लहर है। चाहे अमेरिकी खेमे में हो या फिर अमेरिका विरोधी खेमे में, हर देश आशंकित हो उठा है। अमेरिका के सर्वोच्च पद पर डोनॉल्ड ट्रंप के रहते ऐसी चिंताएं स्वाभाविक भी हैं। जिस तरह अपने ही खेमे के देश डेनमार्क के ग्रीनलैंड द्वीप पर ट्रंप ने अपनी नजर टिका रखी है, उससे दुनिया को चिंतित होना ही चाहिए। ऐसे में विश्व की निगाह दुनिया के सैनिक रूप से दूसरे शक्तिशाली देश रूस और आर्थिक रूप से दूसरे और सैनिक रूप से तीसरे ताकतवर देश चीन पर लगना स्वाभाविक है। लेकिन दोनों ही देशों ने वेनेजुएला पर जिस तरह रस्मी प्रतिक्रिया जताई है, उससे लगता नहीं कि वे भविष्य में ऐसी अमेरिकी कार्रवाइयों के खिलाफ अपने मित्र देशों के पक्ष में खड़े होने आएंगे। पिछली सदी के आखिरी दशक तक, जब तक सोवियत संघ अस्तित्व में रहा, कम से कम दुनिया के कमजोर और साधनहीन देशों को उम्मीद रहती थी कि अगर अमेरिका ने उनकी ओर आंख तरेरी तो सोवियत संघ का साथ मिलेगा और अगर सोवियत संघ ने निगाहें तीखी कीं तो अमेरिका उसकी मदद करने पहुंचेगा। सोवियत संघ के विघटन के बाद उसका सबसे बड़ा हिस्सा रूस शक्तिशाली तो बना रहा है, लेकिन मौजूदा अमेरिका-ब्रिटेन प्रेरित-पोषित आर्थिक दुनिया में सोवियत संघ जैसी ताकत बना नहीं रह सका। सोवियत संघ के वजूद में रहते तक विश्व में खुलेतौर पर दो दुनिया थी और दो मुद्राओं का जोर भी था। बेशक डॉलर, सोवियत और आज के रूस की मुद्रा रूबल की तुलना में ताकतवर था, लेकिन ऐसा भी नहीं था कि आर्थिक रूप से पूरी दुनिया को नियंत्रित कर सके। लेकिन आज आर्थिक क्षेत्र में डॉलर को कोई चुनौती नहीं है। ब्रिक्स देशों ने अपनी-अपनी मुद्राओं को आपसी आर्थिक व्यवहार में आगे बढ़ाने की कोशिश तो की है, हालांकि वह डॉलर को चुनौती देने की स्थिति में नहीं आ पाई हैं। अमेरिका जानता है कि उसकी आर्थिक ताकत को बड़े स्तर पर चुनौती देने की हालत में दुनिया की दूसरी यानी चीन की अर्थव्यवस्था नहीं है, इसलिए ट्रंप बेफिक्र होकर कभी मैक्सिको को अपना उपनिवेश बनाने की वकालत करते हैं तो कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का ऐलान करते हैं। ग्रीनलैंड पर निगाह और वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई उनकी इसी सोच का विस्तार है। वेनेजुएला पर कार्रवाई को लेकर रूस और चीन ने चिंताएं तो जाहिर कीं, लेकिन वे वेनेजुएला को सैनिक सहयोग करने के लिए इच्छुक नहीं दिखे। इसकी मोटे तौर पर दो वजहें सामने आती हैं। वेनेजुएला से रूस ने 2010 में समझौता तो किया, लेकिन वह रणनीतिक, तकनीकी और आर्थिक मामलों पर केंद्रित है। सैनिक सहयोग की बात उसमें नहीं है। दिलचस्प यह है कि वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला चीन भी इस मामले में उसको सैनिक सहयोग करने से दूर है। वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। मोटे तौर पर चीन रोजाना वेनेजुएला से चार लाख बैरल से लेकर छह लाख साठ हजार बैरल तेल आयात कर रहा था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। चीन की स्थिति यह है कि वह एशिया में अपनी सैन्य ताकत का गाहे-बगाहे मुजाहिरा तो करता है, लेकिन वह सुदूर दक्षिणी अमेरिकी या अफ्रीकी महाद्वीप के देशों में ऐसा करने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं। पारंपरिक भारतीय शब्दावली में कह सकते हैं कि चीन बनिया बन चुका है। यानी उसका पूरा ध्यान आर्थिक लाभ और हानि पर है।

**ट्रंप काल में अमेरिका से कारोबारी मुद्दे पर उसकी ठनी हुई है। जिसे वह सहज करने की कोशिश में है। इसलिए वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहता, जिससे ट्रंप नाराज हों और अमेरिका से उसके कारोबारी रिश्तों पर असर पड़े। चीन की पूरी कोशिश अमेरिका से जारी व्यापार युद्ध को खत्म करे और आर्थिक मोर्चे पर अपनी ताकत बढ़ाए। उसकी कोशिश किसी तरह अमेरिका को खुश करने की भी होगी।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

## घर में चल रही मौत की फैक्ट्री का भंडाफोड़

# यूट्यूब से सीखकर नकली कफ सिरप बनाकर युवाओं को नशे की आग में झोंक रहा था आरोपी

- कम्पाउंडर से बना नशे का सौदागर, 375 बोतल नकली कफ सिरप और भारी मात्रा में कच्चा माल सहित गिरफ्तार





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद को नशे की गिरफ्त में झोंकने वाले अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने निर्णायक अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में थाना घुंघचाई पुलिस ने एक सनसनीखेज कार्रवाई करते हुए घर में चल रही नकली कफ सिरप निर्माण की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। यह फैक्ट्री न केवल कानून को चुनौती दे रही थी, बल्कि जिले के युवाओं को धीरे-धीरे मौत के मुंह में धकेल रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार, पुत्र कामता प्रसाद, निवासी लाहा, थाना पूरनपुर के घर से टोपीक्स गोल्ड की 340 शीशियाँ और कोयोरैक्स-टी की 35 शीशियाँ सहित कुल 375 बोतल नकली कफ सिरप, भारी मात्रा में कच्चा माल, पैकिंग सामग्री और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### घर बना नशे की फैक्ट्री, पुलिस ने उजागर किया सच

छापेमारी के दौरान पुलिस के सामने जो नजारा आया, उसने सभी को झकझोर कर रख दिया। घर के कमरों में जहरीले नकली कफ सिरप का निर्माण, ब्रांड की नकल वाले रैपर, लेमिनेशनयुक्त पैकिंग और बिक्री की पूरी व्यवस्था मौजूद थी। बरामद सामान में शामिल 05 पैकेटों में 488 नई खाली शीशियाँ, 110 नकली रैपर 1939 ढक्कन, 03 स्प्रिट से भरी बोतलें, ऑरेंज फ्लेवर और डी-एक्स सिरप का घोल, छोटा गैस सिलेंडर आदि। पुलिस का कहना है कि यह कोई छोटी हरकत नहीं, बल्कि संगठित अवैध उद्योग था।

### कम्पाउंडर से बना मौत का सौदागर

पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वर्ष 2003 में वह शहर के एक निजी अस्पताल में कम्पाउंडर था। चिकित्सा ज्ञान हासिल करने के बाद उसने उसी का दुरुपयोग कर समाज में जहर फैलाने का रास्ता चुना। गांव लौटकर उसने क्लीनिक खोला और लोगों को जुखाम, बुखार व खांसी की दवाई देने के नाम पर जहर बांटना शुरू किया। धीरे-धीरे शाहजहांपुर तक उसका नशे का नेटवर्क फैल गया।

करीब दो वर्ष पूर्व उसने यूट्यूब से नकली कफ सिरप बनाने की तकनीक सीखी और घर पर अवैध निर्माण शुरू किया। कोरेक्स कफ सिरप की बिक्री बंद होने के बाद उसने टोपीक्स गोल्ड और कोयोरैक्स-टी जैसे मिलते-जुलते नामों के नकली रैपर छपवाए, ताकि नशे के आदी लोग असली और नकली में फर्क न कर सकें।

### लालच की कीमत और जहर की रेसिपी

आरोपी ने स्वीकार किया कि वह स्प्रिट, डी-एक्स सिरप, ऑरेंज फ्लेवर और चीनी के शीरे से नकली कफ सिरप तैयार करता था। खाली शीशियाँ और ढक्कन बरेली से मंगवाए जाते थे। छोटे गैस सिलेंडर की मदद से 20-20 शीशियों की पैकिंग कर उन्हें असली दवा जैसा रूप दिया जाता था। एक 200 एमएल शीशी का निर्माण 75-80 रुपये में होता था, जबकि वही बोतलें बाजार में 600 से 800 रुपये में बिकती थीं। पुलिस के अनुसार मुनाफे की हवस ने आरोपी को इंसानियत से दूर कर दिया।

### मेडिकल स्टोर भी शक के घेरे में

आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह साईं मेडिकल स्टोर पूरनपुर, गिरिराज मेडिकल स्टोर पूरनपुर और उमापति मंडल को कफ सिरप सप्लाई करता था। इसके अलावा, गांव-कस्बों में नशेड़ियों को 80 से 100 रुपये प्रति बोतल के हिसाब से बिक्री करता था। इस खुलासे के बाद संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। बरामदगी के आधार पर थाना घुंघचाई में आरोपी के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के इस नेटवर्क से जुड़े एक-एक व्यक्ति को चिन्हित कर कानून के शिकंजे में लिया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दवाइयाँ खरीदते समय बारकोड, बैच नंबर और बिल की अनिवार्य रूप से जांच करें। बिना पर्ची और बिल बिकने वाली दवाइयाँ सीधे नशे के कारोबार से जुड़ी हो सकती हैं। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नशे का कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित





- 110 वन कर्मियों की हुई जांच, शुगर व बीपी के बढ़ते मामलों ने बढ़ाई चिंता

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

वन्यजीव संरक्षण में दिन-रात तैनात रहने वाले वन कर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर पहल करते हुए मंगलवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, लखनऊ के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें अधिकारियों से लेकर फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों तक कुल 110 वन कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर का विधिवत उद्घाटन बरेली वृत्त के मुख्य वन संरक्षक पिनाकी प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) टेस्ट कराया और वन कर्मियों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गम जंगलों और कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान की जा सके।

कार्यक्रम में टाइगर रिजर्व के प्रभागीय निदेशक भारत कुमार डीके और उपप्रभागीय वनाधिकारी रुद्रभान सिंह की प्रमुख उपस्थिति रही। इसके साथ ही विभिन्न रेंजों के वन क्षेत्राधिकारी भी अपनी-अपनी टीमों के साथ शिविर में शामिल हुए। महोफ रेंज से सहेंद्र यादव, बराही रेंज से अरुण मोहन और माला रेंज से रोबिन सिंह सहित बड़ी संख्या में वन कर्मचारी शिविर में पहुंचे और जांच कराई। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ की विशेषज्ञ मेडिकल टीम डॉ. हिमांशु शेखर पाण्डेय, कुमार सौरभ, तेजस्व दीक्षित, अलका सिंह और नम्रता शुक्ल द्वारा वन कर्मियों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं। जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डियों की मजबूती, वजन और सामान्य स्वास्थ्य से जुड़े परीक्षण शामिल रहे। जांच में एक चिंताजनक तथ्य सामने आया कि बड़ी संख्या में वन कर्मी उच्च रक्तचाप (बीपी) और मधुमेह (शुगर) जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से ग्रसित पाए गए। चिकित्सकों के अनुसार लगातार तनाव, अनियमित खान-पान और पर्याप्त आराम न मिल पाने के कारण ये समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

### खान-पान और तनाव प्रबंधन पर दिया गया परामर्श

डॉक्टरों ने जांच के बाद वन कर्मियों को संतुलित आहार अपनाने, नियमित व्यायाम करने और तनाव से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही गंभीर रूप से प्रभावित कर्मियों को आगे की जांच और उपचार की सलाह भी दी गई। वन कर्मियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए बेहद उपयोगी हैं, क्योंकि व्यस्त और जोखिम भरे कार्य के चलते वे अक्सर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। अधिकारियों ने भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित कराने का भरोसा दिलाया। यह स्वास्थ्य शिविर न केवल वन कर्मियों की सेहत की स्थिति सामने लाने में सहायक रहा, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति भी जागरूक करने वाला साबित हुआ।

# गजरौला में मिनी बस-ट्रक आमने-सामने टक्कर, नेपाली मजदूर की मौत

- ओवरटेक की जल्दबाजी ने ली एक की जान, सात यात्री गंभीर रूप से घायल



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गजरौला थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-730 पर आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। बिनौर गुरुद्वारे के पास बिजलीघर मोड़ पर मिनी बस और धान से लदा ट्रक आमने-सामने टकरा गया। इस दर्दनाक टक्कर में बस सवार नेपाली मजदूर पदम बहादुर खत्री 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत सात अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, मिनी बस हिमाचल प्रदेश के रोहडू से मजदूरों को लेकर नेपाल के जाजरकोठी, थाना सिलिंगी जा रही थी। जैसे ही बस मोड़ पर पहुंची, चालक ने सामने से आ रहे धान से लदे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना का मुख्य कारण चालक की जल्दबाजी और मोड़ पर ओवरटेक करना माना जा रहा है। हादसे में बस चालक चित्रा ओली सहित बस में सवार वीर बहादुर, निर्मल शाही पत्नी देवकी शाही, गौरी खत्री पत्नी पदम बहादुर खत्री, सीता पत्नी वीर बहादुर, राधिका पत्नी बादल और उनकी तीन वर्षीय पुत्री सोनिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पुलिस और राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने मृतक पदम बहादुर खत्री को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें से दो यात्रियों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है।

हादसे में बस में सवार राधिका अपने तीन वर्षीय पुत्री सोनिया के साथ यात्रा कर रही थी। जैसे ही बस क्षतिग्रस्त हुई और भगदड़ मची, राधिका ने अपनी पुत्री को दुपट्टे की मदद से पीठ पर बांधकर सुरक्षित बाहर निकाला। उसकी यह साहसिक कार्रवाई मौके पर मौजूद सभी लोगों को हैरान कर गई और इस घटना की तारीफ हर किसी ने की। हादसे के तुरंत बाद बस में सवार यात्रियों और पास के लोगों में हाहाकार मच गया। कई घायल और बेहोश यात्रियों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद की। पुलिस ने क्रेन और स्थानीय लोगों की सहायता से बस और ट्रक को सड़क से हटाकर करीब एक घंटे के भीतर हाईवे पर यातायात सुचारू किया। वहीं थाना प्रभारी ब्रजवीर सिंह ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है और तहरीर मिलने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और परिवहन विभाग हादसे की वजह स्पष्ट करने के लिए पूरी जांच कर रहे हैं।

अधिकारी वाहन चालकों से अपील कर रहे हैं कि नेशनल हाईवे-730 पर सावधानी से वाहन चलाएं। मोड़ पर ओवरटेक करने से बचें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर नियमों का पालन किया जाए तो इस तरह के दर्दनाक हादसों को रोका जा सकता है।

प्रत्यक्षदर्शियों की प्रतिक्रिया में स्थानीय लोग और राहगीर हादसे के दृश्य देखकर सकते थे कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कई लोगों ने घायलों को बाहर निकालने में मदद की और हादसे में सुरक्षा का अभाव उजागर हुआ। इस हादसे ने हाईवे पर वाहन चलाते समय सतर्कता की आवश्यकता को फिर से सामने ला दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

### जिला आजीविका मिशन-क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति का आकलन

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला आजीविका मिशन-क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपादक समूहों की प्रगति, लखपति महिला कार्यक्रम में आजीविका रजिस्टर पर फीडिंग, सीएम डैशबोर्ड फंड प्रपोजल व रिवॉल्विंग फंड रिपोर्ट की समीक्षा की। इसके साथ ही समूहों में जोड़ने के लिए पात्र गृहस्थी परिवारों (राशन कोटे के लाभार्थी) की संख्या, जीरो पावर्टी के अंतर्गत चिन्हित परिवारों का समूहों में समावेश और ग्राम संगठन में समूहों के मैपिंग की स्थिति की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देश दिए कि लखपति दीदियों योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए और विभिन्न विभागों के अभिसरण के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जाए।

बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी नगर पालिका/तहसीलों में मॉडल प्रेरणा कैंटीन के लिए स्थल का चयन किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, यातायात क्षेत्राधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रिश्तेदार के घर छोड़ी गई मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती से दुष्कर्म, पुलिस जांच में जुटी

### भाई की दवाई लेने गई मां की गैरमौजूदगी में आरोपी ने युवती को हवस का शिकार बनाया, पत्नी ने रंगे हाथ पकड़ा



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

देखरेख के लिए रिश्तेदार के घर छोड़ी गई मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी रिश्तेदार ने महिला की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर युवती को हवस का शिकार बनाया। घटना की जानकारी आरोपी की पत्नी ने 15 जनवरी को उजागर की, जिसके बाद युवती की मां ने पुलिस में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 16 सितंबर 2025 की बताई जा रही है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह भाई की दवाई लेने पीलीभीत गई थी और अपनी मानसिक रूप से अस्वस्थ पुत्री को रिश्तेदार के घर देखभाल के लिए छोड़ गई थीं। युवती मानसिक विक्षप्त होने के कारण अपने निजी कार्य स्वयं नहीं कर पाती है।

मां के अनुसार, रात के दौरान आरोपी रिश्तेदार ने युवती को कमरे में निर्वस्त्र कर दुष्कर्म किया। आहट सुनकर आरोपी की पत्नी और बच्चों की नींद खुल गई। पत्नी ने देखा कि युवती निर्वस्त्र अवस्था में है। उसने युवती को कपड़े पहनाए और नाराजगी जताई। आरोपित ने पत्नी के विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर मामला दबाने की कोशिश की। 15 जनवरी को आरोपी की पत्नी ने पति की करतूतें उजागर की और महिला ने युवती की मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मां ने पुलिस में तहरीर दी। कोतवाल पवन कुमार पांडेय ने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति से सूचना मिलने पर पीड़िता की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है।

मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के प्रति समाज की सुरक्षा और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल उठाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे संवेदनशील व्यक्तियों की सुरक्षा और देखभाल पर परिवार और समाज की विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ही ऐसे अपराधों को रोकने में सक्षम हो सकती है।

# पीलीभीत में 22 जनवरी से दुधारू पशुओं के खुरपका-मुंहपका रोग के खिलाफ व्यापक टीकाकरण अभियान

- जनपद में 3 लाख दुधारू पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण, पशुपालकों से सहयोग की अपील

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

दुधारू पशुओं को खुरपका-मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी क्रम में पीलीभीत जनपद में इस रोग के उन्मूलन हेतु सातवें चरण का व्यापक टीकाकरण अभियान 22 जनवरी से शुरू होगा।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी ने बताया कि सर्दी और मौसम में बदलाव के समय दुधारू पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग का खतरा बढ़ जाता है। यह रोग विशेष रूप से गाय और भैंसवंशी पशुओं को प्रभावित करता है, जिससे उनके खुरों और मुंह में घाव हो जाते हैं, दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और कई बार पशु की मृत्यु भी हो जाती है। त्यागी ने बताया कि यह अभियान लाइव स्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम साष्टष्टक्कके तहत चलाया जा रहा है और पीलीभीत में इसका सातवां चरण 22 जनवरी से 10 मार्च तक चलेगा। इस अभियान के दौरान जनपद के लगभग 3 लाख दुधारू पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर कार्य करेंगी ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा पशु सेवा केंद्र से संपर्क बनाए रखें और अपने गांव में तैनात टीकाकरण कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर और टीकाकरण की तिथि समय पर जान लें। यदि किसी कारणवश किसी पशु का टीकाकरण नहीं हो पाता है, तो संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर सुनिश्चित करें कि टीकाकरण पूरा हो।

डॉ. त्यागी ने कहा कि खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण है। सभी पशुपालकों का सहयोग इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल पशुओं की सेहत बल्कि किसानों की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण कदम है।

# पूरनपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### मायके ने ससुराल पर हत्या का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

क्षेत्र के गांव रम्पुरा कपूरपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पति ने फांसी लगाने की सूचना दी थी। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जोगराजपुर निवासी ऋषि शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी शिवानी का विवाह करीब छह साल पहले पूरनपुर के कमलेश शर्मा से हुआ था। सोमवार शाम कमलेश ने परिजनों को फोन कर बताया कि शिवानी ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही शिवानी के मायके पक्ष के लोग रम्पुरा कपूरपुर पहुंचे और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतका का एक छोटा बेटा भी है। शिवानी की मौत के बाद अस्पताल और गांव में मायके पक्ष ने जमकर हंगामा किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. प्रतीक दहिया पूरनपुर कोतवाली पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद और कहासुनी की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। मायके पक्ष से तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### केजीएन जिम संचालक समेत सात के खिलाफ यौन शोषण व धर्म परिवर्तन का प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। मिर्जापुर शहर कोतवाली क्षेत्र के महुवरिया स्थित केजीएन जिम के संचालक व ट्रेनर समेत सात लोगों पर देहात कोतवाली पुलिस ने जिम आने वाली लड़कियों से यौन शोषण व वसूली समेत धर्म परिवर्तन के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के महुवरिया में केजीएन जिम का संचालन होता है। जिम एक सफेदपोश नेता और कालीन के बड़े व्यापारी का पुत्र संचालित करता है। आरोप है कि वह जिम आने वाली लड़कियों को ट्रेनिंग देने के बहाने लड़कियों को फंसाते थे। उनका यौन शोषण करने के साथ ही धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते थे। मामले में कुछ दिन पहले देहात कोतवाली क्षेत्र के भरुहना में लड़कियों के साथ जिम संचालन का विवाद हुआ तो मामला खुला। पुलिस ने मामले में जिम संचालक समेत सात लोगों पर यौन शोषण व वसूली समेत धर्म परिवर्तन के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है। देहात कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों ने लिया भाग



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब, एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से भाषण और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और जिम्मेदार नागरिक होने की भावना विकसित करना था। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और दुर्घटनाओं की रोकथाम जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में लक्ष्य बाबा ने प्रथम, सोनिया मंडल ने द्वितीय और पंकज राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें संचिता देवल प्रथम, अश्मित कुमार द्वितीय और हरनीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें डा. अरविन्द दीक्षित, डा. अर्निका दीक्षित, डा. अंशिका शर्मा, अंकित गुप्ता, डा. जयनारायण और डा. मृदुला शर्मा शामिल थे।कार्यक्रम में विजेताओं को बधाई दी गई और सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान डा. विनोद सिंह, डॉ. सौरभ सक्सेना और अनूप कुमार शुक्ला स्टाफ के रूप में उपस्थित रहे।

# सर्दी में गर्भवती को फर्श पर पड़े रहने का मामला, बरखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ पर बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

कड़ाके की सर्दी में बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला को फर्श पर करीब 11 घंटे तक पड़े रहने का दर्दनाक मामला सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने त्वरित कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. लोकेश गंगवार को जिला मुख्यालय से जोड़ दिया गया है। वहीं, ड्यूटी पर तैनात कर्मी नर्स रेनू और वार्ड आया अंजली को निलंबित कर मुख्यालय से जोड़ दिया गया है। संविदा कर्मी नर्स निशा और प्रतिभा के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को संस्तुति भेजी गई है। आउटसोर्स वार्ड आया ओमवती को कुरैया स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।? जानकारी के अनुसार, बरखेड़ा थाना क्षेत्र के मोहम्मद गंज अमखिरिया निवासी सोनू ने बुधवार की रात अपनी पत्नी पूनम को प्रसव पीड़ा होने पर करीब दो बजे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ ने उनका नाम-पता तो लिखा, लेकिन उन्हें वार्ड में भर्ती नहीं किया। परिणामस्वरूप गर्भवती महिला को तीव्र ठंड में रात बितानी पड़ी। अगले दिन ही अधीक्षक ने महिला को वार्ड में भर्ती कराया। मामले का संज्ञान लेने के बाद जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश को जांच सौंपी गई, और जांच आख्या के आधार पर सभी जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# ग्रामों में योजनाओं का जमीनी सत्यापन, जनचौपाल में जनता से सीधा संवाद

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने मंगलवार को विकास खण्ड रामपुरा के ग्राम बिजुआपुर एवं ग्राम बावली का स्थलीय भ्रमण कर गलियों में पैदल घूमते हुए वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर आवास, पेंशन, राशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत ग्राम पंचायत कंझारी में आयोजित जनचौपाल में डीएम ने ग्राम में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन कराया तथा ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम में खेल मैदान उपलब्ध नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 31 मार्च 2026 तक खेल मैदान निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण, चारों ओर पाथवे निर्माण एवं वृक्षारोपण कराए जाने के भी निर्देश दिए। जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं एवं स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। जनचौपाल के दौरान एक भावुक दृश्य उस समय देखने को मिला जब 08 वर्षीय बालिका राधिका स्वयं मंच पर आई और अपनी आपबीती साझा की। बालिका ने बताया कि उसकी माता का देहांत हो चुका है तथा पिता ने उसे छोड़ दिया है। उसने दृढ़ संकल्प के साथ कहा कि वह पढ़-लिखकर बड़ी अफसर बनना चाहती है। बालिका की बात सुनकर डीएम-एसपी ने उसे अपने पास बैठाया और सार्वजनिक मंच से घोषणा की कि इस बेटी की शिक्षा से लेकर समस्त खर्च जिला प्रशासन वहन करेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बालिका को बाल सेवा योजना सहित सरकार की अन्य प्रासंगिक कल्याणकारी योजनाओं से तत्काल लाभान्वित किया जाए। कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा किसी भी जरूरतमंद बच्चे को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।प्रशासन हर पात्र व्यक्ति के साथ खड़ा है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, पीड़ी अखिलेश तिवारी, डीडीओ निशान्त पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मन्दिर से लौट रही कक्षा 8 की छात्रा की कुएं में गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढ़र क्षेत्र कुठौंदा में मन्दिर से दर्शन कर घर लौट रही कक्षा 8 की छात्रा की कुएं में गिरकर मौत हो गई।

रेढ़र थाना क्षेत्र ग्राम कुठौंदा निवासी अवधेश नासिक में काम करता है। जबकि गांव में उसकी पत्नी प्रियंका के अलावा बेटी प्रिंसी 14 वर्ष और बेटा ऋषि रहते हैं। बताया गया कि सोमवार देर शाम को प्रिंसी गांव के ही मंदिर में दर्शन करने के लिए गई हुई थी। जब वह मंदिर से दर्शन करने के बाद वापस घर लौट रही थी। तभी वह किन्हीं हालातों के चलते गांव में ही स्थित कुएं में जा गिरी, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। खबर फैलते ही परिजनों सहित गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह किशोरी को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। किशोरी के ताऊ अखिलेश ने बताया की वह कक्षा 8 की छात्रा थी, पिता मौजूदा समय में नासिक में है जिनको घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से मां व भाई सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षकों का वेतन हड़पकर इन्फिनिटी विजन के प्रबंधन ने दिखाया बाहर का रास्ता



**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर के झांसी रोड स्थित **इन्फिनिटी विजन कोचिंग इंस्टीट्यूट** के भीतर चल रहे शोषण के खेल का एक बड़ा खुलासा हुआ है। संस्थान में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने प्रबंधन पर लाखों रुपये का वेतन डकारने और हक मांगने पर अपमानित कर निकालने का संगीन आरोप लगाया है।

राजस्थान के निवासी पीड़ित शिक्षक अनिकेत सिंह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी भावना चौहान और रेहान नवाज पर सीधे तौर पर मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न के आरोप जड़े हैं। अनिकेत सिंह का कहना है कि जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक निरंतर कार्य करने के बावजूद उन्हें एक भी पैसे का भुगतान नहीं किया गया।

जब उन्होंने अपने खून-पसीने की कमाई (प्रति माह रू.1,06,000) का हिसाब मांगा, तो उन्हें बिना किसी नोटिस के तत्काल सेवा से मुक्त कर दिया गया। इतना ही नहीं, अपनी काली करतूतों को छिपाने के लिए संस्थान प्रबंधन ने शिक्षक के ई-मेल और संपर्क माध्यमों को भी ब्लॉक कर दिया है, ताकि पीड़ित अपनी आवाज न उठा सके। यह सीधे तौर पर श्रम कानूनों का उल्लंघन और कर्मचारी के मौलिक अधिकारों का हनन है। इस मनमानी ने शिक्षकों को भुखमरी की कगार पर खड़ा कर दिया है। बाहरी प्रदेश से आए इन शिक्षकों के पास अब न तो रहने का ठिकाना बचा है और न ही बुनियादी जरूरतों के लिए पैसे।

पत्र पर गुलजार अंसारी, दिव्या सिंह और शिवानी चौधरी जैसे अन्य पीड़ित शिक्षकों के हस्ताक्षर इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि यह शोषण व्यक्तिगत नहीं बल्कि संस्थागत है। जिले के प्रबुद्ध नागरिकों और पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ऐसे **लुटेरे** संस्थानों पर नकेल कसी जाए और पीड़ितों का बकाया वेतन मय ब्याज वापस दिलाया जाए।

## दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि एक चुनौती है: घनश्याम अनुरागी

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिले में दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड कुठौंद स्थित बीआरसी मदारीपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश व वित्त एवं लेखा अधिकारी अजीत कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा ने जानकारी दी कि एलिम्को, कानपुर के सहयोग से कुल 154 दिव्यांग बच्चों को 203 सहायक उपकरण एवं उपस्कर वितरित किए गए। जिससे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि एक चुनौती है, जिसे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से अवसर में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग बच्चे शिक्षा, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर समाज को प्रेरित कर रहे हैं। एलिम्को, कानपुर की ओर से राजू कुमार,अब्दुल रहमान,प्रेरणा एवं मोहनलाल ने बच्चों के चिन्हीकरण एवं उपकरण वितरण में सहयोग किया।

# जनगणना कार्य की तैयारियां समयबद्ध प्रगति पर अधिकारियों को दिए गए स्पष्ट निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति व प्रशिक्षण, जनगणना ऐप/पोर्टल की स्थिति, प्रपत्रों की उपलब्धता, जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सहित सभी आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष बचे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति तत्काल पूर्ण की जाए तथा सभी का प्रशिक्षण निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना ऐप/पोर्टल के संचालन, लॉगिन आईडी, उपकरणों एवं प्रपत्रों की उपलब्धता में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा नहीं होनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी।

**फेज-1 :** 01 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 तक

**फेज-2 :** 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक

जनगणना की रेफरेंस डेट 01 मार्च 2027 निर्धारित की गई है। जनपद में जनगणना कार्य हेतु 02 मास्टर ट्रेनर, 60 फील्ड ट्रेनर, 622 सुपरवाइजर एवं 3730 प्रगणकों (Enumerator) की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में निर्देश दिए गए कि नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से जनगणना के महत्व पर व्यापक प्रचार किया जाए। इसके लिए बैनर, पोस्टर, मुनादी एवं सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवित बुजुर्ग को कागजों में 'मार' डाला, 3 साल से पेंशन के लिए भटक रहे जगदेव सिंह

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जालौन जिले से सरकारी तंत्र की एक बेहद चौंकाने वाली और गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहाँ के कोंच तहसील अंतर्गत ग्राम भरसूड़ा निवासी 66 वर्षीय बुजुर्ग जगदेव सिंह पुत्र श्री रामचरन को सरकारी अभिलेखों में मृत घोषित कर दिया गया है।

इस भारी चूक के कारण पिछले तीन वर्षों से उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद है, जिससे बुजुर्ग को इस उम्र में भारी आर्थिक तंगी और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित जगदेव सिंह ने बताया कि उन्हें समाज कल्याण विभाग से नियमित रूप से पेंशन मिल रही थी, लेकिन लगभग तीन साल पहले इसे अचानक रोक दिया गया। जब उन्होंने समाज कल्याण कार्यालय जाकर इसकी वजह जाननी चाही, तो उन्हें वहां से बार-बार टाल दिया गया। काफी मशक्कत और खोजबीन के बाद उन्हें पता चला कि विभाग ने उन्हें मृत दिखाकर उनकी पेंशन फाइल बंद कर दी है। जगदेव सिंह का कहना है कि वह पूरी तरह जीवित हैं और उनके गांव में कोई भी इस बात की पुष्टि कर सकता है, इसके बावजूद विभाग उन्हें कागजों में मृत मान चुका है। ?पीड़ित बुजुर्ग को अंदेशा है कि यह पूरी प्रक्रिया किसी साजिश के तहत जानबूझकर की गई है। अब उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जगदेव सिंह ने मांग की है कि उन्हें कागजों में पुनः जीवित दर्ज कर उनकी पेंशन तत्काल बहाल की जाए और पिछले तीन वर्षों का बकाया पैसा भी दिलाया जाए।

# पुलिस टीम ने गौतम हत्याकांड का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा कोला में गन्ने के खेत में मिले युवक के शव के संयुक्त पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। 23 अक्टूबर को राजपाल पुत्र रामदीन मौर्य निवासी ग्राम उधरनपुर द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गई कि उसका भाई गौतम उर्फ गबडू घर से खाना खाने के बाद कहीं चला गया था। जिस का शव 02 नवम्बर 2025 को ग्राम बेहटा कोला गांव के बाहर गन्ने के खेत में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। और पुलिस को अतिथि शीघ्र खुलासे का निर्देश दिया। थाना पाली पुलिस द्वारा हत्याकांड में प्रकाश में आये दीपक कटियार पुत्र सुरेश बाबू निवासी ग्राम उधरनपुर, अनुज पाल पुत्र रामबरन पाल ग्राम उधरनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि 23 अक्टूबर को मृतक गौतम उर्फ गबडू पुत्र रामदीन गांव के ही दीपक कटियार पुत्र स्वर्गीय सुरेश बाबू, अनुज पाल पुत्र रामबरनाल व अनीश पाल पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम उधरनपुर के साथ बेहटा कोला गांव में जुआ खेलने जा रहे थे। रास्ते में जुआ खेलने के पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। विवाद में ही मृतक गौतम उर्फ गबडू उपरोक्त के गिरने से सिर में चोट लग गई। चोट लगने के कारण गौतम उर्फ गबडू ने पीआरवी 112 पर काल लगाना चाहा तो दीपक कटियार, अनुज पाल व अनीश पाल ने पकडे जाने के डर के कारण गौतम उर्फ गबडू की हत्या कर दी और शव को गन्ने के खेत में छिपा दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी 92 शिकायतें



**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 53 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे आज एक व्यक्ति का दिव्यांग पेशन योजना तथा एक राशन कार्ड के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को 11 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा हैं।मांगो के निस्तारण ना होने पर धरना प्रदर्शन की बात कही है।

जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक लोकतांत्रिक संगठन के तहसील अध्यक्ष नसीम अहमद **मुन्ना भाई** के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर क्षेत्र के बेडीजोर से थाना अरवल मार्ग पर पुलिया निर्माण करवाने,ग्राम पंचायत पलिया में बनी पानी की टंकी को चालू करवाने, पलिया चौराहा से पुरानी बाजार तक निर्मित सड़क की मरम्मत करवाने, हरपालपुर ग्राम पंचायत की गुलौली में बनी पानी की टंकी चालू कराने समेत एक दर्जन से अधिक समस्याओं को लेकर उपजिला अधिकारी सवायजपुर मयंक कुंडू को ज्ञापन सौंपा हैं उन्होंने समस्याओं के समाधान करवाने की मांग उपजिलाअधिकारी से की है। दिए गए मांग पत्र में पता है कि 22 जनवरी तक मांगों का निस्तारण ना होने पर 23 जनवरी को अरवल थाना क्षेत्र के बेहटा लाखी गांव के पास भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे। इस मौके पर सल्ताफ शेख, गुड्डु खान, सरोज, मनोज, लालू, अखिलेश ठाकुर आदि पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## डीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ की बैठक




**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिपूर्ण बनाने के लिए राजनैतिक दलों का सहयोग अनिवार्य है। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 और किसी भी प्रकार के संशोधन या पते में बदलाव के लिए फॉर्म-8 भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि युवा मतदाताओं, विशेषकर 18-19 आयु वर्ग के युवाओं के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाए। अंत में, उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे इस विशेष अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी अर्ह नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। इस अवसर पर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद अखिलेश सिंह का आकस्मिक निधन, पत्रकारों में शोक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



वरिष्ठ पत्रकार व श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। सुबह लगभग 4 बजे उनकी तबियत बिगड़ने पर शहर के बाला जी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया था। लेकिन रेफर होते ही बाला जी हॉस्पिटल परिसर में ही उनका निधन हो गया।

अखिलेश सिंह लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े रहे और अपने अनुशासित जीवन, शानदार लेखन व जज़्बे के लिए पहचाने जाते थे। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कई मिसालें कायम कीं और युवा पत्रकारों को निष्पक्ष व ज़िम्मेदार पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

अखिलेश सिंह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की ख़बर से पत्रकारों, शिक्षाविदों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्हें पैतृक निवास स्थान ग्राम आशा में हजारों की संख्या में लोगो ने पहुंचकर अंतिम दर्शन किये। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह के निधन पर की सूचना मिलते ही पत्रकारो में शोक की लहर दौड़ गयी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मे प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में देरी न की जाये। स्वीकृत आवेदनों के मामले ऋण जल्द अवमुक्त कराया जाये। आवेदनों में गलती को ठीक करने में आवेदकों की सहायता की जाये। उन्होंने खराब प्रगति वाले बैकों को सुधार करने के निर्देश दिये, तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ती सुनिश्चित की जाये। उन्होंने अब तक की प्रगति के बारे मे जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





**डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएसआर फण्ड के सम्बन्ध में बैठक**

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएसआर फण्ड की बैठक आहूत की गयी। इस बैठक मे शिक्षा और स्वस्थ्य शहरी सौन्दर्यकरण को लेकर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी कार्य पारदर्शिता व गुणवत्ताढग से कराये जायें। उन्होंने बैठक मे बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि स्कूलों के लिये आधुनिक फर्निचर आदि की खरीद की जाये, तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी से भी उनकी योजना के सम्बन्ध मे जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि आंगबाड़ी केन्द्रों के सुदृढीकरण पर कार्य किया जाये। तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं के बारे मे विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो मे किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरती जाये।

इस अवसर पर सीडीओ ने विभागों की कार्य योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। बैठक मे सीएमओ, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, डीसी मनरेगा आदि उपस्थित रहें।

## आपदा प्रबन्धन एवं बचाव कार्यों हेतु स्वयं सेवको की भर्ती की जा रही है: अरुणिमा श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, प्रथम/उपनियत्रंक नागरिक सुरक्षा कोर अरूणिमा श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि जनपद में आपदा प्रबन्धन एवं बचाव कार्यो में सहयोग हेतु सिविल डिफेन्स संगठन द्वारा स्वयं सेवकों की भर्ती की जा रही है।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा है कि सिविल डिफेन्स स्वयं सेवक नागरिकों की सुरक्षा, आपदा के समय सहायता और राहत कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, जनपद के ऐसे नागरिक जो समाज सेवा के प्रति समर्पित है और संकट की घड़ी में मदद के लिए तत्पर हैं, वे इस सेवा से जुड़ने के लिए कलेक्ट्रेट में डीएम एवं नियत्रंण नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय से सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है। उन्होने सभी इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि समाज सेवा के इस पवित्र कार्य में सहभागी बने और सशक्त व सुरक्षित राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

# राजस्व व निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राजस्व एवं निर्वाचन कार्यों की समीक्षा हेतु अर्चूवल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल सहित तहसील फरेन्दा, नौतनवा एवं निचलौल के एसडीएम, तहसीलदार व लेखपाल उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने राजस्व एवं निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल ÷स्वांतः सुखाय÷ की भावना से कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर ऐसी त्रुटि न हो जिससे आमजन को समस्या का सामना करना पड़े। निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण न होने या लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

वर्तमान अंश निर्धारण अभियान की समीक्षा करते हुए डीएम ने खतौनी में अंकित खातेदार एवं सह-खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण से संबंधित त्रुटियों व लोप अंश की जांच कर संशोधन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत सभी कार्य ससमय पूर्ण करने को कहा गया। उन्होंने एसआईआर के तहत प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची का स्थलीय सत्यापन कर शुद्ध एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने पर जोर दिया। फार्मर रजिस्ट्री को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यद्यपि यह कार्य कृषि विभाग के पोर्टल से किया जाना है, लेकिन राजस्व विभाग की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। कार्य में हो रही शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही खतौनी में दर्ज खातेदार व सह-खातेदार कृषकों का स्थलीय सत्यापन कर किसान एवं गैर-किसान का स्पष्ट विभाजन करने, त्रुटिपूर्ण नाम हटाने तथा ग्रीन, अम्बर व रेड लिस्ट के माध्यम से खातों की सही मैपिंग सुनिश्चित करने को कहा।

एसआईआर विशेष पुनरीक्षण के संबंध में डीएम ने निर्देश दिया कि ईआरओ एवं एईआरओ पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने वाले मतदाताओं को जारी नोटिस स्वयं रिसीव कराकर उनका पूर्ण विवरण प्राप्त करें। कटे हुए व नए मतदाताओं, महिला मतदाताओं के नामों की जांच कर सूची को दुरुस्त करने तथा जिन बूथों पर एक ही अनुभाग संख्या अंकित है, उसकी जांच कर सही अंकन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, सदर एसडीएम जितेन्द्र सिंह, सदर तहसीलदार पंकज शाही, नायब तहसीलदार देशदीपक तिवारी सहित संबंधित लेखपाल उपस्थित रहे।

## अवैध खनन के विरुद्ध अभियान: ओवरलोड ट्रक को किया सीज

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में मंगलवार को महेशगंज थाने की पुलिस ने एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान खनन निरीक्षक मनोज कुमार व उनकी टीम के साथ ही एसआई प्रभाशंकर सचान की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान ओवरलोड बालू से लदा ट्रक पकड़ा गया। टीम ने वाहन के विरुद्ध खनन अधिनियम एवं ओवरलोडिंग से संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम में वाहन को सीज किया । सीज वाहन को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना परिसर में सुरक्षित रूप से खड़ा कराया गया। बता दें कि जिले में पुलिस द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अवैध खनन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी सीज, खनन माफियाओं में हड़कंप



जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार की सुबह क्षेत्र के चन्दन नदी पुल के समीप अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए मौके से पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित एक जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय कोतवाली पुलिस प्रशासन को क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गठित पुलिस टीम ने क्षेत्र के चंदन नदी के समीप से घेराबंदी की और खनन में प्रयुक्त पांच ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जेसीबी मशीन को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष नवनीत नागर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और खनन माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### आम जनता में उम्मीद, माफियाओं में भय

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में भय का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की पहल की सराहना की है। आम जनता को उम्मीद है कि प्रशासन आगे भी इसी तरह सख्ती बरतते हुए प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर प्रभावी रोक लगाने में कामयाब होगी।

# बाइक सवार व्यापारी ने दी अज्ञात को लिफ्ट, जेब काट तीस हजार निकाले

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले के नगर कोतवाली थाना इलाके में बाइक सवार एक व्यापारी को रोककर दो अज्ञात व्यक्तियों ने लिफ्ट मांगी। व्यापारी ने एक व्यक्ति को बैठा लिया। कुछ दूर पर युवक उतर कर चला गया। बाद में व्यापारी को पता चला कि उसकी जेब कट चुकी है। पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जिले के नगर कोतवाली थाना इलाके के पल्टन बाजार निवासी जय शंकर बीते मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे पैसे का तगादा करने चिलबिला के समीप सोनावां गया था। जहां से सुनील कुमार मौर्या से अपना पैसा तीस हजार रुपये लेकर अपनी बाइक से वापस आ रहा था कि ओवर ब्रिज चिलबिला पर एक लाल रंग की बाइक लिये दो व्यक्ति खड़े थे जिन्होने प्रार्थी को रोककर कहा कि पुल के आगे पेट्रोल पम्प पर इनको छोड दो वहाँ एम्बुलेन्स खड़ी है। जयशंकर की बाइक पर उनमें से एक व्यक्ति चटाई लेकर बैठ गया और आगे पुल के नीचे पेट्रोल पम्प पर उतर गया। उसे उतारकर जैसे ही जयशंकर सई पुल के पास पहुँचा तो देखा कि उसके पैंट की दाहिनी जेब कटी थी और उसमें रखा उसका पूरा पैसा तीस हजार गायब था। वह तत्काल वापस पेट्रोल पम्प पर आया और वहाँ मौजूद लोगों से पूछा किन्तु सभी ने अनभिज्ञता जताई और वहाँ वह व्यक्ति भी नहीं दिखाई दिया। पीड़ित ने नगर कोतवाली थाने पर मामले की सूचना दी। तहरीर के आधार पर पुलिस दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

## बाइक सवार छात्रों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के कोहंडौर थाना इलाके के शिवपुर खुर्द गाँव निवासी संतोष कुमार बौद्ध का बेटा प्रशांत उर्फ शनि (22 वर्ष) गांव के दो अन्य दोस्तों शशांक बौद्ध पुत्र संदीप कुमार (21 वर्ष) व राज कमल पुत्र संजय कुमार (23 वर्ष) के साथ स्नातक की परीक्षा देकर सुल्तानपुर से अपने घर मोटरसाइकिल से वापस आ रहा था जैसे ही अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर पकड़ी गाँव के निकट पंहुचा ही था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीनों दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से मौके पर ही प्रशांत उर्फ शनि की मौत हो गई जबकि शशांक, राजकमल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस और राहगीरों ने जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेजा जंहा पर दोनों की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज स्वरुप रानी प्रयागराज भेज दिया। इस घटना से गाँव में मातम छा गया है। मृतक प्रशांत का पिता शटरिगं का कार्य करके अपनी रोजी रोटी चलाते है। रोते बिलखते परिजन सुल्तानपुर पंहुचे।

# एसएसबी ने युवाओं में भरा जोश, प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) महराजगंज द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं एवं युवतियों को केंद्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से संचालित पूर्व-भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सीमावर्ती गांवों के कुल 450 युवाओं एवं युवतियों के लिए आयोजित किया गया था। उपरोक्त कार्यक्रम समवाय ठूठीबारी और सोनौली में आयोजित हुआ, जहां प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

उपरोक्त समापन समारोह के मुख्यातिथि एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी नरेश कुमार जांगिड रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को संबोधित कर उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पूर्व-भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह में उत्साह और उमंग का संचार हुआ। यह पूर्व-भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर, अनुशासित और केंद्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेंट प्रिया यादव, इंस्पेक्टर शिव पूजन, कस्टम इंस्पेक्टर अरुण कुमार, कोतवाली प्रभारी नवनीत नागर, अनूप यादव, मृत्युंजय तिवारी, मनोहर यादव, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन प्रसाद गुप्ता सहित तमाम अन्य भी लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने कुण्डा तहसील का किया औचक निरीक्षण अधिकारियों व कर्मचारियों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में मंगलवार को डीएम शिवसहाय अवस्थी ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को तहसील कुण्डा का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील के समस्त पटलों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों तथा न्यायालयीन कार्यों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व पत्रावलियों, भूलेख पटल, खतौनी कक्ष, पट्टा रजिस्टर, आय एवं जाति प्रमाण पत्र पटल, नजारत, रिकॉर्ड रूम एवं न्यायालय से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया।

इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई पत्रावलियाँ वर्षों से लंबित रखी गई हैं, जिनका समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया है। इस पर डीएम ने एसडीएम कुण्डा को निर्देशित किया कि सभी लंबित राजस्व मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके उपरांत डीएम ने तहसीलदार कुण्डा न्यायालय का निरीक्षण किया, जहां दाखिल-खारिज से संबंधित लंबित पत्रावलियों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक कमियां सामने आईं। अनेक फाइलों में प्रार्थना पत्र संलग्न नहीं थे, कुछ मामलों में लेखपाल के बयान दर्ज हो जाने के बावजूद आदेश टाइप कर महीनों से लंबित पड़े थे, जबकि कई पत्रावलियों में लेखपाल के हस्ताक्षर तक नहीं पाए गए। इसके अलावा, कई वादों में वादकारियों को अंतिम अवसर दिए जाने के बावजूद भी निर्णय नहीं लिया गया था, कुछ पत्रावलियों में वादकारियों के सादे कागज पर हस्ताक्षर पाए जाने को जिलाधिकारी ने अत्यंत गंभीर विषय बताया, इन अनियमितताओं पर डीएम ने तहसीलदार कुण्डा के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्यायालयीन कार्यों में लापरवाही, अनियमितता और पारदर्शिता की कमी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में समयबद्धता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का नैतिक और प्रशासनिक दायित्व है।

## फेयरवेल पार्टी में अश्लील गीतों पर विद्यार्थियों ने किया डांस, वीडियो वायरल

**देवरिया।** डायट परिसर में छात्र-छात्राओं का भोजपुरी गीत पर नृत्य करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह वीडियो डायट रामपुर कारखाना परिसर में आयोजित फेयरवेल पार्टी का बताया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षु भोजपुरी गानों पर नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करती है। छात्र-छात्राओं के भोजपुरी गानों पर नृत्य करने का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। इसमें कुछ प्रशिक्षु मंच पर तेज भोजपुरी गीतों की धुन पर नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। गीतों के बोल और नृत्य की प्रस्तुति को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रहीं हैं। इसे शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की मर्यादा के विपरीत बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनुशासन और गरिमा बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया है।

# साप्ताहिक परेड के दौरान फिटनेस, अनुशासन एवं कार्यकुशलता पर विशेष ध्यान



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में बुधवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अनुशासन, एकरूपता, फिटनेस एवं कार्यकुशलता पर विशेष बल देते हुए विभिन्न इकाइयों का समग्र निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान टोलीवार ड्रिल एवं शस्त्र अभ्यास कराया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता, वर्दी की शुद्धता एवं परेड मानक के अनुरूपता का परीक्षण किया गया। एएसपी ने पुलिस कर्मियों को अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखते हुए उच्च स्तर की तत्परता से कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। रिक्रूट आरक्षियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि आत्मविकास का सर्वोत्तम अवसर है। उन्होंने आरक्षियों को समय की पाबंदी, शारीरिक दक्षता, सत्यनिष्ठा, वर्दी की शुद्धता तथा जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा विभागीय अभिलेखों का अवलोकन भी किया गया तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महिला सहायता प्रकोष्ठ ने विवाद सुलझाकर परिवार टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में मंगलवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सहयोग की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उसी क्रम में महिला सहायता प्रकोष्ठ की टीम द्वारा आपसी मतभेद एवं पारिवारिक विवादों में फंसे दंपती के मध्य सुलह-समझौता करवाते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया गया। महिला सहायता प्रकोष्ठ की प्रभारी निरीक्षक नमिता सिंह के प्रयास से आपसी मतभेद के कारण अलग रह रहे पति-पत्नी के मध्य बातचीत कराकर गिले-शिकवे दूर कराए गए। दोनों पक्षों की सहमति से एक-दूसरे को समझते हुए पुनः साथ रहने का निर्णय लिया गया। आपसी विश्वास और संवाद के माध्यम से दंपती ने अपने मतभेद समाप्त कर आपसी सौहार्द के साथ नए सिरे से जीवन प्रारंभ करने का संकल्प लिया। महिला सहायता प्रकोष्ठ द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके एवं परिवारिक विघटन को रोका जा सके।

## मेडिकल कॉलेज में ठंड से सांस के मरीज बढ़े

**कुशीनगर।** दिन में हल्की धूप और सुबह-शाम की बढ़ती ठंड ने सांस, दमा और एलर्जी से पीड़ित लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। तापमान में लगातार गिरावट के कारण मेडिकल कॉलेज और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में इन दिनों मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मेडिकल कॉलेज के छाती रोग विभाग में रोजाना 200 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें 40 से अधिक मरीज सांस की तकलीफ और 15 से अधिक मरीज दमा व सीने में जकड़न की शिकायत लेकर उपचार के लिए आ रहे हैं। इलाज के लिए पहुंचे राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सुबह-शाम की ठंडी हवा से सांस लेने में दिक्कत बढ़ जाती है, इसलिए उन्हें बार-बार अस्पताल आना पड़ रहा है। इसी तरह सुभाष यादव ने कहा कि ठंड बढ़ते ही सीने में जकड़न और खांसी इतनी बढ़ जाती है कि बिना दवा राहत नहीं मिलती।

# पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ अंतर्जनपदीय गैंगस्टर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की आसपुर देवसरा थाने की पुलिस ने मंगलवार को अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में जिले में अपराधों की प्रभावी रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से लूट, चैन स्नेचिंग के सत्यापन एवं धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों का सघन सत्यापन एवं चेकिंग की गई थी। इस दौरान प्राप्त सूचना एवं साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्यवाही करते थाना इलाके के अकारीपुर गांव निवासी अन्तर्जनपदीय अभियुक्त राजेश तिवारी उर्फ जज्जे को थाना इलाके के अकारीपुर तिवरान के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, चार अवैध जिन्दा कारतूस व एक स्कॉर्पियो कार बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों के साथ ही जौनपुर में हत्या, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अवैध पिस्टल व कारतूस की बरामदगी के संबंध में आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए उसके कब्जे से बरामद स्कॉर्पियो को पुलिस ने एमवी एक्ट में सीज कर दिया। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके ऊपर काफी मुकदमे है तथा उसकी दुश्मनी काफी लोगो से है जिस वजह से वो अपने सुरक्षा हेतु अवैध पिस्टल व कारतूस अपने पास रखता हूँ।

एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचने मिली कि एक अपराधी तीस बोर की पिस्टल लेकर कोई घटना करने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना मिलते ही दबिश देकर अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ गम्भीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पिस्टल उसे कहाँ से मिली इसको लेकर अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है।

# डायट में कला-क्राफ्ट-संस्कृति महोत्सव की शुरुआत, क्राफ्ट स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

## कला शिक्षकों तक सीमित न रहे, बच्चों तक पहुँचना जरूरी- संजय कुमार शुक्ल





**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में आयोजित दो दिवसीय कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव सह प्रदर्शनी का शुभारंभ डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में मंगलवार को हुआ। महोत्सव के पहले दिन जनपद के विभिन्न विकासखंडों के शिक्षकों ने सहभागिता की, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। शेष विकासखंडों के शिक्षक बुधवार को महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। परिषदीय विद्यालयों में नामांकन, ठहराव और शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पेंटिंग, मूर्तिकला, क्राफ्ट, वॉल पेंटिंग, गीत, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक नृत्य, पपेट शो, अभिनय रंगमंच, काव्य पाठ तथा कलात्मक शिक्षण विधियों जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। शिक्षकों द्वारा लगाए गए क्राफ्ट स्टॉल पूरे महोत्सव के दौरान आकर्षण का केंद्र बने रहे। स्थानीय कला, लोकसंस्कृति और नवाचार से जुड़े इन स्टॉलों ने शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी बनाने की दिशा में नई संभावनाएँ दिखाईं। डायट स्टाफ ने स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का आधार भी है। शिक्षकों के भीतर निहित रचनात्मकता जब कक्षा तक पहुँचती है, तो बच्चों में सीखने की जिज्ञासा और आत्मविश्वास स्वतः बढ़ता है। नोडल प्रवक्ता डॉ. गोविन्द प्रसाद और सह नोडल प्रवक्ता वर्षा पटेल ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 की कलात्मक एवं रचनात्मक कौशल संबंधी अनुशंसाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है, जो निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों को अनुभव साझा करने और नवाचार अपनाने का अवसर प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर वंदना चौधरी, डॉ. रविनाथ, डॉ. ऋचा शुक्ला, मो. इमरान खान, सरिता चौधरी, कल्याण पाण्डेय, शशि दर्शन त्रिपाठी, कुलदीप चौधरी, अमन सेन सहित डायट प्रशिक्षु सूरज, अरुण, सौरभ, सिद्धांत, शिवम, विजय, चंदन, अंकिता, पलक, रुचि, स्नेहा, शिवांगी, नैंसी, वैष्णवी आदि उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र पर 20 छात्रों को मिलेगा निशुल्क कोर्स



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया। हरैया तहसील क्षेत्र के ग्रामीण शिक्षा कंप्यूटर संस्थान छाबनी में 20 छात्र छात्राओं को कंप्यूटर का निशुल्क कोर्स का प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिसके लिए छात्र छात्राओं को 15 जनवरी से 15 फरवरी तक तिथि तक आवेदन होगा। संस्था प्रबंधक वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण शिक्षा कम्प्यूटर संस्था द्वारा20 छात्र छात्राओं को छः माह निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स कराया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गांव के बच्चों को तकनीकी एवं डिजिटल शिक्षा प्रदान कर उनके कौशल का विकास करना है, जिससे वे कंप्यूटर के क्षेत्र में दक्ष बन सकें तथा डिजिटल रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भर बनें। यह कार्यक्रम गांव में डिजिटल विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। प्रशिक्षण कक्षाएं एक मार्च से प्रारंभ होगी।

# बस्ती पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



बस्ती जनपद में अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी के खिलाफ बस्ती पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। खुफिया सूचना के आधार पर की गई सुनियोजित रात्री कार्रवाई में पुलिस ने श्मशान घाट के पीछे सुनसान स्थान पर चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दिया। थाना कलवारी, थाना नगर पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में तमंचा व कारतूस बनाते समय एक आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया, जिससे जिले में सक्रिय अवैध असलहा नेटवर्क को करारा झटका लगा है।

पुलिस के अनुसार 20 जनवरी 2026 की रात थाना कलवारी क्षेत्र के मांझा खुर्द गांव में मुखबिर से सूचना मिली। सूचना की पुष्टि के बाद प्रभारी एसओजी, थानाध्यक्ष कलवारी, थानाध्यक्ष नगर और चौकी प्रभारी मांझा खुर्द की संयुक्त टीम ने रात करीब दो बजे बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर भट्ठी जलती मिली और अवैध रूप से हथियार बनाए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान ताज मोहम्मद पुत्र तैयब, निवासी कस्बा इलफातगंज, थाना इब्राहिमपुर, जिला अम्बेडकरनगर के रूप में हुई है। तलाशी में उसके पास से 12 बोर के दो अवैध देशी तमंचे, 315 बोर के दो अवैध देशी तमंचे, 315 बोर का एक स्वनिर्मित तमंचा, 12 बोर के दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा असलहा व कारतूस बनाने के उपकरण बरामद किए गए। पुलिस ने सभी सामग्री को कब्जे में लेकर सील कर दिया।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पुलिस की निगरानी बढ़ने के बाद वह घर से दूर सुनसान स्थानों पर रात के समय हथियार बनाकर चोरी-छिपे बिक्री करता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। वर्ष 2015 में उसके खिलाफ थाना कोतवाली, बस्ती में आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज रह चुका है।

बरामदगी के आधार पर थाना कलवारी में मु.अ.सं. 10/2026, धारा 3/ 5/ 25/ 27 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, चौकी प्रभारी मांझा खुर्द शैलेश कुमार यादव सहित एसओजी, थाना कलवारी, थाना नगर व सर्विलांस सेल की टीम शामिल रही।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में जौनपुर फिर अव्वल

## जिलाधिकारी ने की समीक्षा, उत्कृष्ट कार्य पर बैंककर्मियों व अधिकारियों का सम्मान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा योजना की बैंकवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के क्रियान्वयन में जनपद लगातार शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जिसे भविष्य में भी बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय और तत्परता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही बैंकों के स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं बैंककर्मियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सुजीत कुमार सिंह (ब्रांच मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया), रणजीत सिंह (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया), सुनील गायकवाड (उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक) एवं उनके आर.एम. कपिलेश के.आर., पंकज वर्मा (चीफ मैनेजर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया), उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला समन्वयक वीरेन्द्र सहित अन्य शामिल रहे।जिलाधिकारी ने सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैंक अधिक से अधिक आवेदनों को स्वीकृत करें ताकि योजना का लाभ आम जनमानस तक पहुंच सके। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में परियोजना निदेशक एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें भी अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, परियोजना निदेशक के.के. पाण्डेय, एलडीएम अभय श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों की सेवा मानवतापूर्ण कार्य : बाबू सिंह कुशवाहा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जरुरतमंदों की सेवा नारायण सेवा से कम नहीं। उक्त विचार स्मृति शेष अभिशेष यादव की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर आयुष जनसेवा संस्थान द्वारा भगौती प्रसाद महिला महाविद्यालय सिकरारा में आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जौनपुर लोकसभा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि एक हजार लोगों को कम्बल वितरित करके आयुष जन सेवा संस्थान ने ऐतिहासिक कार्य किया है।

बतौर विशिष्ट अतिथि पधारे मल्हनी विधायक लकी यादव ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा से कम नहीं है। इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल वितरण करके संस्थान ने मानवता का परिचय दिया है। कार्यक्रम की की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात शिक्षाविद डॉक्टर ब्रजेश कुमार यदुवंशी ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इतनी ज्यादा संख्या में कंबल वितरण करके आयुष जनसेवा संस्थान ने मानवीय संवेदना का परिचय दिया है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर आयुष जन सेवा संस्थान सिकरारा के अध्यक्ष डॉ आशीष यादव ने सम्मान किया। आयुष जन सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष विवेक कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्राचार्य आदित्य नारायण पांडेय,राम सिंह यादव, विकास यादव, केशजीत यादव, गुलाब यादव, असलम खान, अनिल यादव, राहुल यादव, संदीप प्रधान, मंगल यादव,प्रभांश कमल यादव, आयुष, आदर्श,अंश,वंश, शास्वत के साथ ही क्षेत्र के सम्मानित समाजसेवी,प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनसुख प्रजापति ने किया।

# तार्किक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित : बीईओ



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया। बीआरसी के प्रांगण में मंगलवार को छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद की देखरेख में प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चों को मेडल, बैग दिया गया। जबकि प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी बच्चों को स्टेशनरी और प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता के टॉप पांच बच्चे क्रमशः औरातोन्दा के आदर्श, कुर्थिया की अंशिका, निपनिया के आकाश वर्मा, खम्हरिया गंगाराम के शिवा, निपनिया की काजल रहीं। जो जिले स्तर की क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए चयनित किए गए।

बीईओ ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं गणित के प्रति जिज्ञासा, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों को वैज्ञानिक खोजों, आविष्कारों और नई तकनीकों की जानकारी मिलती है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों के बच्चे जिले स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं वहां के शिक्षक उनको नियमित सही ढंग से तैयारी कराएं ताकि वह जिले स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर एआरपी मनोज मिश्र, सन्तोष कुमार शुक्ल, काशीराम वर्मा, रवीश कुमार मिश्र, राजीव शुक्ल, रामसागर वर्मा, विकास पाण्डेय, डा. नारायन मिश्र, गिरजेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, मनोज वर्मा, प्रेम कुमार, सुभाष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नागरिक सुरक्षा बल ने किया ब्लैकआउट रिहर्सल का अभ्यास

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** नागरिक सुरक्षा बल के अधीन आगामी 23 जनवरी को होने वाले ब्लैकआउट को लेकर पुलिस लाइन के मैदान में मंगलवार को रिहर्सल अभ्यास आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी आपदा—हवाई हमला, आग, बाढ़ या भूकंप—के समय त्वरित और सुरक्षित ढंग से बचाव एवं सुरक्षा के उपायों के बारे में प्रशिक्षित करना था। अभ्यास का नेतृत्व चीफ वार्डेन मनोज वत्स ने किया, जबकि सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रानन्दन सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता ने कार्यक्रम की देखरेख की। रिहर्सल में नागरिक सुरक्षा बल से जुड़े सभी वालंटियरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर पूर्व डिप्टी कंट्रोलर शमशीर हसन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी भी आपदा के समय किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए और नागरिकों की रक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। अभ्यास में क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह, फायर टीम, मेडिकल टीम, रेस्क्यू टीम और एक आर्मी दल भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आपदा प्रबंधन के मानक संचालन प्रक्रियाओं को अमल में लाने का प्रशिक्षण लिया। नागरिक सुरक्षा बल के अनुसार यह अभ्यास सभी वालंटियरों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था ताकि आगामी ब्लैकआउट के समय हर टीम और हर सदस्य आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

# पुलिस ने छापा मारकर पांच जुआरियों को पकड़ा, 76 हजार 600 रुपये बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद क्षेत्र के कलन्दरपुर गांव के पास गोमती नदी घाट पर पुलिस ने रविवार की शाम को जुआ खेल रहे पांच लोगों को पकड़ लिया।उनके पास से नगदी व बाइक सहित अन्य चीजों को बरामद किया।

मुखबिर से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह, एस आई जयदीप, तेजबहादुर सिंह, दुर्गेश पाण्डेय आदि के साथ मौके पर जाकर घेरेबंदी करके छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस ने पांच जुआरियों को पकड़ लिया।

पुलिस ने फड़ से 30 हजार रुपये, एक गड्डी ताश तथा पकड़े गए जुआरियों संजीव,

प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार शिवप्रसाद तथा विजय कुमार के पास से जामा तलाशी में 46 हजार छह सौ रुपये बरामद हुए। पुलिस ने वहां से एक बाइक तथा चार मोबाइल भी बरामद किया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि सभी का चालान कर दिया गया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण

## जिलाधिकारी ने कहा मतदाता सूची की शुद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में चल रहे गहन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को तहसील मछलीशहर के सभागार में बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने की। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सभी कार्मिकों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा। बताया कि आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है तथा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2026 के साथ-साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले योग्य मतदाताओं के फार्म-6 अनिवार्य रूप से भरवाए जाएं तथा उनके घोषणा पत्र भी अवश्य लिए जाएं। साथ ही प्राप्त सभी फार्मों को शीघ्र अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी करने की पूरी प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य के साथ-साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री एवं राजस्व से जुड़े अन्य कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर ईआरओ मछलीशहर सौरभ कुमार, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर पहुंचे, उन्होंने प्रयागराज में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के साथ मेला प्रशासन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और शंकराचार्य की उपाधि को लेकर उनको दिए।

गए नोटिस पर अजय राय ने कहा कि माघ मेला प्रसाशन द्वारा किया गया व्यवहार बेहद ही निंदनीय है, क्या जिला प्रशासन अब उनको शंकराचार्य की उपाधि देगा या योगी और मोदी लोगों को शंकराचार्य बनाएंगे जो खुद संत नहीं है।

प्रयागराज में जब वह महाकुंभ में आए थे तो उन्होंने जमीन आवंटित किस आधार पर की गई थी,उस समय यह सब सवाल क्यों नहीं उठाया गया। प्रत्येक व्यक्ति उनको अपना शंकराचार्य मानता है।

यह बद्रिका के शंकराचार्य ह, लोग उनका प्रयागराज से वाराणसी तक उनका सम्मान करता है।

2027 का विधानसभा चुनाव प्रदेश की सभी 403 सीटों पर हम अपनी कार्यकर्ता सृजन के तहत तैयारी कर रहे है।

सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं, गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का जैसा निर्णय होगा उसे पर काम किया जाएगा।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लोग बता दें क्या कभी किसी संत महात्मा का हमारी सरकार में अपमान हुआ है,क्या कोई इस तरह के राजनीतिक दंगे हुए हैं,अगर हुए है तो हमको बता दें, कभी कोई मंदिर टूटा हो तो बता दें, हम लोग संत महात्माओं का सम्मान करते हैं उनका आशीर्वाद लेते है।

योगी जी और मोदी जी बता दें यह खुद अपने आप को संत महात्मा से ऊपर समझते हैं इस कारण अब इनका जाने का समय आ गया है और अपना बोरिया बिस्तर बांध ले।

# एसपी जौनपुर ने की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याएं सुनीं

## समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 कौस्तुभ द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को समय से राहत पहुंचाई जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे।

## चार ट्रेनें निरस्त... 20 का रूट बदला

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** गोंडा–बुढ़बल रेलखंड में तीसरी रेल लाइन के काम के लिए मेगा ब्लॉक के दौरान बरेली होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की 30 ट्रेनें प्रभावित होंगी। इनमें चार गाड़ियों को निरस्त किया गया है। 20 गाड़ियों का रूट बदलकर और सात का तीन घंटे तक देरी से संचालन किया जाएगा। तीन गाड़ियों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि ट्रेनों के प्रभावित होने संबंधी सूचना जारी कर दी गई है। 14617 पूर्णिया कोर्ट–अमृतसर एक्सप्रेस, 12557 मुजफ्फरपुर–आनंद विहार, 12566 नई दिल्ली–दरभंगा एक्सप्रेस, 12555 गोरखपुर–बठिंडा एक्सप्रेस, 12595 गोरखपुर–आनंद विहार 19 मार्च को, 13019 बाघ एक्सप्रेस, 22423 गोरखपुर–अमृतसर एक्सप्रेस 16 मार्च को चार घंटे तक देरी से चलाई जाएंगी। 15010 इज्जतनगर–गोरखपुर एक्सप्रेस 17 से 20 मार्च तक गोरखपुर के स्थान पर गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। 15009 गोरखपुर–इज्जतनगर एक्सप्रेस 18 से 21 मार्च तक गोरखपुर के स्थान पर गोमतीनगर से चलाई जाएगी। 02563–64 नई दिल्ली–बरौनी विशेष गाड़ी और 02569–70 दरभंगा–नई दिल्ली विशेष के लिए गाजीपुर सिटी, बलिया व बनारस स्टेशनों दो–दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा।

# करोड़ों की जमीन पर कब्जे का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के सदर तहसील क्षेत्र में करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। मामले को लेकर मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। परमानतपुर परगना हवेली, तहसील सदर अंतर्गत मौजा हुसैनाबाद स्थित भूमि गाटा संख्या 79 मि. व 81 मि. को लेकर विवाद सामने आया है। राजेश कुमार पुत्र बिहारी लाल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त भूमि पर विपक्षी जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप के मुताबिक उषा देवी पत्नी हरेंद्र सिंह एवं धर्मेंद्र सिंह पुत्र हरेंद्र सिंह द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि जमीन की कीमत करोड़ों रुपये में है और कब्जे के प्रयास से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कब्जा रुकवाने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# रोटरी लब गंगाघाट ने विश्व स्तर पर बनाई पहचान

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



विगत वर्ष बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देने के कार्य को अंतर्राष्ट्रीय रोटरी पत्रिका में प्रकाशित किया गया रोटरी के मण्डल 3110 फाउंडेशन समिति के चेयरमैन व पूर्व गवर्नर रो0 दिनेश चन्द्र शुक्ला जी ने रोटरी क्लब गंगाघाट के अध्यक्ष व पदाधिकारियों को सम्मानित किया नगर व आसपास क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के चलते रोटरी क्लब गंगाघाट को पहली बार विश्व स्तर पर पहचान मिली है रोटरी क्लब के अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने मण्डल 3110 के गंगाघाट इकाई की ओर से किए गए बाढ़ पीड़ितों की मदद के सराहनीय कार्य को अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित कर नगर गंगाघाट का मान बढ़ाया है रोटरी क्लब मण्डल 3110 के पूर्व गवर्नर ने डी0एस0एम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नगर इकाई के अध्यक्ष रो0 अवनीश शुक्ला, सचिव रो0 आनन्द पाण्डेय व पदाधिकारियों को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से कटरी क्षेत्र के सैकड़ों घरों के आसपास बाढ़ का पानी भरने पर रोटरी क्लब गंगाघाट ने गायत्री नगर और भातू फार्म मोहल्लों के बाढ़ पीड़ितों तक राहत पहुंचाई थी क्लब के सदस्यों ने नावों का इस्तेमाल करते हुए 136 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री वितरित की थी रोटरी क्लब गंगाघाट के अध्यक्ष रो0 अवनीश शुक्ला ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जो प्रयास किया गया था, उसे रोटरी क्लब के अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ने काफी सराहा व अंतर्राष्ट्रीय रोटरी पत्रिका में भी उसे प्रमुखता से प्रकाशित किया है यह न केवल रोटरी क्लब गंगाघाट बल्कि पूरे नगर के लिए गौरव की बात है इससे रोटरी क्लब गंगाघाट पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने में सफलता पाई है यह अवसर रोटरी क्लब गंगाघाट को उसकी स्थापना के 40 वर्षों बाद पहली बार मिला है उन्होंने बताया कि जनसेवा के कार्यों को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब गंगाघाट इसी तरह जरूरतमंदों की सहायता करता रहेगा इसी कड़ी में जरूरतमंद पात्र विद्यार्थी छात्र (छात्राओं) को साइकिल वितरण किया जायेगा पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने के पश्चात नव वर्ष पर रोटरी क्लब द्वारा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में क्लब की ओर से सरकारी विद्यालयों की लगभग 40 छात्राओं को साइकिल वितरण किये जाने की योजना बनाई गई है ताकि उन्हें विद्यालय आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े इस नेक पहल में रोटरी क्लब गंगाघाट के अध्यक्ष अवनीश शुक्ला के साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे ।उक्त कार्यक्रम में अंकुर शुक्ला, रवि शुक्ला, कमल वर्मा, आशुतोष शुक्ला, विवेक शुक्ला, रितेश मिश्रा, विवेक गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# मातृ शक्ति जागरण हेतु आयोजित हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे भारत देश में मातृ शक्ति जागरण हेतु ''सप्त शक्ति संगम'' एक निर्धारित कार्यक्रम रूपरेखा के साथ आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी द्वारा विद्या भारती योजनानुसार विद्यालय में ''सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मधुश्री साव विद्या भारती अखिल भारतीय मंत्री ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर अंशू वर्मा प्रवक्ता- युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं सुमन श्रीवास्तव प्रधानाचार्य-रवि मेमोरियल स्कूल उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम अध्यक्षा डॉक्टर मधुश्री साव ,निधि द्विवेदी, डॉक्टर अंशू वर्मा, सुमन श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रबन्धक चन्द्रभूषण साहनी, प्रबन्ध समिति सदस्य नूतन गुप्ता, ममता अग्रवाल, सी.ए. अमित गुप्ता, एवं प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।निधि द्विवेदी क्षेत्रीय संयोजिका, सप्तशक्ति संगम ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय की उपप्रधानाचार्य डॉ0 सीमा मिश्रा ने कराया तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय आचार्या अनुराधा दुबे ने किया। कार्यक्रम का कुशल संयोजन प्रीती अग्रवाल एवं पूजा गुप्ता द्वारा किया गया।

डॉक्टर मधुश्री साव ने माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी की सप्तशक्तियों के जागरण की बात कही और कहा कि हमारी वाणी में सकारात्मकता होनी चाहिए।

डॉक्टर अंशू वर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।सुमन श्रीवास्तव ने कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर बोलते हुए कहा कि परिवार समाज की इकाई है जिससे हम राष्ट्र का निर्माण करते हुए है। कुटुम्ब से ही हम सीखते हैं कि 'सब एक के लिए,एक सब के लिए। कुटुम्ब प्रबोधन स्वस्थ भारत की आधार शिला है। उन्होंने कहा कि परिवार की धुरी एक स्त्री होती है जो पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधे रखती है। स्त्री घर की परम्परा को निभाती है। इस अवसर पर माताओं ने महान विदुषी महिलाओं रानी चेन्नमा, रानी लक्ष्मीबाई, माता शबरी, अहिल्याबाई, लता मंगेशकर, किरन बेदी आदि के स्वरूप धारण सभी को प्रेरित किया।

इस अवसर पर हमारे समाज की आठ विशिष्ट माताओं मयूरी नागर, कुमकुम गुप्ता, डॉक्टर शालू गुप्ता, संतोष कुमारी शुक्ला, डॉक्टर नेहा सिंहई, मधुरिमा श्रीवास्तव, रेनू, रूचि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इन माताओं ने विशिष्ट कार्य कर समाज को प्रेरित किया। समाज मे नारी की सहभागिता से सम्बन्धित एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आचार्या शिवि गुप्ता ने कराया जिसमें माताओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीतापुर सम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह भी उपस्थित रहे। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने पधारे हुए सभी अतिथियों एवं वन्दनीय माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कंजा बाबा मंदिर पर हिन्दु सम्मेलन का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिंदू सम्मेलन में समाज को संगठित होने का आह्वान, सांस्कृतिक मूल्यों पर दिया गया जोर ममरी हनुमान मंदिर, कंजा में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता राजकुमार जी विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, सीतापुर विभाग ने समाज से एकजुट, जागरूक और संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करना है। बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक परंपरा है, जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो हजार वर्षों में विश्व में अनेक सामाजिक, राजनीतिक और वैचारिक प्रयोग हुए, किंतु वे मानवता को स्थायी सुख और शांति नहीं दे सके। आज पूरी दुनिया आशा की दृष्टि से भारत की ओर देख रही है कि वह अपनी सनातन संस्कृति के मूल्यों के माध्यम से मानवता को नई दिशा दे सके। संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी समाज तब तक सशक्त नहीं बन सकता, जब तक वह संगठित न हो। इतिहास के उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि संगठित समाज ही परिवर्तन लाने में सक्षम होता है। रामचरितमानस और अन्य ग्रंथों के उद्धरणों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समर्थ और संगठित समाज ही अपने मूल्यों की रक्षा कर सकता है। भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि अपने समय के महान वैज्ञानिक और विचारक थे। खगोल विज्ञान, आयुर्वेद, गणित और भाषा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में भारत का योगदान विश्व को मार्गदर्शन देता रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सदियों तक वैश्विक ज्ञान का केंद्र रहा है। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता को समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया गया। इस अवसर पर पांच प्रमुख संकल्पों का आह्वान किया गया– एक मंदिर, एक श्मशान, एक जलाशय और एक पंगत। भाषा, भूषा, भोजन, भ्रमण और भवन में सांस्कृतिक चेतना का वास। अपने पूरे परिवार के साथ रात्रि भोजन। सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग, जल संरक्षण और वृक्षारोपण; तथा प्रत्येक नागरिक द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन। युवाओं की भूमिका पर विशेष चर्चा करते हुए कहा गया कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। उन्हें केवल भौतिक सफलता तक सीमित न रहकर सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि केवल हर पांच वर्ष में मतदान करना पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज को निरंतर सक्रिय और सजग रहना होगा। कार्यक्रम के अंत में भगवद्गीता के संदेशों का उल्लेख करते हुए समाज से भय, आलस्य और आपसी विभाजन जैसी दुर्बलताओं को त्यागकर एकजुट होने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि भारत आने वाले समय में विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और नैतिकता का मार्ग दिखाएगा। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं समरसता भोज के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत आदित्येश्वरानंद बाबा हनुमान मंदिर, कंजा ने की तथा मातृशक्ति के रूप में उर्मिला शर्मा जी संचालिका, शिशु वाटिका, गोला ने मंच पर प्रतिनिधित्व किया।

## सुल्तान गाजी को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन के जिला अध्यक्ष श्री सुल्तान गाजी को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर एम आर अंसारी के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विष्मनीय अधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सुल्तान गाजी जब से संस्था के जिला अध्यक्ष बने हैं। सबसे हुआ लगातार सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। और लगातार लोगों की मदद कर रहे हैं। संगठन को लगातार मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सईद बेग वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता साजिद मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष पलिया प्रदीप राय के अलावा लोगों ने सुल्तान गाजी को सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# दर्दनाक हादसा : कच्ची दीवार गिरने से युवक की मौत, घायल मां की हालात गंभीर





**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के पकरिया सल्हिहा गांव में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दर्दनाक हादसा हुआ। एक घर की पुरानी कच्ची दीवार अचानक गिर जाने से मां-बेटा मलबे में दब गए। हादसे में 23 वर्षीय युवक सरजीत की मौत हो गई, जबकि उसकी मां मीना देवी 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गांव पकरिया सल्हिहा निवासी सरजीत की शादी आगामी 26 फरवरी को होनी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह मां-बेटे दीवार के पास बैठे थे। उसी दौरान मिट्टी की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार गिरते ही मां-बेटा उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सरजीत को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे और बिजुआ चौकी इंचार्ज रमेश सिंह सेंगर बिजुआ सीएचसी पहुंचे।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल अजय गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी। हादसे से मृतक के परिवार में मातम पसर गया।

## घरेलू कलह मे युवक ने फांसी का फंदा लगा कर जीवन लीला समाप्त की

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** नगर कोतवाली गंगाघाट के कंचन नगर मोहल्ले मे युवक ने घरेलू कलह के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली घटना कल शाम लगभग 7 बजे की है कंचन नगर निवासी शुभांशु कुशवाहा उर्फ़ गोलू पुत्र रमेश कुशवाहा उम्र लगभग 21 वर्ष ने घरेलू कलह के चलते अवसाद मे था शाम को माँ प्रतिभा कुशवाहा मन्दिर गई थी लौटी तो अपने बेटे गोलू को फांसी के फंदे से लटका पाया गोलू ने साडी से फंदा बना कर आत्महत्या कर ली फांसी के फंदे पर लटका देख माँ प्रतिभा के होश उड़ गए तो परिजनों व रिस्तेदारो को एंव कोतवाली गंगाघाट को सूचना दी मौके पर पंहुची गंगाघाट पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चारी भेज दिया मोहल्ले वालों ने बताया दो तीन दिनों से घर मे माँ प्रतिभा से वाद विवाद चल रहा था और विवाद के कारण ही बड़ा बेटा बांगरमऊ मे रहता है घरेलू विवाद के चलते अवसादी ग्रस्त शुभांशु उर्फ़ गोलू ने आत्महत्या कर ली आज मिश्रा कालोनी श्मशान घाट पर जिसका परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# गन्ना प्रजाति पहचान व सर्वे पर हुआ विशेष प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। खम्भारखेडा खीरी**



बजाज हिन्दुस्तान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा द्वारा गन्ना किस्मों की पहचान एवं सत्यापन हेतु स्थलीय भौतिक निरीक्षण कराया गया। यह निरीक्षण डॉ.अरविन्द कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी प्रजनन, उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहाँपुर के नेतृत्व में सम्पादित हुआ।

निरीक्षण के दौरान चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना पुष्पेन्द्र ढाका, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खंभारखेडा सुरेश कुमार चौधरी एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं कृषकगण उपस्थित रहे। इस दौरान मिल क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग 20 गॉवों में स्थित गन्ना प्लाटों का निरीक्षण किया गया, जिनके संबंध में कषकों द्वारा गन्ना किस्म को.लख.9709 बताई जा रही थी। स्थलीय निरीक्षण एवं भौतिक परीक्षण के दौरान उक्त किस्म का कोई भी प्लाट नहीं पाया गया। परीक्षण उपरान्त यह स्पष्ट हुआ कि उक्त गन्ना प्रजाति उत्तर प्रदेश में स्वीकृत गन्ना किस्मों से भिन्न पाई गई है, जिसे अस्वीकृत श्रेणी में रखा गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक द्वारा अपनी रिपोर्ट में भी उल्लेख किया गया है।

इस अवसर पर डॉ.अरविन्द कुमार ने गन्ना कृषकों से अपील की कि उक्त गन्ना किस्म की बुवाई न करें। उन्होंने कषकों को इसके स्थान पर निम्नलिखित अधिक पैदावार देने वाली'' स्वीकृत एवं उन्नतिशील गन्ना किस्मों'' की बुवाई करने की सलाह दी- को.15023, को.शा.13235, को.लख.14201, को.लख.16202 एवं को.शा. 18231 तथा जलप्लावित क्षेत्रों हेतु को.शा.13231 एवं को.98014 की बुआई करें।

इसके अलावा गन्ना आयुक्त के निर्देशो के क्रम में सहकारी गन्ना विकास समिति लखीमपुर, गन्ना विकास परिषद खंभारखेडा व चीनी मिल के गन्ना अधिकारीयों व गन्ना पर्यवेक्षकों को गन्ने की शारीरिक संरचना जैसे पत्ती की बनावट, गांठो का स्वरूप,आंख की स्थिति व तने के विकास के आधार पर किस्मों को वैज्ञानिक तरीके से पहचानने के तरीके जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राम किशोर का सहकारी बैंक का प्रतिनिधि बनना तय

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखा सिरौलीगौसपुर के बैंक प्रतिनिधि चुनाव में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। इस कारण मौलाबाद निवासी ओम प्रकाश वर्मा का निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो गया है। पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय रामकिशोर वर्मा के पुत्र ओम प्रकाश वर्मा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने यह पत्र निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया। ओम प्रकाश वर्मा दोपहर में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। नामंकन प्रक्रिया में शाखा प्रबंधक प्रदीप कांत भी उपस्थित थे। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच 21 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जाएगी। वैध नामांकन पत्रों की सूची उसी दिन शाम 3 बजे से 5 बजे तक प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवार 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। अंतिम नामांकन सूची का प्रदर्शन और चुनाव चिन्हों का आवंटन 22 जनवरी को शाम 3 बजे से 5 बजे तक होगा। यदि मतदान की आवश्यकता हुई, तो यह 27 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणाम की घोषणा मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद की जाएगी।

### वर्किंग रिव्यू की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक वर्किंग रिव्यू की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नियमित टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा करना और इसमें तेजी लाने के लिए आवश्यक निर्देश देना था बैठक में सीडीपीओ अर्चना वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। चर्चा के दौरान उन बच्चों की पहचान कर टीकाकरण करने पर विशेष जोर दिया गया, जिनके माता–पिता टीकाकरण से इनकार करते हैं। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि ऐसे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अवश्य किया जाए। बैठक में एएनएम सहित आशा संगिनी मौजूद रही।

### मासिक शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। शिक्षा क्षेत्र रामनगर के प्राथमिक विद्यालय सिरौली कला में जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ उमानाथ मिश्र की अध्यक्षता में मासिक शिक्षक संकुल बैठक जनवरी माह का आयोजन किया गया। बैठक का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी द्वारा सभी आगंतुकों को बैज लगाकर माल्यार्पण करते हुए नववर्ष के उपलक्ष में डायरी वा पेन भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा नवग्रहों का परिचय संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का ध्यानाकर्षण किया। बैठक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को जाड़े से बचने के लिए ऊनी टोपी का भी वितरण किया गया। मासिक शिक्षक संकुल बैठक में एआरपी मृदुलिमा पाठक, न्याय पंचायत प्रभारी आशुतोष प्रकाश गौतम, ग्राम प्रधान श्रीकांत शुक्ला, आलोक शुक्ला, देश दीपक शुक्ला, श्याम किशोर बाजपेई सहित कई अध्यापक उपस्थित रहे।

### विद्यालय निरीक्षक संघ में अध्यक्ष बने अश्वनी प्रताप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। उत्तर प्रदेश विद्यालय निरीक्षक संघ के जनपद शाखा बाराबंकी की बैठक जनपदीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में ब्लॉक संसाधन केंद्र बंकी मे हुयी। जिसमें जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक मे विभिन्न संवर्गीय मुद्दों पर चर्चा की गयी ।जनपदीय महामंत्री चंद्रशेखर यादव द्वारा जनपदीय कार्यकारिणी के पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुए, सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से नवीन कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न किया गया ।नवीन कार्य कारिणी में अश्वनी प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी हरख को अध्यक्ष, संजय राय खंड शिक्षा अधिकारी बनिकोडर को मंत्री, जैनेंद्र गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी मसौली को उपाध्यक्ष, सुषमा सेंगर खंड शिक्षा अधिकारी निन्दुरा को महिला उपध्यक्ष, मनीराम वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी दरियाबाद को कोषाध्यक्ष, अर्चना यादव खंड शिक्षा अधिकारी पूरेडलाई को संयुक्त मंत्री एवं सुनील कुमार खंड शिक्षा अधिकारी देवा को मीडिया प्रभारी चुना गया। संरक्षक पद पर क्रमश: संजय कुमार खंड शिक्षा अधिकारी सूरत गंज, रमेश चंद्रा खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर, प्रमोद कुमार उपध्याय खंड शिक्षा अधिकारी सिद्धौर को चुना गया।

# अग्रवाल महिला संघ द्वारा हाथ मिलाएं खुशियां फैलाएं का किया आयोजन



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

अग्रवाल महिला संघ की पिकनिक अग्रवाल महिला संघ द्वारा हाथ मिलाएं खुशियां फैलाएं की कड़ी के अंतर्गत वीर बाबा मंदिर के परिसर में एक भव्य एवं आनंदमय पिकनिक का आयोजन किया गया। इस पिकनिक का नेतृत्व संघ की अध्यक्षा श्रीमती राशि अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया, जो पूरी तरह से सफल और यादगार रहा।इस आयोजन में संघ की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दिनभर हंसी-मजाक, मेल-मिलाप और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की खास बात रही मंजरी अग्रवाल एवं नूपुर अग्रवाल द्वारा की गई जोरदार और ऊर्जा से भरपूर एंकरिंग, जिसने पूरे माहौल को जीवंत बनाए रखा।

टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के जोशीले और मनोरंजक गेम्स कराए गए।तंबोला ने सभी सदस्यों में खासा उत्साह भर दिया। साथ ही लंच, चाय और गरम-गरम पकौड़ों की व्यवस्था ने पिकनिक के स्वाद को और भी खास बना दिया।इस सफल आयोजन में टीम के रूप में राशि अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, मीतिका गर्ग,श्वेता अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल मीना अग्रवाल, नूपुर अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, मंजरी अग्रवाल, नीलम गर्ग, श्वेता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, ने मिलकर बेहतरीन समन्वय के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया। पूरी टीम ने बहुत अच्छे से गेम्स संचालित किए, जिससे सभी मेंबर्स खुश नजर आए और आपस में हिल-मिलकर एन्जॉय किया।पूरा माहौल बसंती रंग उत्सव की तरह उल्लास और उमंग से भरा हुआ प्रतीत हो रहा था। यह पिकनिक न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि आपसी सौहार्द, एकता और खुशियों को साझा करने का सुंदर उदाहरण भी रही।

## भूमि विकास बैंक के तीसरी बार अध्यक्ष बने योगेंद्र सिंह



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रामनगर ब्लॉक सभागार में मंगलवार को भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु योगेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह उर्फ गज्जू सिंह निवासी गरी ने रामनगर भूमि विकास अध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन चुनाव अधिकारी तहसीलदार विपुल सिंह के समक्ष दाखिल किया। किसी अन्य के इस पद पर नामांकन दाखिल न करने के कारण योगेंद्र सिंह तीसरी बार भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बताते चले कि पिंटू सिंह के पिता स्वर्गीय गजेंद्र सिंह उर्फ गज्जू सिंह भी तीन बार भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस प्रकार यह इनकी परंपरागत सीट मानी जाती रही है। इसी क्रम में आज तीसरी बार योगेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर रामनगर विधानसभा संयोजक शेखर हयारण, राघवेंद्र सिंह रज्जू, प्रभात सिंह, मंटू सिंह सभाजीत सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि कुलदीप सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था चैथे स्थान पर- बृजलाल

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

राज्य सभा सांसद एवं पूर्व आईपीएस बृजलाल ने विकसित भारत जी रामजी जन जागरण अभियान के तहत लोगों से सवांद कर 125 दिन रोजगार की गारण्टी की जानकारी दी। सांसद बृजलाल ने स्वंय की लिखी पुस्तक इटवा फाइल्स, पुलिस की बारात,मेरा जीवन संघर्ष, लखनऊ के रंगबाज, इंडिया मुजाहिदीन निशाने पर गुजरात पुस्तकों को क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत,थाना प्रभारी मसौली अजय प्रकाश त्रिपाठी को भेंट की।विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत मुबारकपुर व मजरे नयागांव में विकसित भारत जी रामजी जन जागरण अभियान के दौरान भाजपा के सांसद एवं पूर्व आईपीएस बृजलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बनने के बाद आज भारत अर्थ व्यवस्था में चैथे स्थान है।आगामी दो साल बाद तीसरे स्थान पर हो जायेगा। भारत ने जो तरक्की की है किसी से छुपी नही है।पूर्व की सरकारें आतंकवादी घटनाओं की निंदा करने तक ही सीमित थे। लेकिन आज आज देश मुंहतोड जवाब देने में सक्षम है। सांसद बृजलाल ने कहा कि भारत देश के डिजिटल इण्डिया बनने में सफल हुआ है।किसान निधि, वृद्ध, विधवा और विकलांग पेंशन,आवास आदि सरकारी योजनाओं की धनराशि सीधे खाते में पहुंच रही है।इसी के तहत केन्द्र सरकार ने मनरेगा को बदलकर विकसित भारत जी रामजी को किया गया है।

जिसमें एक सप्ताह के बाद आठवें दिन मजदूरी का भुगतान खातों में आ जायेगा। यदि किसी कारण से धनराशि नही आती है तो उसका ब्याज सहित धनराशि दी जायेगी। इसके अलावा 100 दिनों के बजाए अब 125 दिन रोजगार देने की गारंटी रहेगी। उक्त योजना में कुछ बदलाव भी किया जिसमें जल भराव,पेय जल और समूह की महिला को रोजगार के बिल्डिंग का निर्माण भी कराया जा सकता है।यह योजनाएं गांव के विकास में भी अहम भूमिका निभायेंगी।उन्होंने कहा कि गांव के 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध लोगों को आयुष्मान का लाभ दिया जा रहा है।

## डीएम ने किया जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा रफी अहमद किदवई स्मारक जिला चिकित्सालय पुरूष में नव निर्मित पंजीकरण भवन एवं प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही साथ ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम व्यवस्था का शुभारम्भ किया गया जिसके अन्तर्गत मरीज स्वयं से घर कहीं से भी पर्चा बनाकर चिकित्सालय आकर सीधे चिकित्सक के कक्ष में जाकर चिकित्सीय परामर्श लेकर औषधि प्राप्त कर सकता है, इससे मरीज को पंजीकरण हेतु अनावश्यक लाइन में खड़े होने, भीड़ एवं समय हानि से बचा जा सकता है। तथा जन औषधि केन्द्र से कम कीमत पर जो औषधियां चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं हैं उनको प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर डा. जय प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय (पुरुष), बाराबंकी, डा. अवधेश कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी बाराबंकी, डा. प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय बाराबंकी, डा. विनोद पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरकारी जमीन से हटवाया गया अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** तहसील फतेहपुर के कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र में दबंग द्वारा नवीन परती की जमीन पर की जा रही खेती ग्राम प्रधान की शिकायत पर मंगलवार को उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर से गेहूं की फसल जोतकर नवीन परती भूमि अवैध कब्जे से मक्त कराई। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के सतना पुर मजरे खिझना गांव निवासी दबंग विनोद यादव द्वारा गाटा संख्या 2565 नवीन परती की करीब तीन बीघा जमीन पर विनोद यादव द्वारा खेती की जा रही थी ग्राम प्रधान गोविंद द्वारा नवीन परती को अवैध कब्जे से मुक्त करने को लेकर उप जिलाधिकारी से शिकायत की थी उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर मंगलवार को राजस्व निरीक्षक कैलाश बहादुर लेखपाल मयंक वर्मा रंजीत वर्मा मो सद्दाम लेखपाल पंकज वर्मा ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर से गेहूं की फसल जोत कर नवीन परती की जमीन तीन बीघा अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई।

# आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## मेनका गांधी की टिप्पणियों पर जताई नाराज़गी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आवारा कुत्तों के मुद्दे पर हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की कुछ सार्वजनिक टिप्पणियों पर कड़ी नाराज़गी जताई। अदालत ने कहा कि बिना सोचे-समझे दिए गए बयान न्यायपालिका के प्रति अवमानना के दायरे में आ सकते हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि संस्थागत परिसरों में आवारा कुत्तों की मौजूदगी और नगर निगम अधिकारियों की जिम्मेदारी जैसे पहलुओं पर गंभीरता से विचार जरूरी है।

### मामले की सुनवाई में क्या दलीलें रखी गईं?

सुनवाई के दौरान वकीलों ने बताया कि नगर निगमों की विफलता के कारण कचरा नहीं उठता, जिससे कुत्ते इकट्ठा होते हैं। शहरीकरण के साथ कचरा बढ़ा है, लेकिन उसके प्रबंधन में कमी है। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या केवल भावनात्मक बहस नहीं, बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारी का भी सवाल है। नसबंदी और कचरा प्रबंधन जैसी मूल जिम्मेदारियां अधिकारियों की हैं।

### मेनका गांधी के वकील से कोर्ट ने क्या सवाल पूछे?

मेनका गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन से न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने तीखे सवाल किए। अदालत ने पूछा कि मंत्री और पशु अधिकार कार्यकर्ता रहने के दौरान बजटीय आवंटन और ठोस पहल का जिक्र आवेदन में क्यों नहीं है। पीठ ने यह भी जानना चाहा कि सार्वजनिक मंचों पर की गई टिप्पणियों के प्रभाव का आकलन क्यों नहीं किया गया।

### कुत्तों को खाना खिलाने पर क्या तर्क दिए गए?

एक वकील ने दलील दी कि कुत्तों को खाना खिलाने से वे भटकते नहीं, आपस में नहीं लड़ते और बीमारियां नहीं फैलतीं। प्रति कुत्ता सालाना खर्च का भी उल्लेख किया गया। तंजानिया का उदाहरण देते हुए कहा गया कि सहानुभूति को दंडित नहीं किया जा सकता। अदालत ने इन दलीलों को सुना, लेकिन प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर बनाए रखा।

### कोर्ट ने किन बातों पर कड़ी टिप्पणी की?

- पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की आलोचना करने वाली टिप्पणियां अवमानना की श्रेणी में आ सकती हैं।
- अदालत ने पूछा कि क्या वकील ने अपने मुवक्किल के बयान, पॉडकास्ट और सार्वजनिक भाषा पर ध्यान दिया।
- न्यायमूर्ति ने कहा कि बिना सोचे-समझे सबके खिलाफ टिप्पणी करना स्वीकार्य नहीं।
- कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उदारता के चलते फिलहाल अवमानना की कार्यवाही शुरू नहीं की जा रही।

### अजमल कसाब का जिक्र क्यों आया?

सुनवाई के दौरान बहस में अजमल कसाब का संदर्भ आया। इस पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने टिप्पणी की कि कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन यहां सार्वजनिक बयानों से ऐसा आभास बनता है। कोर्ट ने संकेत दिया कि जिम्मेदार पदों पर रहे लोगों से अधिक संयम की अपेक्षा होती है।

# बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड भारत से सहयोग को तैयार: रादोस्लाव

- भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है। भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं।

### बढ़ते टैरिफ और नए विकल्प

गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है। ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं।

### भारत-ईयू एफटीए को लेकर आशावाद

- सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया।
- उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।
- उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।
- यूरोपीय संघ एक स्थिर और पूर्वानुमानित सिंगल मार्केट है, जो व्यापार और निवेश के लिए इसे आकर्षक बनाता है।
- पोलिश उप-प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारत-ईयू एफटीए वार्ता सफल निष्कर्ष तक पहुंचेगी, जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा।

### 27 जनवरी को हो सकता है बड़ा एलान

सूत्रों के अनुसार, भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप 27 जनवरी को होने वाले 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान दिया जा सकता है। इस अवसर पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत दौरे पर रहेंगी। इससे पहले सिकोरस्की ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। बैठक में पड़ोसी क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों और वैश्विक हालात पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की। जयशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता होनी चाहिए और किसी भी तरह के आतंकी ढांचे को समर्थन नहीं मिलना चाहिए। इस पर सहमति जताते हुए सिकोरस्की ने कहा कि पोलैंड भी हाल ही में आतंकवादी गतिविधियों का शिकार हुआ है, जब एक चलती ट्रेन के नीचे रेलवे लाइन उड़ाने की कोशिश की गई।

## 'राज्य पुलिस कर सकती है केंद्रीय कर्मचारियों की जांच'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** भ्रष्टाटार में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि राज्य पुलिस केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वत और भ्रष्टाचार के मामलों में जांच कर सकती है और चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इसके लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कोई अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों की जांच न सिर्फ सीबीआई, बल्कि राज्य पुलिस या किसी अन्य पुलिस एजेंसी भी कर सकती है। कोर्ट ने यह भी बताया कि ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि काम दोहराने से बचा जा सके। आम तौर पर सीबीआई केंद्रीय कर्मचारियों के मामलों की जांच करती है और राज्य की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) राज्य कर्मचारियों के मामलों की। मामले में सुनवाई करते के बाद आया सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आया है। बता दें कि इससे पहले इस मामले में हाईकोर्ट ने भी माना था कि राजस्थान एसीबी केंद्रीय कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर सकती है।

# अगर कांग्रेस आलाकमान ने बुलाया तो दिल्ली जरूर जाऊंगा : सिद्धारमैया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**



कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर खींचतान जारी है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि अगर कांग्रेस आलाकमान उन्हें बुलाता है, तो वह नेतृत्व के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए दिल्ली जाएंगे। 20 नवंबर को कांग्रेस सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में से अपना ढाई साल पूरा कर लिया। इसके बाद से ही मुख्यमंत्री बदलने की अटकलें तेज हो गई हैं। यह चर्चा 2023 में सरकार गठन के दौरान सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित 'पावर-शेयरिंग' के समझौते की वजह से शुरू हुई। बजट और विधानसभा सत्र की तैयारी एक अन्य सवाल के जवाब में सिद्धारमैया ने बताया कि 22 से 31 जनवरी तक चलने वाले राज्य विधानसभा के संयुक्त सत्र के बाद बजट की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी से विधानसभा का संयुक्त सत्र शुरू होगा। इसमें मनरेगा को लेकर एक विशेष सत्र और राज्यपाल का भाषण भी होगा। इसके बाद बजट की प्रक्रिया शुरू होगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, साल 2026-27 का बजट मार्च में पेश होने की उम्मीद है। यह सिद्धारमैया का रिकॉर्ड 17वां बजट होगा। पिछले साल मार्च में उन्होंने अपना 16वां बजट पेश किया था।

### 140 विधायकों का समर्थन : शिवकुमार

वहीं, सोमवार को दिल्ली से लौटे डी.के. शिवकुमार ने कहा कि सिद्धारमैया और उनके बीच नेतृत्व के मुद्दे पर हाईकमान की मौजूदगी में बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि फैसला ले लिया गया है, बाकि समय ही हर सवाल का जवाब देगा। शिवकुमार ने यह भी दावा किया कि उन्हें सिद्धारमैया समेत सभी 140 विधायकों का समर्थन मिला हुआ है।

# मेयर चुनाव पर सियासी संग्राम, संजय राउत ने भाजपा पर लगाए पार्षदों के फोन टेप के आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**


मुंबई मेयर पद को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने और शिवसेना के नए चुने गए सदस्यों के फोन टैप कर रही है। इन सदस्यों को एक महंगे होटल में रखा गया है।

### राउत ने लगाए आरोप

राउत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, भाजपा के पार्षदों पर उसी पार्टी के कार्यकर्ता नजर रख रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि होटल में बंद शिवसेना पार्षदों की जासूसी हो रही है। राउत ने आरोप लगाया कि मुंबई के मेयर का फैसला दिल्ली से हो रहा है, जो महाराष्ट्र का अपमान है। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना पर भी निशाना साधा। मेयर चुनाव को लेकर सस्पेंस के बीच, राउत ने मंगलवार को मनसे प्रमुख राज ठाकरे से भी मुलाकात की। हाल ही में हुए बीएमसी चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने बहुमत हासिल किया है। इसमें भाजपा को 89 और शिवसेना को 29 सीटें मिली हैं। इसके साथ ही बीएमसी पर ठाकरे परिवार का लंबा कब्जा खत्म हो गया है।

### होटल में है 29 निर्वाचित सदस्य

शिवसेना (शिंदे गुट) ने अपने सभी 29 नए सदस्यों को मुंबई के एक होटल में भेज दिया है। बताया गया है कि यह काम सीखने के लिए एक वर्कशॉप है। शिंदे का कहना है कि अगला मेयर महायुति (भाजपा-शिवसेना गठबंधन) का ही होगा। उन्होंने बाल ठाकरे के सम्मान में शिवसेना का मेयर होने का संकेत भी दिया था।



### भाजपा ने आरोपों को किया खारिज

वहीं राउत के इन सभी आरोपों को भाजपा के मीडिया प्रभारी नवनाथ बान ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को अपने पार्षदों पर भरोसा है। इसलिए फोन टैपिंग की जरूरत नहीं है। उन्होंने उल्टा सवाल किया कि जब महा विकास अघाड़ी सरकार थी, तब एकनाथ शिंदे और उदय सामंत के फोन कौन टैप कर रहा था? उन्होंने कहा हम ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं हैं।

## महाराष्ट्र में जीत पर ओवैसी बोले, यह किस्मत नहीं मेहनत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों में पार्टी की जीत को किस्मत बताने वालों को कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह कहना वोटरों का अपमान है, जो लोग ऐसी बातें कह रहे हैं, वे सिर्फ अपने घमंड की वजह से ऐसा कर रहे हैं। वे कभी नहीं सुधरेंगे। महाराष्ट्र निकाय चुनावों में मनसे और एनसीपी-एससी से ज्यादा सीटें मिलने पर ओवैसी ने कहा कि हम वहां कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम मीडिया और जनता को एक ही संदेश देते हैं, और उसका जनता पर असर होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस प्रदर्शन के बाद वे महाराष्ट्र में मुसलमानों के सबसे बड़े नेता बन गए हैं, तो उन्होंने साफ मना कर दिया। ओवैसी ने कहा, 'मैं न तो मुसलमानों का नेता हूं और न ही बनना चाहता हूं। हमारी कोशिश सैकड़ों नए नेता बनाने की है जो भविष्य में नेतृत्व करेंगे। बीजेपी के साथ 'मैच-फिक्सिंग' के आरोपों पर ओवैसी ने कहा मैं चुनाव लड़ता रहूंगा।

# खाना बनाने को लेकर हुई पति पत्नी में लड़ाई, पत्नी के पति की जुबान ही उड़ाई

- एसएचओ मोदीनगर आनंद प्रकाश का कहना कि पूरे मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई करेगी

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के मोदीनगर में विवाहिता ने अपने पति की चाकू से जीभ काटकर अलग कर दी। जिसके बाद युवक को मोदीनगर के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मेरठ के सुभारती में अस्पताल में रेफर किया है। जहां युवक बोलने की स्थिति में नहीं है। मंगलवार सुबह घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। युवक की मां ने बताया कि मेरे बेटे और पुत्रवधू में रात में 11 बजे के बाद झगड़ा हो रहा था। गाजियाबाद के मोदीनगर के



संजयपुरी निवासी विपिन (26 साल) की शादी मार्च 2025 में मेरठ के मलियाना निवासी ईशा के साथ हुई थी। परिवार में युवक और इसकी पत्नी के अलावा मां गीता रहती हैं। युवक मोदीनगर में एक फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करता है। मां गीता ने बताया कि सोमवार रात बेटे विपिन की पत्नी ईशा ने खाना बनाया। मैं खाना खाकर अपने कमरे में चली गई, जबकि बेटा और उसकी बहू ऊपर के कमरे में थे। इस बीच दोनों में खाना बनाने को लेकर झगड़ा होने लगा। रात के 11 बजे के बाद यह विवाद हुआ। जिसके बाद ईशा विपिन से लड़ने लगी। मैंने सोचा कि बेटा और बहू हैं, आपस में निपट जाएगा। रात के करीब 1 बजे पत्नी ने रसोई से चाकू लाकर पति विपिन की जीभ काट दी। जिसके बाद जीभ को बेट पर फेंक दिया। जिसके बाद विपिन रोते हुए मां के पास पहुंचा, मां ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों को जगाया। पहले युवक को मोदीनगर के जीवन अस्पताल में भर्ती कराया, उसके बाद डॉक्टरों ने मेरठ के सुभारती में रेफर कर दिया। युवक बोल नहीं पा रहा है, डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन के बाद ही कुछ आगे की स्थिति बताई जा सकती है। युवक की कटी हुई जीभ भी परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। मंगलवार सुबह जब आसपास के लोगों को घटना का पता चला तो भीड़ लग गई। सूचना पर आसपास के लोग जुट गए। घटना के बाद विपिन की पत्नी ईशा ने कमरे में बंद कर लिया था। आज भीड़ ने बाहर निकालकर उसे खूब मारा पीटा। इसकी वीडियो भी सामने आई है। ईशा के मायके पक्ष के एक व्यक्ति को भी खूब पीटा गया है। एसएचओ मोदीनगर आनंद प्रकाश का कहना कि पूरे मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई करेगी।

# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के हरे पेड़ों पर आरी चलवाने पर वन विभाग की कार्यवाही

- आरडब्लूए की कार्यकारिणी सदस्य पर हुआ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में हरे पेड़ों पर आरी चलवाने के मामले में वन विभाग ने कड़ी कार्यवाही की है। वन विभाग ने इसे कानून के विरुद्ध मानते हुए आरडब्लूए कार्यकारिणी के एक सदस्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । बता दें कि बीती वर्ष 23 दिसम्बर 2025 को गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी निवासी गौरव



बंसल ने सोसायटी में दर्जनों हरे पेड़ों की ट्रिमिंग के नाम पर सारी टहनियों को कटवाने की शिकायत की थी स्थानीय निवासियों ने इस ओर ऐतराज भी उठाया तो पेड़ काटने वाले ने आरडब्लूए के कहने पर पेड़ काटने की बात स्थानीय निवासियों को बताई थी। शिकायतकर्ता गौरव बंसल बताया कि हरे भरे पौधों की कटान की शिकायता उनके द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल, वन विभाग, जिलाधिकारी और सोशल मीडिया करवाई थी। इसके बाद वन दरोगा अंकुश चौधरी व वन रक्षक निशांत वर्मा ने सोसायटी का निरीक्षण भी किया था। मंगलवार को गौरव बंसल ने वन विभाग में जाकर शिकायत के सम्बंध में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। जहां वन दरोगा श्याम बिहारी से उनकी मुलाकात हुई उन्होंने बताया कि आरडब्लूए कार्यकारिणी के सदस्य मनवीर चौधरी के खिलाफ वन विभाग ने दिनांक 17 जनवरी 2026 को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही से सोसायटी के निवासी अत्यंत प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि गाजियाबाद में प्रदूषण बहुत अधिक है उस पर भी पेड़ों का इस प्रकार कटान होना अत्यंत दुखद है। अब इस कार्यवाही के बाद कोई पेड़ कटवाने की हिम्मत नहीं कर पायेगा।

# वडोदरा में आप का बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन, केजरीवाल का बड़ा दावा, 2027 में गुजरात में होगा सत्ता परिवर्तन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात की सियासत में बदलाव के संकेत देते हुए वडोदरा में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) का बड़ा बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गुजरात में बदलाव की हवा बह चुकी है और यह बदलाव अब रुकने वाला नहीं है। कार्यकर्ताओं के जोश और जज्बे को देखकर उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। सम्मेलन के बाद अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'वडोदरा में आप के बूथ कार्यकर्ताओं का जोश और जज्बा साफ बता रहा है कि गुजरात में बदलाव होकर रहेगा। अब गुजरात डर से नहीं, हक और सम्मान की राजनीति से चलेगा।' उनका यह बयान न सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक रहा, बल्कि इसे आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति की शुरुआत के तौर पर भी देखा जा रहा है।



### 30 साल के भाजपा शासन पर हमला

केजरीवाल ने कहा कि गुजरात पिछले 30 वर्षों से भाजपा के शासन में है, लेकिन इस लंबे शासनकाल में राज्य को केवल नाकामी, भ्रष्टाचार और दमन की राजनीति मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने गुजरात की पहचान और गौरव को नुकसान पहुंचाया है। केजरीवाल ने कहा, 'तीस साल में इन्होंने सबकुछ बर्बाद कर दिया। किसान परेशान हैं, युवा बेरोजगार हैं और गरीब लगातार पिस रहा है। समाज के हर वर्ग का अपमान किया गया है।' उन्होंने कहा कि कभी गुजरात देश के सबसे समृद्ध राज्यों में गिना जाता था, लेकिन आज स्थिति इसके उलट हो चुकी है। राज्य की आर्थिक प्रगति, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

### 'यह लड़ाई सत्ता की नहीं, गुजरात के सम्मान की है'

अरविंद केजरीवाल ने साफ शब्दों में कहा कि आम आदमी पार्टी की लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने की नहीं है, बल्कि यह गुजरात के आत्मसम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा, 'यह किसी एक पार्टी को हटाकर दूसरी पार्टी को सत्ता में लाने की लड़ाई नहीं है। यह गुजरात के सम्मान की लड़ाई है, गुजरातियों के आत्मसम्मान की लड़ाई है।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को यह समझाएं कि बदलाव क्यों जरूरी है और आम आदमी पार्टी किस तरह से ईमानदार और जनहित की राजनीति कर रही है।

### हरनी झील हादसे के पीड़ितों से मुलाकात

सम्मेलन से पहले अरविंद केजरीवाल ने 18 जनवरी 2024 को वडोदरा की हरनी झील में हुए नौका हादसे के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। इस हादसे में 12 स्कूली बच्चों और दो शिक्षकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। केजरीवाल ने इस घटना को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'उन्हें आपकी परवाह नहीं है। उन्हें सिर्फ ठेकेदारों की परवाह है। 12 मासूम बच्चों की जान चली गई, लेकिन न तो किसी को मुआवजा मिला और न ही किसी को सजा दी गई।'

### पीड़ित के साथ कथित उत्पीड़न का आरोप

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इस हादसे से जुड़े दो परिवारों की महिलाएं न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री की बैठक में पहुंची थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से बाहर निकाल दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इसके दो दिन बाद उन परिवारों के घर गिरा दिए गए, जो कि सरकार की असंवेदनशीलता और दमनकारी रवैये को दर्शाता है। केजरीवाल ने कहा कि यदि सरकार में थोड़ी भी संवेदनशीलता होती, तो पीड़ित परिवारों को न्याय और सम्मान मिलता, न कि डराया-धमकाया जाता। अपने भाषण में अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के आदिवासी इलाकों की स्थिति को लेकर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गुजरात का आदिवासी क्षेत्र आज भी राज्य का सबसे पिछड़ा इलाका है।



### कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पार्टी नेताओं का कहना है कि सम्मेलन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना और 2027 चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करना है। केजरीवाल ने कहा कि किसी भी चुनाव में बूथ कार्यकर्ता सबसे मजबूत कड़ी होते हैं और गुजरात में आप का संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है।

### 2027 चुनाव पर नजर

*सम्मेलन के दौरान आम आदमी पार्टी ने साफ संकेत दिए कि उसका पूरा फोकस 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव पर है। पार्टी का दावा है कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचार मुक्त शासन जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारों के कामकाज को गुजरात में मॉडल के रूप में पेश किया जाएगा।*